RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

Black Bichhoo

9644811407, 81020205990 · Denik Kesariya Hindustan
Hindustannews404@gmail.com · Denik_kesariyahindustan
www.kesariyahindustan.com · @KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 184 | ग्वालियर शनिवार 15 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## जनपद सदस्य प्रत्याशी गजेंद्री वर्मा ने मुंडा मे घर-घर जाकर मांगा वोट

### गजेंद्री वर्मा के पक्ष में दिख रहा माहौल

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ
दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**बलौदाबाजार।** जिले के बलौदाबाजार विकासखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण यानी 23 फरवरी को होने वाले मतदान अब महज सप्ताह भर शेष हैं। ऐसे में पंच सरपंच जनपद और जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशियों ने चुनाव को जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए प्रचार प्रसार काफी जोर पकड़ चुका है। जिला जनपद सरपंच और पंच के प्रत्याशी पंपलेट पोस्टर फ्लेक्स के साथ लाउडस्पीकर रैली और नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से अपने आप को योग्य निर्भीक सुख दुख का साथी दमदार बताते हुए मतदाताओं को जोर शोर से रिझाने का प्रयास कर रहे हैं इनमें महिलाएं भी कहीं पीछे नहीं है।

जनपद सदस्य प्रत्याशी गजेंद्री वर्मा ने घर-घर जाकर मांगा आशीर्वाद : बलौदाबाजार जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 की पढ़ी-लिखी योग्य निर्भीक मिलनसार महिला प्रत्याशी गजेंद्री वर्मा अपनी चुनाव चिन्ह ब्लैक बोर्ड छाप को लेकर मतदाताओं के घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात कर रही है। हर दिन सुबह से लेकर शाम तक क्षेत्र में अपने चुनाव प्रचार में जनसंपर्क करके आम जनता से आशीर्वाद ले रही हैं। बड़े बुजुर्गों और महिलाओं से प्यार और आशीर्वाद लेकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही हैं। गजेंद्री वर्मा ने 13 फरवरी को ग्राम पंचायत मुंडा में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने आम जनों से कहा कि विकास के कार्य में कोई कमी नहीं होगी गांव की तस्वीर बदल दूंगी। उन्होंने बड़े छोटे सभी मतदाताओं से आशीर्वाद लिया। गजेंद्री वर्मा ने कहा कि अगर उनकी जीत होगी तो मैं हर परिस्थिति में आपके बीच उपस्थित रहूंगी छोटे बड़े काम में मैं जनता के साथ आगे खड़ा रहूंगी चाहे शिक्षा हो स्वस्थ हो या अन्य मूलभूत सुविधा पूरा करने का प्रयास करूंगी और आपके विश्वास में खरा उतरूंगी कहकर अपने जीत के लिए वोट का सहयोग और समर्थन मांगा। ऐसे में जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 10 सीट पर इस पर मुकाबला बेहद दिलचस्प होने वाला है।

## मध्य प्रदेश भारत का पहला ऐसा राज्य जहां बच्चों के अपहरण के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं कहा गांधीवादी संगम के विष्णु कांत शर्मा ने




ग्वालियर मध्य प्रदेश बच्चों के अपहरण के मामले में बिहार को भी पीछे छोड़ रहा है आज मध्य प्रदेश से बच्चों के अपहरण महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही है यदि पिछले 5 साल का रिकार्ड देखा जाए तो मध्य प्रदेश से अब तक 71448 बच्चे या तो चोरी हुए हैं यह उनका अपहरण किया गया है उक्त जानकारी बच्चे बचाओ आंदोलन के गांधीवादी संगम के विष्णु कांत शर्मा ने आज पत्रकार वार्ता में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 5 वर्षों में मध्य प्रदेश में बच्चों के अपहरण की घटनाएं मैं लगातार वृद्धि हो रही है जिस प्रकार आज ग्वालियर में एक 7 साल के मासूम को मुरार के सीपी कॉलोनी से अपहरण किया गया उससे ऐसा महसूस होता है की ग्वालियर में बदमाशों के हौसले बुलंद है पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं और पुलिस प्रशासन हाथ पैर हाथ रखे बैठा हुआ है यह जो आंकड़े जारी किए गए हैं वह रिकॉर्ड में दर्ज हैं इस प्रकार के अनेक मामले ऐसे भी हैं जिनमें कई बच्चों के रिकॉर्ड नहीं बनाए गए हैं उन्होंने कहा कि आज मध्य प्रदेश में ग्वालियर सहित बच्चों बेटियों और महिलाओं पर अन्याय चरम सीमा पर पहुंच चुका है इसी प्रकार पिछले 5 वर्षों में ग्वालियर के 1707 बच्चे चोरी हुए और 3560 महिलाएं गायब हुई हैं इसी प्रकार शहर में बच्चे जगह-जगह चौराहे पर भीख मांग रहे हैं ग्वालियर प्रशासन उन्होंने बोर्डिंग स्कूलों में भर्ती कराकर समुचित शिक्षा की व्यवस्था करें तभी तो शिक्षा के अधिकार का कानून का पालन होगा

## अजमेरा फूलमाली सामाजिक उत्थान समिति के जिला अध्यक्ष नियुक्त

ओमप्रकाश परमार,



देवास। फूलमाली सोशल उत्थान समिति मध्यप्रदेश के संस्थापक, संरक्षक एवं वरिष्ठ सलाहकार की सहमति पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ संतोष माली द्वारा फूलमाली समाज देवास के युवा समाजसेवी व खातेगाँव ब्लॉक अध्यक्ष माली पवन अजमेरा को फूलमाली सामाजिक उत्थान समिति देवास का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया, इसको लेकर हरणगांव मंडल अध्यक्ष माली ईश्वर सैनी, कन्नौद मंडल अध्यक्ष माली अनोखी पटेल, राजेश चौहान, बाबूलाल माली, बलराम बागवान, ताराचंद अजमेरा, लक्ष्मण बागवान, दीपक बागवान, दिनेश अजमेरा सहित सामाजिक कार्यकर्त्ताओ ने बधाई दी।

## कलेक्टर दीपक सोनी एसपी विजय अग्रवाल ने गिरौदपुरी मेले की तैयारी का लिया जायजा

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**बलौदाबाजार।** संत शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में आगामी 4 से 6 मार्च तक विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा।कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने गिरौदपुरी का दौरा कर मेले के लिए प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। उन्होने मंदिर परिसर में ही मेला समिति से जुड़े सदस्यों से व्यवस्था संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया और विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्य सौंपते हुए समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि प्रति वर्ष यहां विशाल मेले का आयोजन होता है। इस बार भी मेला के सफल आयोजन के लिए बेहतर तैयारी करें।उन्होंने मंदिर परिसर जैतखाम विश्रामगृह पार्किंग एरिया सुरक्षा लाइटिंग पेयजल दर्शनार्थियों के ठहरने की व्यवस्था आदि की बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कम्यूनिटी टॉयलेट और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीव्ही लगाने को भी कहा है। !उन्होंने गिरौदपुरी से लगभग 7 किलोमीटर दूर छाता पहाड़ और इससे आगे पंचकुण्डी स्थल में भी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने मेला के दौरान चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करने तथा शरारती तत्वो पर कड़ी नजर रखने मेला परिसर में लगभग 36 सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सडक किनारे के पेड़ों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने तथा सड़क किनारे के दुकानो के द्वारा सडक पर सामान रखने पर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये

गुरु गद्दी का दर्शन कर लिया आशीर्वाद - कलेक्टर श्री सोनी ने इस अवसर पर मंदिर में गुरु गद्दी का दर्शन किया और पूजा अर्चना कर जिले वासियों की सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर मेले समिति से जुड़े सदस्य गिरौदपुरी एसडीएम रामरतन दुबे एसडीओपी कौशल किशोर वासनिक उप पुलिस अधीक्षक यातायत अमृत कुजूर सहित मेला तैयारी से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## आराध्य भगवान देवनारायण का भव्य चल समारोह का होगा आयोजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

9009601101




**ग्वालियर।** । गुर्जर समाज के आराध्य देव भगवान देवनारायण के चल समारोह का आयोजन 15 फरवरी को किया जा रहा है। चल समारोह प्रात: 10 बजे फूलबाग से शुरू होगा जिसका जगह-जगह पर समाज के विभिन्न बंधुओ द्वारा स्वागत सत्कार किया जाएगा। समारोह में देवनारायण मंदिर सिरसा के मंहत शीतल दास महाराज उपस्थित रहेंगे। चल समारोह पडाव, स्टेशन, गोला का मंदिर, पिंटू पार्क, 7 नंबर चौराहा बारादरी होते हुए हुरावली मंदिर पर सभा के रूप में समाप्त होगा।

आपको बता दें कि देवनारायण भक्त मंडल द्वारा प्रतिवर्ष भगवान देवनारायण चल समारोह का आयोजन किया जाता है इस वर्ष यह छठवाँ आयोजन है। इस संबंध में हाईवे पर वैष्णो रेस्टोरेंट पर प्रेस वार्ता के माध्यम से संस्था के सदस्यों ने चल समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि चल समारोह में हजारों की संख्या में गुर्जर समाज के युवा बुजुर्ग एवं बच्चे शामिल रहेंगे। समारोह के संबंध में जिला प्रशासन से सभी आवश्यक अनुमतिया ले ली गई है। समारोह के आयोजन कर्ता सुजान सिंह गुर्जर ने समस्त समाज बंधुओ से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में चल समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। प्रेस वार्ता में देवनारायण भक्त मंडल के रितुराज सिंह, लोकेंद्र फगुना, सुजान सिंह गुर्जर, जितेंद्र गुर्जर, हरेंद्र गुर्जर, हरेंद्र सर, कल्ला गुर्जर आदि सदस्य मौजूद थे।



# चारों परीक्षा केन्द्रों के लिये कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त



**मुरैना।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 16 फरवरी को मुरैना जिले के 04 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। ये परीक्षा प्रातः 10 से 12 बजे और दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक संपन्न कराई जायेगी। परीक्षा के लिये कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये है। जिनमें शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज बड़ोखर के लिये तहसीलदार श्री सीताराम वर्मा, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल नंबर 1 मुरैना के लिये तहसीलदार श्रीमती वंदना यादव, शासकीय एमएलबी कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल नंबर 1 गर्ल्स स्कूल के लिये नायब तहसीलदार सुश्री ज्योति लाक्षाकार, शासकीय एक्सीलेस पीजी कॉलेज जौरा रोड़ के लिये नायब तहसीलदार श्रीमती रेखा कुशवाह को नियुक्त किया है। इसी प्रकार संपूर्ण चारों परीक्षा केन्द्रों के लिये एसडीएम मुरैना श्री भूपेन्द्र सिंह कुशवाह तथा सहायक के रूप में राजस्व निरीक्षक अनुविभागीय अधिकारी श्री शांतिलाल राजपूत उड़नदस्ता के रूप में गठित किये गये है।

परीक्षा केन्द्रों पर सामग्री उपलब्ध कराने के लिये अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। जिनमें शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज बड़ोखर के लिये डीपीसी श्री हरीश तिवारी और सहयोग के लिये श्री श्यामदास, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल नंबर 1 मुरैना के लिये अल्पबचत अधिकारी श्री मुकेश छावई, सहयोग के लिये श्री जितेन्द्र कुमार, शासकीय एमएलबी कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल नंबर 1 गर्ल्स स्कूल के लिये संभागीय खेल अधिकारी श्री प्रशांत कुशवाह, सहयोग के लिये श्री अशोक रावत और शासकीय एक्सीलेस पीजी कॉलेज जौरा रोड़ के लिये सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्री कमल नार्वे, सहयोग के लिये श्री अर्जुन प्रजापति को तैनात किया गया है। रिर्जव के रूप में जिला आपूर्ति के श्री संजीव शर्मा व सहायक के रूप में श्री मनोज प्रजापति को नियुक्त किया है।

**जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित :-**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा 16 फरवरी को दो चरणों में आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्रों पर गोपनीय सामग्री पहुंचाने एवं वापस करने के लिये जिला कोषालय में जमा कराये जाने तक के लिये अधीक्षक कलेक्ट्रेट कक्ष मुरैना को अस्थाई कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसका दूरभाष नंबर 6263437183 रहेगा। दोंनो प्रश्न पत्रों की अलग-अलग प्राप्त कर सूचना मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग और जनसम्पर्क कार्यालय मुरैना को सायं 4:30 बजे दिया जाना सुनिश्चित करेंगे। भू-अभिलेख जिला मुरैना को प्रभारी के रूप में अधीक्षक नियुक्त किया है, उनके सहयोग के लिये सहायक ग्रेड-2 श्री शैलेन्द्र अवस्थी, श्री राहुल शर्मा और श्री आत्मदास अपोरिया को नियुक्त किया गया है।

## सेवानिवृत्त आईएएस श्री शेखर वर्मा होंगे संभागीय पर्यवेक्षक



**मुरैना।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा 16 फरवरी को मुरैना जिले के 04 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा संभागीय पर्यवेक्षक के रूप में सेवानिवृत्त आईएएस श्री शेखर वर्मा को नियुक्त किया है। श्री शेखर वर्मा का मोबाइल नंबर 9926581755 है। श्री वर्मा का निवास इंद्रलोक पैलेस एबी रोड़ मुरैना पर रहेगा। ये 16 फरवरी तक मुरैना में रहेंगे, इनके लाइजनिंग ऑफीसर सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौर होंगे। शुक्रवार को संभागीय पर्यवेक्षक श्री शेखर वर्मा ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण भी किया।

# पशुपालक पशुपालन की विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें - जिला सीईओ श्री भार्गव

### पशु कल्याण जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय शिविर एवं संगोष्ठी सम्पन्न




**मुरैना।** जिला पशु चिकित्सालय मुरैना के प्रांगण में पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव ने कहा कि पशुपालक अधिक से अधिक पशुपालन की विभागीय योजनाओं का लाभ लें। कार्यक्रम में सभापति कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत श्री अमर सिंह धाकड़, इस्कॉन मंदिर एवं टीकरी गौशाला प्रबंधक श्री हरिशरण दास प्रभुजी (महाराज जी) एवं उनकी टीम, इफको मुरैना प्रभारी श्री बीएस जादौन, केवीके से वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री ब्रजराज कंषाना, संभागीय पशुपालन एवं डेयरी विभाग ग्वालियर से डॉ. प्रवीण उपाध्याय, पशुपालन विभाग मुरैना के उप संचालक डॉ. आरएम स्वामी मौजूद थे। सभापति श्री अमर सिंह धाकड़ ने पशुपालन करने के लिये लोगों को प्रेरित किया, जिससे खेती के साथ-साथ पशुपालन से सभी लोगों की आमदनी बढ़ सके। कार्यक्रम में पशु चिकित्सा दल डॉ. आरपी शर्मा, डॉ. अजीत यादव ने पशु चिकित्सा शल्य क्रिया, टीकाकरण एवं दवा वितरण की। जिला पशु प्रजनन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित अग्रवाल के निर्देशन में कृत्रिम गर्भाधान, सेक्स सॉर्टेड वीर्य, प्रजनन संबंधी समस्याओं का उपचार एवं निदान किया गया। डॉ. गणेश गोयनर, डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. राहुल पाराशर ने पशुपालन से संबंधित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं गौशाला से संबंधित प्रदर्शनी लगाई। डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. लोकेश गोयल ने शासन की विभिन्न योजनाओं से पशुपालनों को अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रगतिशील पशुपालकों की भागीदारी भी रही। जिसमें ग्राम पंचायत टीकरी के श्री आशुतोष राणा ने राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना से बकरी पालन इकाई से संबंधित एक उन्नत नस्ल के बकरे को प्रदर्शित किया।

## 15 एवं 17 फरवरी को पोरसा व महुआ में स्क्रीनिंग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मुरैना।** स्वर्गीय श्रीमती मोहन प्यारी देवी माहेश्वरी जी की स्मृति में रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 स्वास्थ्य शिविर जिला प्रशासन के सहयोग से 26 मार्च से 02 अप्रैल तक जिला मुख्यालय मुरैना पर लगाया जा रहा है। इसके तहत कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देश पर 15 एवं 17 फरवरी को पोरसा एवं महुआ में स्क्रीनिंग स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जायेगा। स्क्रीनिंग स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को चिन्हित कर उन्हें जिला मुख्यालय पर भेजा जायेगा। जो गंभीर बीमारी के मरीज होंगे, उनकी सर्जरी कराई जायेगी। इस शिविर में दूर-दराज के लोग उपस्थित होकर अपनी बीमारी के लिये जाँच करवा सकते हैं।

# अम्बाह मुख्यालय पर आयोजित स्क्रीनिंग कैम्प में 1830 मरीजों ने कराये पंजीयन

### 203 ऑपरेशन के लिए चिन्हित



**मुरैना।** रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 के तहत स्वास्थ्य कैम्प जिला प्रशासन के सहयोग से 26 मार्च से 02 अप्रैल तक जिला मुख्यालय मुरैना पर लगाया जा रहा है। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के नेतृत्व में 19 स्थानों पर स्क्रीनिंग कैम्प लगाये जाने के लिये कैलेण्डर जारी किया गया है। अम्बाह एसडीएम श्री रामनिवास सिकरवार के मार्गदर्शन में 14 फरवरी, शुक्रवार को सिविल अस्पताल में स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किया गया। स्क्रीनिंग कैम्प में 1 हजार 830 लोगों ने पंजीयन कराये, जिनमें से 203 मरीज गंभीर रेफरल हायर सेन्टर, ऑपरेशन के लिये चिन्हित किये गये। कैम्प में मेडीसन के 218, नाक, कान, गला के 82, शिशु रोग के 284, दंत रोग के 85, सर्जरी के 80, हड्डी एवं जोड़ रोग के 530, स्त्री रोग के 54, मनोरोग के 35, त्वचा रोग के 280, नेत्र रोग के 455 और जनरल 320 पंजीयन किये गये। इसके अलावा 04 मेमोग्राफी, 70 वर्ष से अधिक आयु के 60 लोगों के आयुष्मान कार्ड और अन्य 49 लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनवाये। इस अवसर पर रोटरी क्लब मुरैना से डॉ. संजीव बांदिल, श्री विपुल गोयल, श्री एसके त्रिपाठी, चंचल मंगल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सतीश मगहिया ने नशे के खिलाफ नशा मुक्ति अभियान चलाया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लोकेंद्र सोलंकी**



सतीश मगहिया ने कहां की भितरवार में स्मैक व गांजे का नशा चरण सीमा पर चल रहा है जिससे युवा पीढ़ी पूरी तरह नशे की गिरफ्त में आ चुकी है नशा मुक्ति अभियान से युवा पीढ़ी को बचाया जा सकता है एसडीओपी जितेंद्र नगाइच को सतीश मगहिया ने दिया ज्ञापन मगहिया ने कहा कि स्मैक के नशे से तकरीबन 10 से 15 मौतें भितरवार में हो चुकी है ,स्मैक का नशा बेचने वाले एवं स्मैक गांजा का नाश करने वालों पर शख्स से सख्त कार्रवाई की जाए जिससे युवा पीढ़ी में सुधार हो सके, श्री मगहिया ने कहा की नशा मुक्ति अभियान मेरे द्वारा चालू किया गया है इसको पूरी तरह नशे से मुक्त करा कर ही दम लूंगा, इस नशा मुक्ति अभियान के द्वारा आज के नौजवान को नशा से मुक्त कराकर ही कल का भविष्य सुधर सकता है, श्री मगहिया ने कहा की जो नौजवान स्मैक गांजे का नशा करते है और उनके पास रुपया पैसा ना होने के कारण वही लोग शहर में मजबूर हो कर चोरियां करते है जब तक मैं पूरी तरह से स्मैक गांजे के नशे को भितरवार से नशा मुक्ति नहीं कर देता तब तक इसी तरह मेरा नशा मुक्ति अभियान जारी रहेगा

# गढ़ी सरकार पर मानस सम्मेलन का आयोजन आज से




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

लहार नगर के प्राचीन धर्म स्थल गढ़ी सरकार हनुमान मंदिर पर आज से त्रदिवसिय श्री राम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन प्रारंभ हो रहा है जो दिनांक 15,16,17,तक चलेगा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 05 बजे तक चलेगा दुर दुर से पधारे विख्यात विद्वान जनों के मुखारविंद से श्रीराम कथा का रसपान करने का सौभाग्य समस्त क्षेत्र वासियों को प्राप्त होगा मानस सम्मेलन आयोजक कमेटी द्वारा समस्त धर्मप्रेमियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर कथा श्रवण करने आने की विनम्र अपील की जा रही साथ ही कमेटी द्वारा मानस सम्मेलन कार्यक्रम में आजीवन वार्षिक दानदाताओं की सदस्यता सुची तैयार की जा रही है दानदाता सदस्य बनने के इच्छुक श्रद्धालु गण निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# हस्तिनापुर में मेडीकल बोर्ड ने किया दिव्यांगों का परीक्षण

### शिविर में बनाए गए दिव्यांग प्रमाण पत्र



**ग्वालियर।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हस्तिनापुर में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 198 दिव्यांगजनो का पंजीयन हुआ । मेडिकल बोर्ड द्वारा किए गए परीक्षण में 64 दिव्यांगजन दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए पात्र पाए गए। कुछ दिव्यांगजनो को मौके पर ही यूडीआईडी कार्ड एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। शिविर में विभिन्न दिव्यांगजनो के आधार कार्ड भी बनवाये गए। ज्ञात हो जिले में हर शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर विकास खण्ड स्तर पर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में मेडीकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगों का परीक्षण कराकर पात्र दिव्यांगों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं।

## नगर में सुख-शांति के लिए आरक्षक ने करवाया गौ भंडारा

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**



**लहार।** पुलिस थाने में पदस्थ गौभक्त आरक्षक जय भरद्वाज ने लहार नगर में शांति,सदभाव कायम रहने की कामना से भुखी बेसहारा गायों को चारा डलवाया आपको वता दे की गौभक्त आरक्षक जय भरद्वाज यथा संभव गौसेवा के साथ साथ लहार नगर में प्रतिदिन चलने वाले गौ भडारे में सहभागी वन कर प्रतेयक महा सहयोग राशि देकर लोककल्याण की भावना से भुखी गायों के लिए गौ भंडारा करवाते हैं और समाज में सुख-शांति के लिए गौ माता से प्रार्थना करते हैं।

# नेशनल लोक अदालत 08 मार्च को: ए.डी.आर. भवन मुरैना में विद्युत विभाग की बैठक सम्पन्न

### नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रिसिटिग आयोजित की गई




**मुरैना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना संगीता मदान के मार्गदर्शन में 08 मार्च, 2025 को न्यायालय परिसर जिला मुख्यालय मुरैना एवं तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह, जौरा, सबलगढ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में दीवानी प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण से संबंधित प्रकरण, बैंको के प्रकरण, विद्युत प्रकरण एवं राजीनामा योग्य दाण्डिक लंबित प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन प्रकरणों आदि का निराकरण पक्षकारों की पारस्परिक सहमति से राजीनामा के माध्यम से किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिये गुरूवार को ए.डी.आर. भवन मुरैना में अष्टम जिला एवं अपर न्यायाधीश मुरैना श्री अतुलराज भलावी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में 08 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया। अष्टम जिला एवं अपर न्यायाधीश मुरैना श्री अतुलराज भलावी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री देवेश शर्मा, विद्युत विभाग के डीजीएम शहरी श्री अभिषेक चैरसिया एवं डीजीएम ग्रामीण श्री भूपालशरण मौजूद थे। आमजन से अपील है कि 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामा के माध्यम से अपने अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराकर लाभ प्राप्त करें।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोरसा मै व्यवस्थाओं को लेकर कमी इलाज के लिए परेशान लोग



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से पुष्पेन्द्र तोमर**

पोरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोरसा मै डॉक्टर की मनमानी मरीजों के साथ बर्ताव ठीक नहीं ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पोरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आते है पर ठीक तरह से इलाज ना मिलने के कारण लोगों को प्राइवेट डॉक्टर से इलाज करवाना पड़ता है। शामलपुरा निवासी सचिन सिंह और रुद्रप्रताप सिंह का कहना है कि हम आज स्वास्थ्य केंद्र पोरसा मै कुत्ते का इंजेक्शन लगबाने के लिए गए तो वहां पर डॉक्टर द्वारा बाहर प्राइवेट मेडिकल से सिरिंज लाने के लिए कहा तो मैने बोला यहां नहीं है तब तक वहां पदस्थ डॉ अरविंद सिंह आ गए उनके द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया।

# महिला सशक्तिकरण की मिसाल : मुरैना की ज्योति कपूर होंगी देश की राजधानी दिल्ली में सम्मानित

**मुरैना।** महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली मुरैना की प्रसिद्ध उद्यमी ज्योति कपूर को 5वें वूमेन प्रेस्टिज अवॉर्ड्स से सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान नारी शक्ति एक नई पहल फाउंडेशन एवं लायंस क्लब, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में प्रदान किया जाएगा। यह भव्य आयोजन 16 फरवरी 2025 को नई दिल्ली में होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में देशभर की प्रतिष्ठित महिला उद्यमी, समाजसेवी, कलाकार, लेखक, पत्रकार, एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी अन्य हस्तियाँ शिरकत करेंगी। ज्योति न केवल एक सफल महिला उद्यमी हैं, बल्कि वे अपने कार्यों के माध्यम से समाज में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का कार्य भी कर रही हैं। वे मुरैना के प्रसिद्ध कर सलाहकार चेतन कपूर की पत्नी एवं वरिष्ठ कर सलाहकार और अधिवक्ता शशि कुमार कपूर की पुत्रवधू हैं। उनके परिवार की पहचान कर और विधि परामर्श क्षेत्र में अत्यंत सम्माननीय रही है, और अब ज्योति कपूर अपने उद्यमशीलता और समाज सेवा के कार्यों के माध्यम से इस पहचान को और मजबूती प्रदान कर रही हैं।

ज्योति कपूर मुरैना के जीवाजी गंज क्षेत्र में स्थित हीर'स आर्ट गैलरी की संस्थापक और संचालक हैं। उन्होंने अपने व्यवसायिक सफर की शुरुआत जीवाजी गंज, मुरैना में एक होम डेकोर और गिफ्ट गैलरी से की थी, जो आज मुरैना की प्रतिष्ठित आर्ट गैलरी में से एक बन चुकी है। उनकी गैलरी में हस्तनिर्मित कलाकृतियाँ, विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए डेकोरेटिव उत्पाद और विभिन्न प्रकार की गिफ्ट आइटम्स उपलब्ध हैं, जो ग्राहकों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। उनकी कलात्मक दृष्टि और रचनात्मकता ने उन्हें इस क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाई है।

# पुलिस ने अवैध नशे के विरूद्ध की कार्रवाई, 14.48 लाख रूपये की बनाई जप्ती

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय एवं थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राकेश बैस के नेतृत्व में कोतवाली एवं बहरी पुलिस ने कार्यवाही करते हुये 416 नग आनरेक्स कफ सिरप मय परिवहन में प्रयुक्त वाहन जप्त कर पृथक पृथक प्रकरण किये पंजीबद्ध। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विक्रय परिवहन एवं भण्डारण के ऊपर कार्यवाही करने हेतु सभी थाना चौकी प्रभारियों को निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में 14 फरवरी 2025 को थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सफेद रंग की एक्सयूबी कार से दो व्यक्ति राहुल सिंह गहरवार एवं सचिन राठौर अवैध नसीली कफ सिरप लेकर कुचवाही झींगाझर तरफ बिक्री करने हेतु जा रहे है। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा उक्त सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया जाकर सूचना की तस्दीक एवं रेड़ कार्यवाही हेतु एक टीम गठित कर मुखविर के बताये अनुसार उक्त कार का पीछा करते हुए झींगाझर पहुंचे जहां कार का चालक राहुल सिंह गहरवार एवं सचिन राठौर पुलिस को पीछा करते देखकर गाड़ी साइड में खड़ी कर वहां से फरार हो गये। राहगीर एवं समक्ष गवाहों के कार की तलाशी ली गई जो कार के डैशबोर्ड में राहुल सिंह पिता राजकुमार सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 19 पावा टीकट कला थाना चुरहट के नाम का स्टार ऑटोमोबाइल्स का बिल एवं अन्य दस्तावेज मिले साथ ही डिग्गी खोलकर चेक करने पर तीन खाकी रंग के कार्टून में अवैध मादक पदार्थ आनरेक्स कफ सिरप मिली जिसकी मौके पर गिनती करने पर ×57 सीसी कीमती



24000 थी। ड्रग कण्ट्रोल एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध कायम कर ×57 सीसी आनरेक्स कफ सिरप कीमती 24000 एवं परिवहन में प्रयुक्त एक्सयूवी कर कीमती 14 लाख कुल कीमती 14 लाख 24 हजार जप्त कर मामले को विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार 1×.02.2025 को थाना प्रभारी बहरी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि धीरेन्द्र गुप्ता निवासी बहरी का पुरानी तहसील के नीचे किसी दूसरे को एलाट हुई दुकान को किराये मे लेकर मोबाइल दुकान खोला है उसी में अवैध कोरेक्स विक्री करने हेतु रख रहा है। थाना प्रभारी बहरी द्वारा उक्त सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया जाकर सूचना की तस्दीक एवं रेड़ कार्यवाही हेतु एक टीम गठित कर मुखविर के बताये अनुसार बहरी बाजार पुरानी तहसील के नीचे साड़ा भवन पहुंचा जहा मुखबिर के बताये अनुसार एक व्यक्ति अपनी दुकान के सटर को नीचे गिराकर ताला बंद कर रहा था जो पुलिस को आते देख कर सटर का ताला बंद कर वहा से भागने लगा जिसको हमराह स्टाफ के द्वारा पकड़ने हेतु पीछा किया गया जो अंधेरे का फायदा उठाकर वहा से भाग गया। मौके पर दुकान के पास गया जहा दुकान मे सटर के ऊपर दुकान का नम्बर ×4 लेख होना पाया गया जिसका सटर बंद था जिसमे ताला लगा हुआ था। मौके से समक्ष गवाहान के ग्लैण्डर मशीन मगाकर दुकान का ताला कटवाकर दुकान के अन्दर गवाहो के समक्ष तलासी ली गयी जो दुकान के अन्दर एक झोले में ओनरेक्स कफ सिरफ की शीशिया मिली जिसको बाहर निकलवाया जाकर गिनती करायी गयी जो कुल 59 शीशी ओनरेक्स कफ सिरफ कीमती 2×600 थी। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 8/21, 22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/1× ड्रग कण्ट्रोल एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध अपराध कायम कर 59 सीसी आनरेक्स कफ सिरप कीमती 2×600 जप्त कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं अधिवक्तागण के साथ की गई बैठक

**सीधी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों के क्रम में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 08 मार्च 2025 को जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा। दिनांक 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु शुक्रवार 14-02-2025 को प्रधान जिला न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर के मागदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के द्वारा समस्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं अधिवक्तागण के



साथ प्रीसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर ने समस्त न्यायाधीशगणों को निर्देशित किया कि लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण जिनमें पक्षकार के मध्य सहमति बन सकती है उसे लोक अदालत हेतु चिन्हित करें। श्री दिनकर ने बीमा कंपनी को निर्देशित करते हुये कहा कि बीमा कंपनी राजीनामा योग्य प्रकरण को लोक अदालत हेतु चिन्हित करें ताकि आगे होने वाली प्रीसिटिंग बैठक में आवेदकों के मध्य चर्चा की जा सके। उक्त बैठक में अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ श्री बृजेन्द्र सिंह, श्री गौतम कुमार गुजरे चतुर्थ जिला न्यायाधीश, सुश्री उर्मिला यादव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, श्री लक्ष्मण डोडवे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती शोभना मीणा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री सोनू जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री कपिल देव काछी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री अभिषेक साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, श्री बाबूलाल सिंह श्रीवास्तव डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैनल अधिवक्तागण श्री राजेन्द्र सिंह परिहार, श्री यज्ञप्रताप सिंह, श्री सूर्यकांत पाण्डेय, श्री उदयकमल मिश्रा,, श्रीमती सुजाता मिश्रा, श्री विद्याकांत मिश्रा, श्री धर्मोत्तम पाण्डेय, श्री रामराज सिंह चन्देल, श्री अरूण सिंह सेंगर, श्री अरविंद कुमार गोस्वामी, श्री रामभजन गुप्ता, श्री महेश दयाल पटेल, श्री विजय चन्द्र गौतम, श्री महेन्द्र सिंह चैहान, श्री महेन्द्र कुमार मिश्रा, श्री नन्दलाल पाण्डेय, श्री संतोष कुमार द्विवेदी, श्री महेन्द्र कुमार मिश्रा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री सत्यप्रकाश पाण्डेय असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री ऋषभ सिंह सहित अन्य अधिवक्तागण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सात फेरे लेकर विवाह के पवित्र बंधन में बंधे 10 जोडे, प्रशासनिक अधिकारी बने बाराती



**सीधी।** जिले के आदिवासी अंचल कुसमी में शुक्रवार को जनपद पंचायत कुसमी के गोतरा अष्टभुटी देवी मंदिर परिषर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ। ढोल.नगाड़ों की गूंज और पारंपरिक रीति.रिवाजों के बीच 1×0 जोड़ों ने सात फेरे लेकर नए जीवन की शुरुआत की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू राम सिंह, जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिहं जनपद अध्यक्ष श्यामवती सिंह, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, एसडीएम प्रिया पाठक, सीईओ ज्ञानेन्द्र मिश्री सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

**वर.वधू को मिले उपहार :-**

सरकार की योजना के तहत नवविवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप कपड़े, गहने, बर्तन और 49000 रुपये का चेक दिया गया। विवाह में कुल 51000 रुपये की सहायता प्रदान की गई। रथ में सजे दूल्हे प्रशानिक अधिकारियो के साथ जब विवाह स्थल पर पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। विवाह गीतों से माहौल उत्सवमय बना रहा। जिसमे अनुराग मिश्रा, कनक द्विवेदी, राखी गुप्ता, रेखा गुप्ता और मनमोहन साकेत ने अपनी प्रस्तुति से समां बांधा।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :-**

समारोह को शांतिपूर्ण बनाने के लिए कुसमी थाना प्रभारी भूपेश बैश के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस लाइन सीधी, मड़वास चौकी और पोड़ी चौकी की टीमों ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

# प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन

**सीधी।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरीय विशेष भर्ती अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह के निर्देशन में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन दिनांक 13 फरवरी 2025 को किया गया। कार्यक्रम में डीएमसीएफएस पुणे, डीएमसीएफएस इस हियरिंग फार मैंनबुकिं/ अनअकैडमी (ऑनलाइन मोड) प्रगतिशील एग्रोटेक/प्रगतिशील बायोटेक/उत्कर्ष आदि कंपनियों ने स्किल डेवलपमेंट/ मैन्युफैक्चरिंग/स्टाफिंग रिकरूटमेंट/एडुचेक/एग्रीकल्चर/माइक्रो फाइनेंस आदि सेक्टर में ट्रेनिं/रिक्रूटर/



कोऑर्डिनेटर एन ए पी एस ट्रेनिंग (अप्रेंटिक)/ काउंसलर/टीम लीडर /मैनेजर/सेल्स एग्जीक्यूटिव/फील्ड ऑफिसर (टीसीओ)/ (टीसीओ)/ रिलेशनशिप ऑफिसर पदों के लिए इंटरव्यू लिए गए जिसमे कुल 293 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया। पंजीयन में कंपनी बार अभ्यर्थियों की संख्या- डीएमसीएफएस पुणे- 74 अभ्यर्थी, प्रगतिशील बायोटेक - 100 अभ्यर्थी, एग्रोटेक -150 अभ्यर्थी, चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट- 175 रही। कंपनियों ने अभ्यर्थियों के इंटरव्यू लेकर स्क्रुटनी कर जॉब ऑफर लेटर उनके ईमेल आईडी में प्रेषित करेंगे। जिला नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन डॉ ए के त्रिपाठी एवं महाविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रो. विनोद कुमार साकेत के नेतृत्व में आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## 10 वी बोर्ड परीक्षा में लागू रहेगी बेस्ट ऑफ फाइव योजना

**सीधी।** एमपी बोर्ड ने बेस्ट ऑफ फाइव योजना को इस वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। यह योजना पिछले अप्रैल माह में रद्द कर दी गई थी, लेकिन इसे फिर से शुरू किया गया है। इस योजना के तहत कक्षा 10 वी के 6 विषय में से किन्ही पांच विषयों में अगर छात्र पास हो जाता है तो उसे पास माना जाएगा। इस योजना को बढ़ाने के लिए इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव ने 11 फरवरी को आदेश जारी किया है। हालांकि छात्रों को पास होने के लिए 33: अंक लाना तो जरूरी है लेकिन यदि 6 में से एक प्रश्न पत्र में वह फेल भी हो जाता है तो वह पास माना जाएगा। यह योजना दसवीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन और सफलता की अधिक संभावना प्रदान करने के लिए लागू की गई है। छात्रों के लिए परीक्षा परिणाम तैयार करने में उनके 6 में से 5 सर्वश्रेष्ठ विषयों को शामिल किया जाएगा।

# जोगदहा पुल से बालू का परिवहन करते 2 हाइवा को अमिलिया पुलिस ने किया जप्त

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में अमिलिया पुलिस ने जोगदहा छतिग्रस्त पुल सोन नदी भारी वाहन प्रतिबंधित क्षेत्र से रेत लोड़ कर परिवहन कर रहे 2 वाहन जप्त कर वाहन चालको के विरुद्ध मामला किया गया पंजीबद्ध। मिली जानकारी के आधार पर बताया गया कि 1× फरवरी 25 की दरमियानी रात जरिये अमिलिया पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि सोन नदी जोगदहा छतिग्रस्त पुल जो भारी वाहन आवागमन प्रतिबंधित पुल है, से कुछ भारी वाहन रेत लोड़ कर निकलने की तलाश में है। रात्रि गस्त अधिकारी द्वारा सूचना से थाना




प्रभारी अमिलिया को अवगत कराया जाकर हमराही स्टॉफ के साथ जोगदहा पुल के पास पहुचे तो देखा कि बहरी तरफ से दो भारी वाहन छतिग्रस्त पुल पार कर आ रहे थें। जिनको बारी बारी से रूकवा कर देखा गया तो सभी में रेत लोड़ थी जिनके संबंध में कागजात की मांग की गई तो दिखाये जो टीपी में रेही गोपद नदी से लोड़ खनिज रेत रूट बहरी, सीधी, अमिलिया, हनुमना, मऊगंज देवतालाब, रीवा लेख होना पाया गया जबकि अनुविभागीय अधिकारी सिहावल के आदेश दिनांक 26.04.2024 के माध्यम से बहरी हनुमना मार्ग पुरानी पुल का स्लेप छतिग्रस्त होने के कारण आवगमन बंद कर दिया गया था एवं निर्धारित सर्तो के आधार पर सिर्फ लाईट मोटर व्हीकल एवं पैदल यात्रियों के आने जाने की अनुमति प्रदाय की गई थी। भारी वाहन प्रतिबंधित पुल होने के बाद भी जान माल को जोखिम में डालकर उक्त पुल पार करना उपर्युक्त वाहन चालको का कृत्य बी. एन.एस. की धारा 22× का अपराध पाये जाने पर अपराध कायम कर 2 हाईवा रेता भरा हुआ जप्त कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है।

**सराहनीय भूमिका :-**

उपर्युक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राजेश पाण्डेय, सउनि. उग्रभान मिश्रा, आरक्षक संदीप चतुर्वेदी एवं संदीप गुर्जर का सराहनीय योगदान रहा।

# जिले में साप्ताहिक जनरल परेड आयोजित, शस्त्रों का किया अभ्यास



**सीधी।** जवानो को चुस्त दुरुस्त एवं अनुशासित बनाये रखने के लिये पुलिस विभाग में नियमित परेड का महत्वपूर्ण योगदान है। इसी तरताम्य में 14 फरवरी 2025 दिन शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन में पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में पुलिस लाईन सहित शहर के थानो के बल के साथ एवं देहात के थाना चौकी द्वारा संबंधित थाना चौकी में परेड का आयोजन किया गया। रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे द्वारा परेड ग्राउंड में परेड कराया जाकर शस्त्रों की कवायद कराई गई एवम मार्चपास्ट कर परेड विसर्जन किया गया। पुलिस परेड ग्राऊंड में रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे, निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, निरीक्षक रीता त्रिपाठी, निरीखक शुशीला वर्मा सहित 6 सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक/आरक्षक सहित पुलिस लाईन, थानो, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लगे 60 अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।



# शासकीय संस्थाओं एवं अशासकीय सस्थाओ निरीक्षण कर दिये निर्देश

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

सिलवानी विकासखंड के ग्राम जमुनिया में स्थित शासकीय आवासीय बालिका छात्रावास का कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रही बालिकाओं की संख्या, उनके नाश्ते-भोजन की गुणवत्ता, शैक्षणिक माहौल और अन्य व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी लेते हुए छात्रावास की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं की सुरक्षा, स्वच्छता और शैक्षणिक उन्नयन को प्राथमिकता देने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझा। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन बालिकाओं की शिक्षा और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारीगण और संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे। आयुष्मान आरोग्य केंद्र का भी निरीक्षण किया और इसके बाद जमुनिया गौशाला में पहुंचे इसका साफ सफाई का निरीक्षण किया। सिलवानी पहुंचने के ही पूर्व जुनिया उद्यान विभाग का निरीक्षण किया और वहां पर लगे पेड़ पौधों की दुर्दशा को देखते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि आप पौधों का सही रखरखाव करें और जनता के लिए कौन-कौन से पौधों की आवश्यकता है उनको उपलब्ध कराये। सर्वोदय पशु संरक्षण समिति जूनियर सिलवानी में गौशाला का निरीक्षण किया और साफ सफाई के लिए निर्देश दिए



गए कि आप गौशाला का अच्छा संचालन करें। तहसील में पहुंचने के बाद सभी कक्षाओं में पहुंचकर एक-एक चीज की बारीकी से जानकारी ली और निर्देशित किया कि लोगों को तत्काल काम करके राहत दी जाए एक महिला अपनी शिकायत लेकर के आए उससे कहा माताजी रोटी नहीं है आपका काम हो जाएगा।

नव निर्माणाधीन अस्पताल पहुंचे और पहुंचकर पूरी अस्पताल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए कहा क्या आप यहां के इंजीनियर हैं क्या इसी तरह का काम होता है क्या इसी तरह की लाइट फिटिंग होती है या इस तरह की टाइल्स लगाए जाते हैं बिल्डिंग की देखने के बाद डॉक्टर मांडरे से कहा कि यह अस्पताल आपको चलना है आपको देखना है सही कार्य कराने की हिदायत दी।

नव निर्माण ।धीन सीएम राइज़ स्कूल में पहुंचने के बाद वहां के इंजीनियरों की क्लास लगा दी और कहां की यही आपकी ड्राइंग है और किस तरह से आप काम कर रहे हैं उनको भी हिदायत दी। और सही काम करें। पीएम श्री विद्यालय में कक्षा में पहुंचकर की और बच्चियों से शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर की चर्चा हुई शिक्षा की गंभीरता को लेते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा में सुधार करें। मीटिंग हॉल में सभी ब्लॉक लेवल के कर्मचारियों की मीटिंग ले रहे थे और आधी अधूरी मीटिंग लेकर के नीचे उतरे और गाड़ी में बैठकर के मजब रवाना हो रहे थे तभी एक आदिवासी बुजुर्ग आया और अपनी शिकायत की और हाथ जोड़ने लगा तब कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा जी ने कहा हाथ नहीं जोड़ते आपका काम होगा। इतना कहकर की गाड़ी में बैठी और गाड़ी सीधी तेज रफ्तार में रायसेन की ओर रवाना हो गई।

# लापरवाह सेल्समैनों को शोकाज नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

## एसडीम ने राशन ई केवाईसी, मोबाइल सीडिंग की ली समीक्षा बैठक

**दीपक सिंह तोमर केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ**

**मंडलेश्वर।** शुक्रवार को मंडलेश्वर राजस्व कार्यालय में महेश्वर ब्लॉक के सभी राशन दुकान के सेल्समैनों की बैठक ली गई। बैठक की अध्यक्षता एस,डी,एम अनिल जैन , खाद्य निरीक्षक वीरेंद्र सिंह चौहान द्वारा की गई। बैठक में एसडीएम अनिल जैन द्वारा दुकान वार सभी सेल्समैनों से राशन ई केवाईसी एवं मोबाइल सेटिंग की समीक्षा की गई। ई राशन केवाईसी कार्य में लापरवाही बरतने वाले सेल्समैन को शोकाज नोटिस जारी करने के लिए खाद्य निरीक्षक चौहान को निर्देश दिए गए। खाद्य



निरीक्षक चौहान द्वारा बैठक में बताया गया कि महेश्वर ब्लॉक में कुल 178325 सदस्य राशन लेने के लिए पात्र सदस्य है जिसमें 137026 सदस्यों की ई केवाईसी हो चुकी है एवं 41 299 शेष ई केवाईसी संख्या है। एसडीएम जैन द्वारा सभी दुकानदारों को निर्देश देते हुए बताया कि शेष सदस्यों की ई केवाईसी शीघ्र पूर्ण करें एवं ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक से राशन दुकान अंतर्गत ग्राम में,मृत, विवाह होने के कारण एवं पलायन परिवारों की सूची खाद्य कार्यालय को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। खाद्य निरीक्षक चौहान द्वारा बताया गया कि ई केवाईसी के शेष रहे सदस्य की केवाईसी नहीं होने पर कभी भी राशन बंद हो सकता है इसलिए ग्राम पंचायत के माध्यम से ग्राम में मुनादी करवाई जाए एवं शेष रहे ई केवाईसी परिवारों को केवाईसी करने हेतु प्रेरित करें। बैठक में खाद्य विभाग ऑपरेटर वीरेंद्र सिंह पटेल, कर्मचारी संघ के जिला प्रतिनिधि उदय सिंह पटेल, इब्राहिम खान, सुनील शर्मा, दिनेश दुबे, अशोक पटेल, हेमेंद्र पाटीदार, मोहन शर्मा, रविंद्र कोचले, मोहन सिंह पटेल, जितेंद्र कुशवाहा, महेश पाटीदार, पवन मंडलोई, नरेंद्र मंडलोई आदि सेल्समैन मौजूद रहे।

# पुलवामा के शहीदों को रीवा में श्रद्धांजलि, शहीद परिवारों और पूर्व सैनिकों का हुआ भव्य सम्मान

## हजारों की संख्या में उमड़ा जनसैलाब, शहीदों की कुर्बानी को नमन




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो दीपक सिंह पटेल**

मुख्य अतिथि के रूप में सहीद सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह राष्ट्रीय सचिव यज्ञ प्रताप सिंह राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पुष्पराज सिंह राष्ट्रीय समिति संरक्षक कप्तान अनिल सिंह विशिष्ट अतिथि सहित मेजर आशीष दुबे के माता-पिता और शहीदी परिवार और हजारों की तादात में पूर्व सैनिक मौजूद रहे रीवा ।शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मिटने वालों का यही निशां होगा। इन्हीं पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए रीवा के अटल पार्क में पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इस ऐतिहासिक क्षण में शहीद परिवारों और पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया, जिससे माहौल भावुक और देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। इस कार्यक्रम में शहीद सुधाकर सिंह की पत्नी, मेजर आशीष दुबे के माता-पिता, शहीद मुकेश तिवारी की पत्नी सावित्री तिवारी और शहीद धर्मेंद्र गुप्ता की पत्नी अनूप गुप्ता उपस्थित रहे। जब शहीद सुधाकर सिंह की पत्नी ने मंच पर अपने शब्द व्यक्त किए, तो हजारों लोगों की आँखें भर आईं। सन्नाटे में डूबी भीड़ की खामोशी ने साबित कर दिया कि शहीदों का दर्द हर दिल में जिंदा है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि मनाई

केसरी हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

**खेड़ाखजुरिया।** पंचायत प्रांगण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि के उपलक्ष में उनके चित्र पर माल्या अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई । इसके बाद पंडित उपाध्याय जी के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला गया एवं उनके आदर्शों , मार्गदर्शन पर चलने का आवाहन किया गया । इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंघानिया, जनपद सदस्य प्रतापसिंह परिहार, सरपंच शिवनारायण परिहार,युवा मोर्चा उपाध्यक्ष वीरेंदसिंह झाला, मंडल उपाध्यक्ष देवीसिंह , ईश्वरसिंह,हेमसिंह पंवार ,कचरूलाल राठौर,कचरूसिंह सहित बड़ी संख्या में भारती जनता पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# रीवा एसपी के निर्देशन में मनगवां थाना प्रभारी वर्षा सोनकर ने मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा नशीली कफ सिरप की खेप की गई एनडीपीएस की

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो रिपोर्ट रीवा दीपक सिंह पटेल**

**रीवा।** एसपी विवेक सिंह एसएसपी विवेक कुमार लाल के निर्देशन में आईपीएस प्रभारी एसडीओपी ओमप्रकाश के मार्गदर्शन में नशीली कफ सीरप की खेप बाईक के मनगवां टीआई वर्षा सोनकर ने पुलिस टीम के साथ पेट्रोलिंग दौरान पकड़ा है। बताया जाता है की मुखविर से सूचना मिलने पर मनगवां प्रयागराज रोड पर लक्ष्मण ढाबा के पास दो व्यक्ति मोटर साईकिल के साथ काफी मात्रा में अवैध नशीली



कफ सीरप लिये विक्री करने हेतु खडे हुये थे। जहां मनगवां पुलिस द्वारा घेराबन्दी कर एक नफर अपचारी बालक को अवैध नसीली कफ सीरप मोटर साईकिल के साथ पकडा गया। अन्य एक व्यक्त घटना स्थल से फरार हो गया। जिसकी पता तलाश लगातार जारी है। अपचारी बालक के कब्जे से प्राप्त अवैध नशीली कफ सीरप व मोटर साईकिल को जब्त किया गया है। अपचारी बालक व अन्य एक फरार व्यक्ति के विरुद्ध थाना मनगवां में अपराध क्र. 68/25 धारा 8,21,22 हृष्ठक्क,ष्टञ्ज. 5/13 औषधि नियत्रंण अधिनियम का प्रकरण कायम किया जाकर अपचारी बालक को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्रकरण के फरार अन्य एक नफर आरोपी की पता तलाश लगातार जारी है।

अभिरक्षा में लिया गया:-* एक नफर अपचारी बालक

जप्ती मसरुका:-93 नग ओनरेक्स सीरप कीमती 18135, मो.सा. क्र. एम.पी. 17 एम.जी. 4239 कीमती 40000 कुल कीमती 58135 रु.

# नहीं हो पाया अंगदान करने का संकल्प पूरा, नेत्रदान किए

**केसरी हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

**महिदपुर।** ब्रेनडेड शरीर में संक्रमण के चलते प्रतिभाशाली युवती के अंगदान नहीं किए जा सके। परिजनों ने नेत्र दान कर दो लोगों को रोशनी देने का काम किया। नगर के समाजसेवी ललित जैन गार्डी की 23 वर्षीय सुपुत्री चंचल वेदमुथा का उज्जैन के एक निजी चिकित्सालय में ईलाज चल रहा था। चंचल का ब्रेनडेड हो चुका था। ऐसी स्थिति



में परिजनों ने उसके अंगदान का साहसिक फैसला लिया था। अंगदान के पूर्व परीक्षण में पाया गया कि बीमारी की वजह से चंचल के शरीर में संक्रमण फैल चुका है। ऐसे में अंगदान संभव नहीं हैं। इसके बाद परिजनों ने सिर्फ नेत्रदान ही किए। बड़नगर के गीता भवन के डॉ. जी एल ददरवाल व उनकी टीम ने संपन्न किया। बिटिया चंचल की अंतिम यात्रा गुरुवार दोपहर 1 बजे निवास स्थान जवाहर मार्ग से निकली। अंतिम यात्रा में समाजजन व स्नेहीजन ने सम्मिलित होकर शोक संवेदना व्यक्त की।

# भाजपा के शासनकाल में अधिकारी एवं कर्मचारियों की बल्ले बल्ले

भिंड जिले की गोहद



विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत एंडोरी में लगभग 1 करोड़ से भी ज्यादा भ्रष्टाचार कर शासन की योजनाओं एवं कार्य को पलीता लगाने का काम ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच राम कल्याण सिंह कुशवाहा सचिव साहिब सिंह एवं हरेंद्र सिंह तोमर रोजगार सहायक गिर्राज शर्मा एवं हीरेश मौर्य द्वारा लगभग करोड़ों का घोटाला। जिला पंचायत सीईओ सुनील दुबे द्वारा भी इन जीआरएस कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई करने में असमर्थ रहे जबकि शासन के निर्देशानुसार इन दोनों रोजगार सहायक को बर्खास्त किया जाना चाहिए लेकिन उन्हें निलंबित किया गया कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार की बदबू आ रही है और देखा गया कि मामले को दबाया जा रहा हैइ्ठ एंडोरी पंचायत महा घोटाला पंचायत के नाम से।

## समाजसेवी पत्रकार राजेश रावल का निधन

**दीपक सिंह तोमर केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ**



**मंडलेश्वर ।** समीपस्थ ग्राम कतरगांव के समाजसेवी राजेश रावल का शुक्रवार सुबह तड़के निधन हो गया। रावल कतरगांव में नईदुनिया के प्रतिनिधि एवं करही तहसील पत्रकार संघ अध्यक्ष थे। नगर के मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। जहां बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में जिला पत्रकार संघ के पूर्व संरक्षक मनोज रघुवंशी, जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष सुनील शर्मा, महेश्वर तहसील पत्रकार संघ अध्यक्ष चैतन्य पटवारी सहित ओम रमनेकर, शिवशंकर रोकड़े, जितेंद्र वासुरे, बलराम बर्मन ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डॉक्टर्स एसोसिएशन और ट्रिकलर हॉस्पिटल द्वारा सेवाभावी चिकित्सकों का सम्मान होगा

कुक्षी में 15 फरवरी को होगा यह गरिमामय आयोजन जय दैनिक केसरिया हिंदुस्तान इ भगवान मुजाल्दा। - तहसील कुक्षी डॉक्टर्स एसोसिएशन एवं ट्रीकलर हास्पिटलबड़ौदा के संयुक्त तत्वावधान मे चिकित्सा के



क्षेत्र मे उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले चिकित्सको का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथी पूर्व केबीनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक सुरेद्रसिह बघेल, पूर्व विधायक मुकाम सिह किराडे, ग्रामीण जिला भाजपा अध्यक्ष चंचल पाटीदार, मनावर विधायक डॉ हिरालाल अलावा होंगे । डॉ. राकेश शिंदे मुख्य जिला स्वास्थ एवं चिकित्सा अधिकारी धार तथा डॉ. मोहनलाल गुप्ता महेश्वर, डॉ. भावीन अग्रवाल, डॉ. अंसल परमार, डॉ, मनीष मेशवानी डॉ, शेशव शाह, बड़ौदा,डॉ नितिन रावत बड़वानी का इस अवसर पर सम्मान किया जाएगा। सम्मान समारोह 15 फरवारी को रात्री सात बजे वृन्दावन गार्डन मे आयोजित किया जावेगा डाक्टर्स एसोसिएशन कुक्षी तहसील के अध्यक्ष डॉ. निर्मल कुमार पाटीदार व संरक्षक डॉ अभिषेक रावत, डॉ चंद्रेश जैन, डॉ के सीं मुकाती, डॉ डी.एन. राय व डॉ ओ.पी गुप्ताने इस आयोजन में क्षेत्र के समस्त चिकित्सक साथियों से कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाने का आग्रह किया है। उपरोक्त जानकारी डॉ. ललीत पाटीदार द्वारा दी गई।

# खमरिया में चर्म रोग कुष्ठ विकृति बचाव शिविर आयोजित



**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

**तेंदूखेड़ा।** राष्टीय कुष्ठ उन्नमूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चलाये जा रहे कुष्ठ पखवाड़ा जागरूकता अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एस. ठाकुर एवं जिला कुष्ठ अधिकारी नरसिंहपुर डॉ. राजकिशोर पटैल के मार्गदर्शन में शुक्रवार को ग्राम पंचायत भवन खमरिया में विशेष कुष्ठ रोगी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 58 लोगों की जांच की गई इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर से आये 30 उपचाररत् उपचार मुक्त हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कार्य सूक्ष्मता से किया गया। जिले से विशेष प्रशिक्षित कुष्ठ ईकाई टीम द्वारा परामर्श विकृति से बचाव हेतु जल तेल उपचार पति सूक्ष्मता से हितग्राहियों को सिखलाई गई। बतलाया गया कि कुष्ठ लाइलाज बीमारी नहीं है। यह वैटेरिया से होने वाली बीमारी है। अगर शरीर पर तांबे की रंग की तरह दाग दिखाई दे तो तुरंत चिकित्सक से सम्पर्क करें। अत: कैम्प में समापन के दौरान पात्र कुष्ठ हितग्राहियों को टप-पदरक्षक सैंडिल सेल्फ केयर किट वितरित की गई। शिविर में लेप्रोशी टीम के कार्यकर्ता स्वास्थ्य से सीएचओ सेक्टर सुपरवाईजर आशा और आशा सुपरवाईजर, एएनएम एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# परिसम्पत्तियों का नहीं हो रहा उचित दिशा में उपयोग, खंडहरों में चल रही अनैतिक गतिविधियां

**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

तेंदूखेड़ा नगर परिषद तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभागों की परिसंपत्तियों पर संबंधित विभागों द्वारा उचित तरीके से रखरखाव न हो पाने के कारण इन परिसम्पतियों पर जहां लोगों ने कब्जा कर लिया है। खंडहर पड़े भवन अनैतिक गतिविधियों के अड्डे बने हुए हैं। इनके उचित रखरखाव को लेकर अनेक बार समाचार पत्रों के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराया गया लेकिन आज तक उचित कार्रवाई नहीं होने से स्थिति ज्यों की त्यों बनीं हुई है ।इन परिस्थितियों का सार्थक दिशा में उपयोग होने से जहां परिषद् की आय बढ़ेगी वहीं लोगों को व्यवसाय करने की दिशा में मौका भी मिलेगा। इन परिसम्पत्तियों में जहां पुरानी अस्पताल का खंडहर भवन पुराने बस स्टैंड के पीछे तरफ कृषि और स्वास्थ्य विभाग के आवासीय परिसर पड़े हुए हैं वहीं मुख्य मार्ग पर शिक्षा विभाग के भवन और लोक निर्माण विभाग के भवन भी गंभीर स्थिति में पहुंच गए हैं। इन भवनों की स्थिति यह बनीं हुई है कि नगर परिषद बनने के पूर्व ही ग्राम पंचायत के रिकॉर्ड में छेड़खानी करके इनके रिकॉर्ड



ही अलग कर दिए गए हैं। जिस कारण से संबंधित विभाग के अधिकारी पूरी दम से कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाते हैं।

**राजस्व रिकॉर्ड से ही विलुप्त हो गई सड़कें :-**

तेंदूखेड़ा में रातों रात बड़े आदमी बने कुछ ऐसे लोगों ने सड़कों पर कब्जा कर उन पर आलीशान भवन निर्माण कर लिए और कुछ समय बाद मौका पाकर लाखों रुपए में भवन बेच भी दिए गए।

चूंकि राजस्व रिकॉर्ड में कुछ समय तक यह सड़कें दिखती रहीं लेकिन धीरे-धीरे अधिकारियों कर्मचारियों की सांठगांठ से लोगों ने इन पर अतिक्रमण कर लिया और अब यह सड़कें विलुप्त हो गईं हैं। बुजुर्गों और नगर के बुद्धिजीवियों ने एक बार फिर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि इन पुरानी परिसंपत्तियों और नगर के विभिन्न सड़क मार्गों की विधिवत नापजोख करवाकर खाली करवाई जाएं।

**सार्थक दिशा में हो उपयोग :-**

नगर परिषद तेंदूखेड़ा द्वारा पूर्व में भी नगर की इन सभी परिसम्पतियों को परिषद के अधीन करने हेतु लिखा पड़ी की लेकिन अभी तक सार्थक दिशा में पहल नहीं हो पा रही है ।इन खंडहरों का सार्थक दिशा में उपयोग होने से व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाकर बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे वहीं अनैतिक गतिविधियों पर विराम लगने के साथ परिसर अच्छे लगने लगेंगे।

## एदोरी पंचायत मे करोडो का घोटाला

2015 से लेकर 2022 तक रोजगार सहायक गिर्राज शर्मा एवं हीरेश मौर्य द्वारा किया गया लगभग करोड़ का घोटाला शासन ने लगभग 3 वर्ष में भी नहीं कर पाई रिकवरी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार



हीरेश मौर्य एवं गिर्राज शर्मा द्वारा लगभग करोड़ का घोटाला । 2015से 2022 तक हुए घोटाले को वर्तमान जिला पंचायत सीईओ सुनील दुबे द्वारा रिकवरी राशि को आधा कर दिया गया।

# बुराई, निंदा करने वाले से दुश्मनी नहीं करनी चाहिए : परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज

## आपका कोई दुश्मन नहीं रहेगा तो आप स्वछन्धारी बन जाओगे

उज्जैन परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने सतसंग में समझाया कि अगर कोई आपकी बुराई कर दे तो समझ लेना चाहिए ये हमारे कर्मों को काट रहा है और इसके साथ हमारा लेना-देना अदा हो रहा है। कहते हैं, निंदक नियरे राखिए, आँगन कुटी छवाय। बिन पानी साबुन बिना, निर्मल करे सुहाय। तो निंदक को अपने आस-पास रखना चाहिए, उसको अपने साथ रखना चाहिए की निंदा कर-कर के जो भी जान-अनजान में बुरे कर्म बन गए उन कर्मों को काट ले, उनको बाँट ले। निंदा बुराई करने वाले से दुश्मनी नहीं करनी चाहिए।

**स्वच्छन्धारी कौन हो जाते हैं ? :-**

स्वछन्धारी वह होता है जो दो बात बर्दाश्त कर लेता है। स्वच्छन्ध मतलब जो आजादी से कहीं भी घूमे। जब कोई गाली भी दे और उसका कोई जवाब ना दे बल्कि उसका पैर छू ले, तब वह आपका दुश्मन बनेगा? नहीं बनेगा। दुश्मन जिनके बन जाते हैं वे आजादी से घूम नहीं सकते हैं, हमेशा डरते रहते हैं कि पता नहीं कौन हमला कर दे और जब आपका कोई दुश्मन नहीं रहेगा तो स्वछन्धारी बन जाओगे, फिर कहीं भी घूमो; कहीं भी आओ-जाओ, कोई शंका नहीं कि कोई पीछे से मार देगा, आगे से मार देगा या दूर से मार देगा, तो वही स्वछन्धारी हो जाते हैं।

**दस नली की बंदूक कौन सी होती है? :-**

कुछ लड़के एक बुजुर्ग आदमी के पास गए और बोले, बाबा, कुछ बताइए, कुछ ज्ञान दीजिए। बाबा ने कहा, नहीं। लड़के बोले, आज



बाबा नहीं बोल रहे हैं, लगता है ये डर गए हैं। बाबा ने कहा, 卐हम किसी से नहीं डरते, हम केवल पाप से और भगवान से डरते हैं। लड़के बोले, डरते कैसे नहीं हो? देखो, सरपंच साहब के पास बंदूक है। वो तुम्हें गोली मार देंगे। बाबा ने कहा, उनके पास दो नली की बंदूक है, लेकिन मेरे पास दस नली की बंदूक है। लड़के हैरान होकर बोले, बाबा, हमने कभी दस नली की बंदूक न ही सुनी और न ही देखी। वह कैसी होती है? बाबा बोले, होती है, और मैं हमेशा उसे अपने साथ रखता हूं। लड़कों ने कहा, हमें तो नहीं दिख रही बाबा, तुम उसे रखते कहां हो? दिखा दो। बाबा ने कहा, मैं उसे ऐसे नहीं दिखाता, जब मौका आता है तब दिखाता हूं। अब लड़कों की उत्सुकता बढ़ गई और वे बाबा के पैर दबाने लगे, प्रार्थना करने लगे कि बाबा, अब बता दो। बाबा ने अपने हाथ की अंगुलियों को दिखाते हुए कहा, देखो, एक हाथ में पांच अंगुलियां हैं, मतलब पांच नली और दोनों हाथ मिलाकर कुल दस नली हैं। ये दस नली जब मैं किसी के सामने (हाथ जोड़कर और सिर झुका कर) दिखाता हूं, तो वह भी सिर झुका देता है। तो कहने का मतलब यह है कि अगर तुम छोटे बन जाओगे, तो सब तुमसे प्यार करने लगेंगे।

**बीमारी व तकलीफों में आराम देने वाला नाम जयगुरुदेव :-**

किसी भी बीमारी, दुःख, तकलीफ, मानसिक टेंशन में शाकाहारी, सदाचारी, नशामुक्त रहते हुए जयगुरुदेव जयगुरुदेव जयगुरुदेव जय जयगुरुदेव* की ध्वनि रोज सुबह-शाम बोलिए व परिवार वालों को बोलवाइए और फायदा देखिए ।

# सरई रेलवे स्टेशन से कोलयार्ड हटाने सहित विभिन्न मांगो को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरई द्वारा एसडीएम कार्यालय का घेराव, 24 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

बृजेश तिवारी



**सरई।** विधानसभा देवसर के अंतर्गत व्याप्त विभिन्न समस्याओं, भ्रष्टाचार, रेत की चोरी तथा जबरन विस्थापन के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरई ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान तहसील प्रांगण में आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को उठाते हुए शासन-प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाया। इस मौके पर बंशमणि वर्मा पूर्व मंत्री,ज्ञानेंद्र द्विवेदी जिला अध्यक्ष,दरोगा पाठक जिला अध्यक्ष सरपंच संघ सिंगरौली,रणबहादुर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष,गोमती जायसवाल,राजकुमार दीपांकर,सुरेंद्र गुप्ता,मनीष गुप्ता, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे वक्ताओं ने कहा कि सरई रेलवे स्टेशन पर कोलयार्ड की समस्या बनी हुई है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम जट्टूटाटोला, लामीदह, खनुआ, पचौर बंधा, सुलियरी, पिड़रवाह, डोंगरी, झलरी सहित विभिन्न स्थानों पर जबरन विस्थापन किया जा रहा है, लेकिन विस्थापित परिवारों को उचित मुआवजा एवं रोजगार नहीं दिया जा रहा। इसके अलावा नगर परिषद सरई में सड़कों की जर्जर हालत, बिजली की अनियमित आपूर्ति, नालियों की बदतर स्थिति और स्वच्छता की कमी भी प्रमुख समस्याओं में शामिल हैं, ओवर ब्रिज निर्माण न होने से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है, वहीं सरई हायर सेकेंडरी स्कूल के पास ओवर ब्रिज का निर्माण न होने से विद्यार्थियों की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है। ग्राम जमगड़ी में आम निस्तार हेतु अंडर ब्रिज के निर्माण की भी वर्षों से मांग की जा रही है, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण यह समस्या जस की तस बनी हुई है। इस आमसभा में वक्ताओं ने सरकार और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। सभा के उपरांत कांग्रेस नेताओं ने तहसीलदार को 24 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए, जिन्होंने अपनी समस्याओं के समाधान की गुहार लगाई। प्रदर्शन के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस मौके पर केशव सिंह, भैयालाल सिंह,रामबालक द्विवेदी, सुनील जायसवाल,अरमान अली,बाबूलाल प्रजापति,रामजी जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व आम नागरिक उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित हुआ सीसीटीएनएस ,ई-साक्ष्य ऐप एवं घटना स्थल से साक्ष्य संकलन संबंधी प्रशिक्षण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो चीफ अमित जोशी निवाड़ी





दिनांक 14/02/2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित उक्त प्रशिक्षण में थाना प्रभारी एवम बिबेचक हुए शामिल पुलिस अधीक्षक निवाड़ी डॉ. रायसिंह नरवरिया के निर्देशन में दिनांक 14/02/2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय निवाड़ी में सभी थाना प्रभारियों की सीसीटीएनएस ,ई साक्ष्य ऐप,घटना स्थल से साक्ष्य संकलन के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया । उक्त प्रशिक्षण में पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी पुलिस अधिकारियों को सीसीटीएनएस में आ रहें नवीन अपडेट की जानकारी दी गई व सीसीटीएनएस ऑनलाइन प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया साथ ही ई साक्ष्य ऐप में साक्ष्य एकत्र करने व अपलोड करने की पूर्ण प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक बताया गया । इसी क्रम में साइबर टीम,विवेचना टीम द्वारा थाना प्रभारियों को संभावित घटना स्थल का निरीक्षण कराया गया एवं वैज्ञानिक विधि से घटना स्थल से सुरक्षित,सरंक्षित रूप से साक्ष्य संकलन की पूर्ण प्रक्रिया को विस्तृत रूप से समझाया गया प्रशिक्षण में सीसीटीएनएस की प्रक्रिया एवं साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया के महत्व को समझाते हुए आवश्यक सावधानियों एवं वैज्ञानिक मानकों को बताया जिनके पालन करने हेतु सभी को निर्देशित भी किया गया । उक्त प्रशिक्षण में थाना/चौकी प्रभारी एवम बिबेचक शामिल हुए ।

# कई राज्य मे गाँव गाँव जाकर राम की महिमा का गुनगान के साथ धर्म का प्रचार करता मंडल



केसरीया हिन्दुस्तान रतलाम जिला.. ब्यूरो सुनिल जोशी सोनु

हुआ पिछले 50 पचास वर्षो से संनातन धर्म की अलख व प्रभु श्री राम की सम्पूर्ण जीवनी रामायण को मंच पर कलाकारो के द्वारा शर्मा परिवार मंचन कर गाँव गाँव जाकर श्री राम की महिमा का बखान कर रहा श्री शिव रामायण मंडल निम्बाहेडा राजस्थान के कलाकारो द्वारा आकृषक व शानदार आयोजन किया गया जिसमे पात्र बनते नाम मोहनलाल शर्मा चौपाई वादक, ओम प्रकाश शर्मा संचालक,शशिकला शर्मा शबरी माता,लक्ष्मेंद्र शर्मा राम,हिमांशु शर्मा लक्ष्मण,मधु शर्मा सीता ,प्रकाश शर्मा रावण,भावेश हनुमान ,करण भरत का रोल अदा करते है मंडल की ग्रामीणो ने भुरी भुरी प्रंशसा की खास बात मंडल मे अश्लील गाँनो मंच पर रामलीला के दोरान नही चलाया जाता,समापन पर रणायरा सुदरकांड समिती द्वारा प्रसाद वितरण कीया गया।इस दोरान पुर्व सरपंच स्व..भागीरथ मालवीय के पुत्र जुझार मालवीय व जोशी ग्रुप रणायरा के द्वारा मंडल के उत्साह वर्धन भेट दी गयी रामायण जी की आरती के बाद समापन हुआ।

## नव साक्षर परीक्षा 16 फरवरी को होगी आयोजित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रेम सिंह कुशवाहा नजीराबाद



**बैरसिया।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 16 फरवरी को भोपाल जिले में नव साक्षरों की मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा इसमें 15 वर्ष से अधिक आयु वाले नव साक्षर शामिल होंगे जिला श्रह्मश्स्त्र शिक्षा अधिकारी डॉक्टर आरके यादव द्वारा बताया गया की परीक्षाओं के मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर से एवं खंड स्तरीय निरीक्षण दल बनाए गए हैं

# सरई तहसील के दुधमनियाँ मे संपन्न हुआ 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ

बृजेश तिवारी



**सरई।** सिंगरौली जिले के सरई तहसील अंतर्गत ग्राम दुधमनियाँ मे भगवती मानव कल्याण संगठन के बैनर तले 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का भव्य समापन हुआ। बता दे कि यह कार्यक्रम गुरुवार को प्रारंभ होकर 24 घंटे तक संगीतमय तरीकें से चलता रहा जो शुक्रवार को संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ो की संख्या में संगठन के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही वहीं नए भक्तों ने नशा मुक्त मांसाहार मुक्त चरित्रवान चेतनावान जीवन जीने का संकल्प लेते हुए धर्म की रक्षा राष्ट्र की रक्षा मानवता की सेवा करने का संकल्प लिया। इस मौके पर भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला प्रभारी प्रेम सागर गुप्ता,हिंछलाल पटेल,स्वामी शरण गुप्ता,राजू पटेल,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला प्रभारी प्रेमसागर गुप्ता ने चिंतन देते हुए कहा कि जब जब मानव समाज भटका है तब तक धर्मगुरुओं ने ही उसे दिशा दी है आज जिस तरह से समाज भटक रहा है, उसे सही दिशा देने के लिए धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज ने एक सामाजिक क्रांति की शुरुआत की है, जिसके लिए वह दिन-रात साधनारत रहते हैं और समाज कल्याण के लिए उन्होंने 108 महाशक्ति यज्ञो का संकल्प लिया है एक यज्ञ में 11 दिन लगते हैं और सब यज्ञो की श्रंखला प्रारंभहोने जा रही है। श्री शक्तिपुत्र जी महाराज ने भगवती मानव कल्याण संगठन का गठन करके पूरे देश में नशा मुक्ति अभियान चला रहे हैं और अब तक करोड़ों लोगों को नशा मुक्त जीवन प्रदान किया है। जहां नशे से आज घर परिवार टूट रहे हैं महिलाएं घरेलू हिंसा की शिकार हो रही है वही भगवती मानव कल्याण संगठन ने पूरे देश में नशा मुक्ति की अलख जगह दी जिसका असर है कि आज जगह-जगह पर महिलाएं शराब के विरोध में सड़कों पर उतर रही हैं वही मांसाहार मुक्ति का भी अभियान चलाया जा रहा है, आज मांसाहार से प्रकृति असंतुलित हो रही है निरीह जीव-जंतुओं को लोग मारकर खा रहे हैं जिसका असर जलवायु परिवर्तन के रूप में भी देखा जा रहा है। भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता पूरे देश में वर्ष भर में वृक्षारोपण अभियान से भी जुड़े हुए हैं वह गायों का संरक्षण संवर्धन भी बड़े स्तर पर संगठन द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## एमपी में फिर ठंड का असर, लुढ़का पारा

# रात में 7 तो दिन में 23ए पहुंचा; भोपाल, इंदौर-उज्जैन में भी गिरावट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में ठंड का असर फिर बढ़ा है। उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की एक्टिविटी होने से गुरुवार को प्रदेश में हवा की रफ्तार 12 से 15 किमी प्रतिघंटा पहुंच गई, जबकि रात में 7 डिग्री और दिन में पारा 23 डिग्री तक आ गया। वहीं, दिन में तापमान 6.2 डिग्री तक लुढ़क गया। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर में भी गिरावट हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार से पारे में फिर से गिरावट हो सकती है। इससे तापमान 2 से 3 डिग्री तक बढ़ेगा। मौसम वैज्ञानिक प्रमेंद्र कुमार रैकवार ने बताया, पूरे फरवरी महीने में तापमान में ऐसी ही उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। इस वजह से तापमान में गिरावट देखने को मिली है। शुक्रवार से पारे में फिर से बढ़ोतरी होगी।



मौसम वैज्ञानिक रैकवार ने बताया, फरवरी में कई वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होते हैं। अबकी बार भी ऐसा ही है। इस वजह से पारे में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। फिलहाल बारिश होने के आसार नहीं है। गुरुवार को दिन के तापमान में खासी गिरावट हुई। मौसम विभाग के अनुसार, पचमढ़ी में पारा 23.4 डिग्री रहा। भोपाल में 26.6 डिग्री, इंदौर में 27.3 डिग्री, ग्वालियर में 27.1 डिग्री, उज्जैन में 28.5 डिग्री और जबलपुर में 26.2 डिग्री रहा। इसी तरह रायसेन में 25 डिग्री, दमोह में 28 डिग्री, खजुराहो में 27.6 डिग्री, नरसिंहपुर में 28.2 डिग्री, नौगांव में 25.8 डिग्री, रीवा में 27 डिग्री, सागर में 28.2 डिग्री, सतना में 27.2 डिग्री, सिवनी में 26.4 डिग्री, सीधी में 26.6 डिग्री, उमरिया में 27.4 डिग्री और मलाजखंड में पारा 26.9 डिग्री दर्ज किया गया। बुधवार-गुरुवार की रात में भी पारे में गिरावट देखने को मिली है।

प्रदेश में पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें, तो फरवरी महीने में रातें ठंडी और दिन गर्म रहते हैं। बारिश का ट्रेंड भी है। इस बार भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। भोपाल, इंदौर और उज्जैन में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री के पार रहेगा, जबकि रात में 10 से 14 डिग्री के बीच रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, फरवरी में सबसे ज्यादा ग्वालियर ठिठुरता है। पिछले साल यहां न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री तक पहुंचा था, लेकिन इससे पहले 5 डिग्री के नीचे ही रहा है। जबलपुर में दिन में गर्मी और रात में ठंड रहती है। इस बार शुरुआती दो महीने यानी, नवंबर और दिसंबर में कड़ाके की ठंड पड़ी। ठंड ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। नवंबर की बात करें तो भोपाल में 36 साल का रिकॉर्ड टूटा। इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर में भी पारा सामान्य से 7 डिग्री तक नीचे रहा। वहीं, दिसंबर में भी ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ा। स्थिति यह रही कि पूरे प्रदेश में जनवरी से भी ठंडा दिसंबर रहा।

भोपाल समेत कई शहरों में ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ दिए। 9 दिन शीतलहर चली। भोपाल में दिसंबर की सर्दी ने 58 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत कई जिलों में स्कूलों की टाइमिंग बदल दी गई है, जबकि भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में जानवरों को सर्दी से बचाने के लिए हीटर लगाए गए।

## भोपाल में सातवीं की छात्रा से बैड टच

**भोपाल।** भोपाल के अशोका गार्डन इलाके में सातवीं कक्षा की छात्रा के साथ बैड टच का मामला सामने आया है। आरोप पीड़िता के घर के पड़ोस में रहने वाले युवक पर लगे हैं। युवक मौका मिलते ही किशोरी के साथ अश्लील हरकत करता था। आए दिन की हरकतों से तंग आकर पीड़िता ने गुरुवार की रात मां को पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद मां उसे थाने लेकर पहुंची और एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 13 वर्षीय किशोरी कक्षा सातवीं की छात्रा है। उसके घर के सामने पुताई का काम करने वाला 25 वर्षीय इरशाद मंसूरी रहता है। वह छात्रा को लंबे समय से परेशान कर उसका स्कूल तक पीछा कर रहा था। आरोपी ने एक बार स्कूल से लौटते समय पीड़िता को बैड टच भी किया था। स्कूल से लौटते समय उसे अश्लील इशारे करता था। गुरुवार छात्रा स्कूल से अपने घर पहुंची और पूरी कहानी मां को बताई।

## पेट्रोल में वैट लगाने वाला एमपी देश में पांचवां राज्य

# आंध्र, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक में सबसे ज्यादा टैक्स, मध्य प्रदेश में वैट के ऊपर वसूल रहे सेस

**भोपाल।** पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण जहां आम लोग परेशान हैं। वहीं विपक्ष सरकार पर मंहगाई को रोकने में नाकाम साबित होने के आरोप लगाता है।



पेट्रोल, डीजल पर टैक्स लगाने के मामले में मध्य प्रदेश देश में पांचवां राज्य है। दक्षिण भारत के चार राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक के बाद मप्र में सबसे ज्यादा टैक्स लगाए जा रहे हैं। लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी सामने आई है। पेट्रोल डीजल पर टैक्स के ऊपर टैक्स लगाया जा रहा है। मप्र में पेट्रोल पर 29त्न वैट, 2.5त्न रुपए प्रति लीटर वैट के साथ 1त्न उपकर लिया जाता है। डीजल पर 19त्न वैट, 1.5 रुपए प्रति लीटर वैट के साथ 1त्न उपकर लिया जा रहा है। पेट्रोल और डीजल पर सबसे कम एक-एक फीसदी टैक्स अंडमान निकोबार द्वीप समूह पर लिया जाता है। लक्षद्वीप में पेट्रोल और डीजल पर 10-10त्न वैट वसूला जाता है। दादरा और नगर हवेली एवं दमन एवं द्वीव में पेट्रोल पर 12.75त्न वैट और डीजल पर 13.50त्न वैट लिया जाता है।

# भोपाल नाका मित्र मंडल ने किया नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा का स्वागत

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि हैं। एक-एक कार्यकर्ता मिलकर ही संगठन का निर्माण करता है। भाजपा में मेहनती कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता है। उक्त विचार शहर के भोपाल नाका मित्र मंडल के तत्वाधान में एक निजी गार्डन में स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहे। शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा का भव्य रूप कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत-सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर बतौर विशेष अतिथि सीहोर विधायक सुदेश राय एवं भाजपा नेता सन्नी महाजन एवं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर जी द्वारा की गई। भोपाल नाका मित्र मंडल की ओर से विजेन्द्र परमार, अजय राजपूत, प्रितेश राठौर, आशुतोष त्यागी, विजय तिवारी, मयंक राठौर, ललित त्यागी, अंकित राठौर, ललित राठौर, विवेक राय, दिलीप राठौर, आलोक ठाकुर, अंकित वशिष्ठ, गजेन्द्र सिंह सिसौदिया, शैलेन्द्र परमार, नीरज मेवाड़ा, जित्तू राठौर, जितेन्द्र बैरागी, प्रतीक जैन, गोलू राठौर के अलावा पार्षद और क्षेत्रवासी शामिल थे।

इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा ने कहा कि भोपाल नाका मित्र मंडल सहित अन्य भाजपा नेताओं ने जो हमारा स्वागत किया है, उसका मैं आजीवन आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार के द्वारा सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र से अनेक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। मेरी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से अपील है कि वह इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि हमारे जनप्रिय जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा युवा मोर्चा में पार्टी को नई ऊंचाई पर पहुंचाया था, इसके बाद उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष कार्यकाल में शहरवासियों की बुनियादी समस्याओं के साथ जो पेयजल योजना बनाई थी, उससे नगरवासियों की पेयजल समस्या को दूर किया था। भाजपा में सभी वर्गों का हित सुरक्षित है। सभी को साथ लेकर चलने का हुनर भाजपा ही जानती है। केन्द्र और प्रदेशसरकार में समाज के हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन भाजपा जिला मंत्री प्रितेश राठौर एवं कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों एवं समस्त कार्यकर्ताओं का आभार भाजपा नगर मंत्री आशुतोष त्यागी द्वारा व्यक्त किया गया।

# बाल विवाह बालिका के सम्पूर्ण जीवन को प्रभावित करता है : त्यागी

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



सीहोर। बाल विवाह बच्ची के जीवन और स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, नाबालिक बच्चियों के विवाह करने से शिक्षा अवरुद्ध हो जाती है एवं भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग जाता है । कई बार बच्चियों मानसिक रूप से भी प्रताड़ित होती हैं।आज देश में आंकड़ों के मुताबिक 15 से 19 वर्ष की 16त्न बच्चियों विवाहित हैं। उक्त बातें शासकीय बालिका महाविद्यालय सीहोर में आयोजित बाल विवाह निषेध व्याख्यान माला में वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता संजय त्यागी ने मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहीं श्री त्यागी ने कॉलेज के विज्ञान भवन में उपस्थित छात्राओं को बताया कि किसी भी सूरत में बाल विवाह रोका जाना बहुत आवश्यक है,इसके लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है बाल विवाह रोकथाम के लिए पुलिस, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 112 पर शिकायत दर्ज कर बाल विवाह रोकने में सहयोग करें इस मौके पर बाल कल्याण समिति के मानसिंह सेन, महिला बाल विकास विभाग के परामर्शदाता सुरेश पंचाल, कॉलेज प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

# घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए की गई छापामार कार्रवाई

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा आष्टा तथा इछावर तहसील के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों, होटलों एवं प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसाय के लिए उपयोग करने वाली दुकानों एवं संस्थानों की जांच कर उपयोग किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री सुनील कुमार बोहित ने बताया कि जांच के दौरान कोठरी के वीआईटी कालेज रोड़ स्थित मेहता रेस्टोरेंट से 03 सिलेंडर, रॉयल टी रेस्टोरेंट से 01 सिलेंडर, मिड नाईट फास्ट फूड से 01 सिलेंडर, मॉ अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट से 03 सिलेंडर तथा उपसरपंच टी स्टॉल से 01 सिलेंडर जब्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम ब्रिजिशनगर स्थित राठौर टी स्टॉल, राठौर नाश्ता पाईंट, दीपक राठौर टी स्टॉल, जीजा की दुकान टी स्टॉल का औचक निरीक्षण कर घरेलु गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने पर 13 घरेलू गैस सिलेंडर जब?त किए गए। यह कार्रवाई सहायक आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रेशमा भांवोर, श्री प्रकाश सिंह यादव सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा की गई।

# जैन समाज ने कलेक्टर-एसपी को सौंपा ज्ञापन, टीकमगढ़ जैन तीर्थ क्षेत्र पपौरा विवाद पर कहा- ट्रस्ट की छवि खराब करने की साजिश

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

जिला ब्यूरो/मनोज सिंह



**टीकमगढ़** में जैन तीर्थ क्षेत्र पपौरा में विवाद की स्थिति गंभीर होती जा रही है। एक तरफ जहां समाज के एक पक्ष की शिकायत पर जिला न्यायालय ने 8 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने के आदेश दिए हैं। वहीं दूसरे पक्ष ने ट्रस्ट को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है।

जैन समाज के प्रतिनिधि पुष्पेंद्र जैन के नेतृत्व में कलेक्टर और एसपी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व पदाधिकारी कोमलचंद सुनवाह के कार्यकाल में किए गए विकास कार्य और समाज हित के प्रस्तावों को कुछ लोग नकार रहे हैं। आरोप है कि यह विरोध मंदिर कमेटी से मिलने वाली आय के बंटवारे को लेकर है। प्रतिनिधि बोले- वर्तमान पदाधिकारियों पर लगाए जा रहे गलत आरोप

ज्ञापन में आरोप लगाया कि पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप भदौरा ने अपने भाई डॉ. सुधीर भदौरा को मंदिर ट्रस्ट की कटरा बाजार की दुकान मात्र 3,800 रुपए मासिक किराए पर दिलवाई, जबकि वर्तमान बाजार दर इससे कई गुना अधिक है। साथ ही यह भी बताया गया कि प्रदीप भदौरा और उनके साथियों को पूर्व में विजय तेवरैया के घर में घुसकर महिलाओं और बच्चों के साथ मारपीट के मामले में 6 साल के कारावास की सजा हुई थी, जिस पर वर्तमान में वे जमानत पर हैं।

**ट्रस्ट की छवि खराब करने वालों पर कार्रवाई की मांग :** 1996 में हुए संविधान संशोधन के तहत 9 सदस्यीय टीम में प्रदीप भदौरा के पिता भी शामिल थे, फिर भी वर्तमान

पदाधिकारियों पर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। जैन समाज ने ट्रस्ट की छवि को धूमिल करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# कलेक्टर श्री कोचर ने दमोह ग्रामीण के आँगनबाड़ी केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

## कम वजन वाले बच्चों के घर भी पहुंचे कलेक्टर, दी समझाइश

## कहा बच्चों को भर्ती करवाए भोजन भी चखा, किया संतोष व्यक्त

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



दमोह - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने परियोजना दमोह ग्रामीण अंतर्गत आने वाले आगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

कलेक्टर श्री कोचर ने प्रात: 10:30 बजे आगनबाड़ी केन्द्र मराहार कार्यकर्ता मधु पटैल के केन्द्र पहुंचकर बच्चों के वजन का सत्यापन किया एवं बच्चों को दिए जाने वाले नाश्ता एवं भोजन की जांच की, तदोपरांत आंगनबाड़ी केन्द्र आमचौपरा आगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया जिसमें बच्चों के वजन की जांच की गई, जिसमें एक बच्चे के वजन में अंतर आने एवं पोषण ट्रेकर में वजन एन्ट्री न होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए । उन्होंने आगनबाड़ी केन्द्र बिसनाखेड़ी एवं पटी शीशपुर का निरीक्षण किया, यहां पर भी आगनबाडी में दर्ज बच्चों के वजन की जांच की गई दोनों ग्रामों में 01.01 सेम बच्चे मिले जिनके घर जाकर कलेक्टर श्री कोचर ने गृह भ्रमण कर एनआरसी में भर्ती करने के लिए समझाईस दी एम्बुलेंस के माध्यम बच्चे की जांच करवाई गई। मराहर एवं बिसनाखेड़ी में कलेक्टर श्री कोचर ने आंगनवाड़ी में प्रदाय किए जाने वाले भोजन का परीक्षण स्वयं चखकर किया किया और खाने पर संतोष व्यक्त किया। भ्रमण के दौरान सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास संजीव कुमार मिश्रा, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना दमोह ग्रामीण कैलाश राय, पर्यवेक्षक श्रीमती सरस्वती यादव एवं सुरेश शुक्ला उपस्थि?त रहे।

# पूर्णिमा पर राष्ट्र सेविका समिति ने किया ताप्ती का पूजन



**बुरहानपुर।** राष्ट्र सेविका समिति द्वारा पूर्णिमा मासीक मिलन का आयोजन किया गया। यहां समिति सदस्यों ने ताप्ती मैया की आरती और पूजन किया। महिलाओं ने प्रत्येक महीने की पूर्णिमा पर ताप्ती के पूजन और आरती का निर्णय लिया। राष्ट्र सेवीका समिति की सदस्य ने प्रीया विजय पोद्दार ने बताया- भारतीय संस्कृति से आने वाली पीढियों को परिचित कराने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। ताप्ती को स्वच्छ बनाने का प्रयास करेंगे। नागरिकों को जागरुक करेंगे। इस अवसर पर ताप्ती सेवा समिति अध्यक्ष सरिता भगत ने बताया- राष्ट्र सेविका समिति के साथ ताप्ती सेवा समिति भी प्रत्येक पूर्णिमा पर आरती-पूजन में शामिल होंगे।

# पारसडोह डेम की पाईप लाईन फूटने से किसान की फसल हुई बर्बाद

## कार्य पालन यंत्री मुलताई भी नहीं दे रहे ध्यान, कलेक्टर से की शिकायत

## बर्बाद फसल का मुआवजा दिए जाने की लगाई गुहार

केसरिया हिंदुस्तान



**बैतूल।** आठनेर तहसील के ग्राम पुसली निवासी चंद्र किशोर सोलंकी के खेत में बिछी पारसडोह डेम की पाइपलाइन फूटने से उनकी फसल बर्बाद हो रही है। किसान चंद्राकिशोर ने मुलताई के कार्यपालन यंत्री को इसकी सूचना दी, लेकिन वे भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसकी शिकायत किसान चंद्र किशोर ने शुक्रवार को बैतूल मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर से की है और बर्बाद फसल का मुआवजा दिए जाने की गुहार लगाई है।

आवेदन के माध्यम से किसान ने बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम पुसली में स्थित है। जिसमें से सिंचाई के लिए पारसडोह डेम की पाईप लाईन गई है। उक्त पाईप लाईन खुल जाने के कारण उनकी कृषि भूमि में लगी फसल को नुकसान हो रहा है। पाईप लाईन को सीमेंट कांक्रीट से सुधार कर खुले पाईप को बंद किया जाना आवश्यक है। इसके पूर्व में भी पाइपलाइन फूट गई थी जिसके कारण फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई, लेकिन आज तक मुआवजा नहीं मिला। उन्होंने बताया कि उक्त पाईन लाईन को सुधारा दिया गया, लेकिन वर्तमान में पाईप लाईन फिर से खुल जाने के कारण पानी बह रहा है और खेत में लगी फसल पूरी तरह बर्बाद हो रही है। उक्त घटना की शिकायत कार्य पालन यंत्री जल संसाधन विभाग मुलताई को की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। किसान ने आवेदन के माध्यम से तत्काल चेक नं. 215 की मेन लाईन का पाईप लाईन को सुधारकर पानी लिकेज को बंद किए जाने तथा उक्त पाइपलाइन को अन्यत्र जगह स्थापित किए जाने की मांग की है।

# जिले में एक नये युग की शुरूआत, दमोह कृषि प्रधान जिला है नीति आयोग लगातार जिले को सपोर्ट करेगा-कलेक्टर : श्री कोचर

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह** - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा मुख्यमंत्री जी, मंत्रीगण, विधायक, और सांसद इन सभी के मार्गदर्शन में आज एक बहुत ही महत्वपूर्ण काम शुरू हुआ है । दमोह कृषि प्रधान जिला है और कृषि उससे संबंधित गतिविधियों बहुत महत्वपूर्ण है। नीति आयोग ने आकांक्षी जिलों के लिए एक नया कार्यक्रम शुरू किया था और उसमें कहा गया था कि यदि मान लीजिए कुछ अलग अलग क्षेत्र हैं, उनमें से कोई दो-तीन जिले चुन सकते हैं और उन क्षेत्रों में नीति आयोग उनको पूरा सपोर्ट करेगा। दमोह जिले में जो क्षेत्र चुने थे उनमे से एक क्षेत्र कृषि था, कृषि, पशुपालन, मछली पालन, उद्यानिकी यह सारी गतिविधियां है, तो जब यह चुना उसके बाद से नीति आयोग ने तत्काल सपोर्ट देना शुरू किया और आज नीति आयोग के साथ इसके संबंध में बैठक संपन्न हुई।

कलेक्टर श्री कोचर ने बताया आज इस कार्यक्रम के तहत नीति आयोग के सदस्यों ने कृषि विभाग के अधिकारियों को और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया। अब इस पर काम शुरू होगा और नीति आयोग लगातार जिले को सपोर्ट करेगा, अगले 5 साल में कैसे दमोह जिले की कृषि ट्रांसफॉर्म हो जाए, पूरी तरह से रूपांतरित हो जाए, इसके लिए उन्होंने 09 अलग-अलग पैरामीटर बनाए हैं, यह 09 पैरामीटर पर काम शुरू हो जाएगा। नीति आयोग के यंग प्रोफेशनल्स, कॅसल्टेंट्स और प्रभारी अधिकारीगण दमोह जिले के लिए अलग से नियुक्त किए गए हैं, वह दिल्ली से लगातार संपर्क में रहेंगे। जिला पंचायत को इसके लिए नोडल बनाया है और कृषि विभाग के अधिकारीगण उसमें पूरा सहयोग करेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिले में एक नए युग की शुरुआत है, दमोह कृषि प्रधान जिला है और नीति आयोग के सहयोग से अगले पांच सालों में

# ग्राम राजपुरा में विधायक निधि से स्वीकृत 8 लाख रुपये से सीसी रोड़ का शुभारंभ किया

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001



श्योपुर ग्राम राजपुरा मे विधायक निधि से स्वीकृत 8 लाख रूपए सी. सी रोड का शुभारंभ किया विधायक मीडिया प्रभारी सिराज दाऊदी ने जानकारी देते हुए बताया राजपुरा के लोगों से कई दिनों से सीसी की मांग थी गांव के लोग काफी परेशान थे इसको ध्यान में रखते हुए विधायक जी ने अपनी निधि से 8लाख रुपये स्वीकृत किए यह भी विधायक जी को दिखता है कि यहां रोड की परेशानी है गांव वालों की मांग पर वह अपनी निधि से निर्माण करवाते हैं कहीं जगह विधायक जी ने अपनी निधि से सामुदायिक भवन व सीसी का निर्माण करवाए हैं

इस अवसर पर राजपुरा सरपंच श्रीं शिवराज मीणा जी, श्रीं मुकेश मीणा सोंठवा जी, वरिष्ठ समाजसेवी श्रीं भागचंद मीणा कलोनी जी सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे

# चंदोखा में मिट्टी से रेत बनाने से सड़क दलदल बनी

## मवेशियों की मौत, टीकमगढ़ में नियमों की अनदेखी कर मिट्टी से रेत बना रहा एम-सैंड प्लांट

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

जिला ब्यूरो/मनोज सिंह




**टीकमगढ़** जिले के मोहनगढ़ तहसील के चंदोखा गांव में एक एम-सैंड प्लांट ने नियमों की अनदेखी कर रहा है। जिला मुख्यालय से 16 किलोमीटर दूर मड़खेरा ग्राम पंचायत के इस गांव में प्रतिभा जैन के नाम पर संचालित प्लांट को पत्थर से रेत बनाने की इजाजत मिली थी, लेकिन संचालक मिट्टी से रेत बना रहा है।

**प्लांट से निकलने वाला वेस्ट मटेरियल सैड़कों पर फैला :** गांव की मुख्य सड़क पर प्लांट से निकलने वाला वेस्ट मटेरियल फैलाया जा रहा है, जिससे रास्ता दलदल में तब्दील हो गया है। इससे न केवल ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है, बल्कि दलदल में फंसकर कई मवेशियों की मौत भी हो चुकी है। स्थानीय निवासी सोबरन और संजय यादव ने बताया कि खदान में मुरम और पानी भरा रहता है, जिससे कीचड़ ओवरफ्लो होकर गांव के मुख्य मार्ग तक पहुंच रहा है। खदान से होने वाला वेस्ट खेतों तक पहुंच गया है। कल्लू यादव का खेत खदान से सटा हुआ है। उन्होंने बताया कि खदान का मलबा उनके खेत में बहकर आ रहा है, जिससे फसलों को नुकसान हो रहा है। खनिज निरीक्षक कुलदीप जैन ने मामले में हस्तक्षेप से इनकार करते हुए कहा कि यह मामला प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड केअधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने ग्रामीणों को सागर के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी है।

# कथावाचक श्री साकेत बिहारी जी महाराज ने नागेंद्र सिंह करमऊ को आशीर्वाद दिए

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान





करमऊ रामपुर बघेलान क्षेत्र के ग्राम पंचायत खटखरी मानिकपुर में सात दिवसी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया कथा वाचक परम पूजनीय श्री साकेत बिहारी जी ने कथा के चौथे दिन में आज अपनी मधुर वाणी से समाज में यह संदेश देते हुए बताएं कि विद्यालय में अपने बच्चों को जरूर पढाए लेकिन पढ़ाई के साथ-साथ संस्कारबान भी बनाएं पढ़ाई तो ठीक है यदि बच्चे में संस्कार नहीं तो समाज का धर्म का देश का विकास नही? कर पाएगा इस अवसर पर जिला के फॉयर ब्रांड नेता अखिल भारतीय वनवासी विकास परिषद के जिलाहित रक्षक प्रमुख पूर्व जनपद सदस्य नागेंद्र सिंह करमऊ ने आज श्रीमद् भागवत कथा में आज पहुंचे वही नागेंद्र सिंह करमऊ ने कथा वाचक परम पूजनीय श्री साकेत बिहारी जी महाराज जी को साल श्रीफल व माला से सम्मानित किया वहीं कथावाचक श्री साकेत बिहारी जी महाराज ने नागेंद्र सिंह करमऊ को माला पहनकर क्षेत्र के विकास के लिए देश के विकास के लिए धर्म के रक्षा के लिए उन्होंने आशीर्वाद दिए और कहा कि नागेंद्र जी आपका राजनीति के साथ-साथ समाज व धर्म में विशेष सहयोग रहता है हम आपको इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सोशल मीडिया प्रिंट मीडिया के माध्यम से देखता रहता हूं मेरी शुभकामनाएं आपके साथ सदैव हमेशा रहेगी सात दिवसी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन श्री दीपू सिंह बघेल के निज निवास पर हो रही है वह अपने पिताजी और अपने माता जी को कथा सुनवा रहे हैं प्रमुख रूप से हरिओम शर्मा संतोष सोधिया पंकज शर्मा व क्षेत्र के बुजुर्ग माताएं बहने युवा साथी भारी मात्रा में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर रहे हैं

# परिवीक्षाधीन आईपीएस गौरव पाण्डेय को मिला गोविंदगढ़ थाना का स्वतंत्र प्रभार

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने आदेश जारी कर 76वें आर.आर.2022 बैच के मध्यप्रदेश कैडर के परिवीक्षाधीन भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी गौरव पाण्डेय को गोविंदगढ़ थाना का स्वतंत्र प्रभार सौंपा है।यह आदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के पत्र क्रमांक पु.मु./प्रशिक्षण/टी-3/3269/ 2024, दिनांक 21नवंबर 2024 के तहत जारी किया गया है।आईपीएस गौरव पाण्डेय को उनकी प्रशिक्षण अवधि के दौरान फील्ड में कार्य का अनुभव देने के उद्देश्य से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।इस निर्णय से क्षेत्र में पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने की उम्मीद जताई जा रही है।पुलिस विभाग का मानना है कि इस तरह की पदस्थापनाएं नए अधिकारियों को प्रशासनिक और कानून-व्यवस्था संबंधी चुनौतियों को समझने और उनसे निपटने में सहायक होती हैं।गौरतलब है कि परिवीक्षाधीन आईपीएस अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न पुलिस इकाइयों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए इस तरह की तैनाती दी जाती है।इस दौरान वे अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनसंपर्क को मजबूत बनाए रखने का कार्य करेंगे।

# कलेक्टर के निर्देश अनुसार महिला बाल विकास कराहल परियोजना बारागुआ के आंगनबाड़ी केंद्र में एनआरसी कराल में बच्चे भर्ती कराए

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001




कलेक्टर के निर्देश में आज महिला बाल विकास कराहल परियोजना के बरगवा के आंगनवाड़ी केंद्र, से 3 बच्चे हृत्रष्ट कराहल में भर्ती करवाए जिसमें लगातार 7 दिवस से भर्ती करवाने की कबायद चल रही थे परंतु पिता हृत्रष्ट भेजने को राजी नहीं हो रहा था बार बार कार्यकर्ता जाती तो उसे भगा देते परंतु जब पर्यवेक्षक सुषमा सोनी ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सोनम शर्मा ,आशा,पुलिस ,सचिव,सरपंच ने टीम बनाकर काम किया तो मेहनत रंग लाई और बच्चे कराहल हृत्रष्ट में भर्ती हुएजो बच्चे भर्ती हुए है 1-कार्तिक/खुशबू/अजीत 15 माह वजन 6.150 लम्बाई 67.5 2-अनन्या/संगीता/प्रदीप 8 माह वजन 6.040लम्बाई 68.5 3-अवनी/मूर्ती/राजाराम 12माह वजन 6.800लम्बाई 73.5

# प्रयागराज में कृष्णगिरी पीठाधीश्वर का अभिषेक पूजन ; श्री वसंतविजयानंदगिरीजी महाराज के रुप में जगद्गुरु पदारोहण

## पूज्य गुरुदेवश्री परमहंस परिव्राजकाचार्य जगद्गुरु के पद से सुशोभित हुए, अनेक संतवृंद ने ओढ़ाई सम्मान सूचक चादर

डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान



प्रयागराज। साधना के शिखर पुरुष, सर्व धर्म दिवाकर, राष्ट्रसंत परम पूज्य गुरुदेव श्री वसंत विजय जी महाराज महाकुंभ मेले में माघ मास की पूर्णिमा के पावन दिवस पर पंचदस नाम जूना अखाड़े के परमहंस परिव्राजकाचार्य कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज के नाम से घोषणा के साथ निर्युक्त हुए। गगनचुंबी जयकारों व वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ हर्षोल्लास से भव्यता पूर्वक पूज्य गुरुदेवश्री का जगद्गुरु पद पर अभिषेक आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंदगिरीजी महाराज ने किया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के मंत्री हरिगिरि जी महाराज, अखिल भारतीय प्रवक्ता नारायण गिरी जी महाराज एवं अनेक संतगण व सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति में यह भव्य पदारोहण समारोह हुआ। इस मौके पर करीब 25 विद्वान विप्र पंडितों ने वेद मंत्रों के गुंजायमान के साथ अभिषेक, पूजन यज्ञ आदि कर्मों में विधि विधान में सहयोग किया। इससे पूर्व प्रथम दिन पूज्य गुरुदेवश्री ने पतित पावन मां गंगा के घाट किनारे मुंडन क्रिया संपन्न कराई व गंगा स्नान किया। इसी के साथ सभी विधि शुरू हुई जो अगले दिन सुबह माघ पुर्णिमा के अवसर पर बिरजा होम तथा अन्य कार्यक्रम हुए। दोपहर में विधि पूर्वक फ़िर से प्रयागराज स्थित त्रिवेणी संगम में पूज्य गुरुदेवश्री ने डुबकी लगा कर स्नान किया इस दौरान भी अनेक विधियां पूर्ण की गई। इस अवसर पर अभिषेक आदि के साथ सैकड़ो भक्तों की उपस्थिति में जगद्गुरु पदारोहण की उपाधि पर भव्य घोषणा कर, वरिष्ठ संतवृंद द्वारा आदर सम्मान पूर्वक चादर ओढ़ाई गई। अखाड़े से जुड़े अनेक महामंडलेश्वर एवं संतों ने अपने अपने विचार रखे। हर हर महादेव की गूंज भरे जैकारों के साथ यह समारोह सानंद संपन्न हुआ।

# महाकुम्भ से लौटे संतश्री भावनाथजी महाराज का स्वागत, शिष्यों ने चरण धोकर चरणामृत पान किया

## महाराजजी ने संगम तट पर गौ रक्षा का संकल्प करवाया



राजीव जोशी, केसरिया हिंदुस्तान

**बीकानेर।** कानासर फांटा स्थित संतश्री भावनाथ आश्रम गौशाला के अधिष्ठाता संतश्री भावनाथजी महाराज के प्रयागराज महाकुम्भ त्रिवेणी संगम स्नान कर लौटने पर उनका अभिनन्दन किया गया। संभाग मुख्यालय स्थित विश्व प्रसिद्ध सामाजिक संस्था रमक झमक के अध्यक्ष प्रहलाद ओझा %भैरुं% ने बताया कि संतश्री भावनाथजी महाराज ने पूर्णिमा के दिन अपने बीकानेर व जोधपुर के शिष्यों के साथ माघी पुर्णिमा को महाकुम्भ संगम में जन कल्याण एवं गौ हित कल्याण की कामना से स्नान किया और इस महाकुम्भ में संगम तट पर गौ रक्षा हेतु संकल्प दिलाया। बीकानेर अपने आश्रम में पहुंचने पर रमक झमक के अध्यक्ष प्रहलाद ओझा %भैरुं%, प.सोहन महाराज उपाध्याय, बजरंग राजपुरोहित, प.दामोदर प्रजापत एवं भुरमल कुमावत ने संतश्री भावनाथजी महाराज को भगवा शॉल, रमक झमक ओपरणा व श्रीफल भेंट कर, रुद्राक्ष माला एवं पुष्पमाला पहना कर अभिनन्दन किया। इस दौरान उपस्थित गौ भक्तों एवं शिष्यों ने गौ दुग्ध व जल से उनके चरण धोए व चरणामृत पान किया तथा आरती की।

इस अवसर पर संतश्री भावनाथजी महाराज ने बालकिया धोरा के महंत त्यागीश्री परमेश्वरदासजी महाराज का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने महाकुम्भ में उनके लिए स्नान व पूजन आदि के लिए खास व्यवस्था की। शुक्रवार सुबह जोधपुर में भी रुचि प्रतिष्ठान के गणेश लखारा व मनोज लखारा ने पुष्प वर्षा कर तथा मोतियों की माला पहनाकर महाराजश्री का अभिनन्दन किया।

# लहसुन किसानों की दर्दभरी कहानी: 50 हजार प्रति क्विंटल का बीज खरीदा, अब मंडी में सिर्फ 7 हजार का भाव

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



आलोट कृषि मंडी में लहसुन की फसल लेकर पहुंच रहे किसानों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। किसानों ने सितंबर-अक्टूबर में 50 हजार रुपए प्रति क्विंटल के भाव से बीज खरीदा था, लेकिन अब फसल तैयार होने पर मंडी में महज 7 हजार रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिल रहा है। जोयान के किसान बाबू सिंह आजना के अनुसार, एक बीघा लहसुन की खेती में लगभग 1.5 लाख रुपए का खर्च आता है। इसमें 2 क्विंटल बीज, बुआई का खर्च 10 हजार, उर्वरक 10 हजार, कीटनाशक और स्प्रे 10 हजार, बिजली खर्च 5 हजार, खुदाई 5 हजार, सफाई 3 हजार और परिवहन खर्च 2 हजार रुपए शामिल है।

किसान नेता ने एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाते हुए कहा कि फसलों को एमएसपी न मिलने का एक कारण किसानों में एकजुटता की कमी भी है। उन्होंने कहा कि जब हरियाणा-पंजाब के किसान विरोध करते हैं, तो मध्य प्रदेश के किसान उनका साथ नहीं देते, बल्कि कई किसान ऐसे भी जो उन्हें खालिस्तानी और देशद्रोही कहते है।

उन्होंने किसान संगठनों पर भी सवाल उठाए और कहा कि किसानों को अपना एक मजबूत, स्वतंत्र संगठन बनाना होगा, यहाँ के किसान संघठन भाजपा के पोलिंग एजेंट बनकर काम करते हे ,किसानो को ऐसे संघठन की आवश्यकता है जो सरकार की नीतियों से लड़ सके और किसानों के हित में आवाज उठा सके। उनका मानना है कि जब तक नीतियों में बदलाव नहीं आएगा, किसानों की स्थिति में सुधार नहीं होगा।

**चीन के लहसुन ने बिगाड़ा भाव:** आलोट कृषि उपज मंडी के लहसुन व्यापारी श्याम पोरवाल ने बताया कि पिछले समय चीन का लहसुन बड़ी मात्रा में इंडिया मैं आयात हुआ जिसने यहां की अधिकांश पूर्ति कर दी अब जब किसानों का लहसुन पककर तैयार हुआ तो वह कम दामों में बिक रहा है।

# रामपुर बघेलान विधायक द्वारा महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम



भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सतना जिले के रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय विक्रम सिंह विक्की भैया एवं पुलिस विभाग वा राजस्व विभाग द्वारा ,प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए महाकुंभ प्रयागराज कुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मैहर-रीवा स्थित नेशनल हाइवे 30के रुहिया मोड़ पर एक बड़ा सा पंडाल बना करके खास व्यवस्था की गई है। यहां श्रद्धालुओं को जल पान की खास व्यवस्था की जा रही हैं,स्वयं रामपुर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया एवं एसडीएम आर एन खरे रामपुर थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी ,नायक तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह, व्यवस्था में लगे हैं,ताकि महाकुंभ प्रयागराज जाने वाले यात्री अपनी लंबी यात्रा के दौरान आराम से यात्रा कर सकें। रामपुर बघेलान के लोकप्रिय विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात है और यात्रियों को इन सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। विधायक जी के इस कदम से श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सुरक्षित हो सकेगी।

# नगर निगम ने अतिक्रमणकारियों को जारी किया अंतिम नोटिस,, अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कम

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



तोताराम खंडेराव ,,,शिकायतकर्ता एवं समाज सेवी

**बुरहानपुर /विकास ठाकुर।** समाजसेवी तोताराम खंडेराव की शिकायत पर जागा नगर निगम प्रशासन अतिक्रमणकारीयो को अंतिम नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने का दिया आश्वासन अतिक्रमणकारीयोमें मचा हड़कम!

आपको बता दे की समाजसेवी तोताराम खंडेराव ने शिकायत की थी लालबाग माल शासकीय पाण्डारोल नाला खसरा नम्बर 364/1 4.38 हेक्टेयर पर बड़ी संख्या में लोगो ने अतिक्रमण कर रखा है जिसे लेकर जिला प्रशासन को लगातार शिकायते की जा रही थी ऐसा की 6 माह पूर्व शहर के एक समाजसेवीओ द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में पाण्डारोल नाले पर किये गए अवैध रूप से अतिक्रमण को लेकर एक याचिका लगाई गई थी जिसपर माननीय उच्च न्यायालय ने 24 अगस्त 2024 को पाण्डारोल नाले से अवैध अतिक्रमण हटाने के आदेश पारित किए थे जिसके बाद तत्कालीन कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम एंव तहसील कार्यालय से एक टीम गठित कर उक्त पाण्डारोल नाले पर किये गए अतिक्रमण का सीमांकन कर 41 लोगो को चिन्हित कर 3 दिवस में अवैध अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया था लेकिन नोटिस दिए जाने के दो माह बीत जाने के बाद भी पाण्डारोल नाले से अवैध अतिक्रमण हटाने की कोई प्रभावी कार्यवाही नगर निगम द्वारा नही की। तत्पश्चात समाजसेवी तोताराम खंडेराव द्वारा जनसुनवाई में कलेक्टर महोदय को शिकायत की गई इस पर नगर निगम प्रशासन द्वारा अतिक्रमण कारीयो को फिर सोमवार को एक अंतिम नोटिस जारी किया एवं नगर निगम कमिश्नर संदीप श्रीवास्तव द्वारा एक सप्ताह में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। नगर निगम की सख्त कार्रवाई को देखकर अतिक्रमण कार्यों में हड़कंप अतिक्रमण हटाने की सतत कार्रवाई शहर चल रही है द्य

# जन्म और मरण के बीच का समय मनुष्य के हाथ में चंदनबाला श्री जी

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



**आलोट**- कोरोना काल में हम बचे हैं तो हमारे पुण्य के कारण और हमारा आयुष प्रबल था जबकि उस समय में पैसा और परिवार काम नहीं आया था , हमें मनुष्य जीवन मिला है इसे सफल और सार्थक बनाना है हम खाली हाथ आए थे और खाली हाथ जाएंगे लेकिन जो बीच का समय है उसकी हमें सार्थक बनाना है उक्त विचार श्री जिन कुशल श्री नागेश्वर दादावाड़ी उपाश्रय में

प्रखर व्याख्यात्री , अध्यात्म ज्ञान रश्मि ,चंदनबाला श्री जी महाराज साहब ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहे , उन्होंने पत्रकारों को श्रेष्ठ कार्य एवं समाज के कार्यों को जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाला बताया,श्री जिन कुशल सूरी दादावाड़ी ट्रस्ट मंडल नागेश्वर द्वारा आलोट चौमहला एवं उन्हेल के पत्रकारों का बहुमांन भी किया गया महाराज साहब द्वारा उन्हें आशीर्वाद स्वरुप कलम डायरी का उपहार बैग के साथ दिया इस दौरान ट्रस्ट मंडल के कोषाध्यक्ष सुरेश बांठिया मैनेजर चांदमल जैन सदस्य सुनील चोपड़ा ने पत्रकार रमेश पाठक , अशोक देवड़ा, निलेश जॉंगलवा, कमल गुप्ता, अंकित भंडारी, चोमेला के दिलीप जैन डग के सुशील जैन उन्हेल के सोनू जैन का बहुमान किया गया।

### सेक्स वर्कर सप्लाई करने वाले 3 और आरोपी गिरफ्तार

# वॉट्सऐप पर करते थे 20-30 हजार में एक रात का सौदा; 250 लड़कियों की फोटो मिले



भोपाल। भोपाल की अशोका गार्डन पुलिस ने शहर में सक्रिय देह व्यापार के 26 दलालों की पहचान की है। इनमें से 18 को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने 6 आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने दूसरे प्रदेशों से लड़कियों को भोपाल बुलाने की बात कबूल की है। आरोपी बाहर से बुलाई गई लड़कियों के लिए रहने का इंतजाम करते थे और प्रति रात 20-30 हजार रुपए तक भुगतान करने वाले ग्राहक तलाशते थे। इसके बदले उन्हें 8 से 10 हजार रुपए तक का कमीशन मिलता था। लड़कियां मुहैया कराने की पूरी डीलिंग वॉट्सऐप पर होती थी। फोटो भेजकर लड़कियों का चयन किया जाता था। ग्राहकों के ठिकाने तक लड़कियों को लाने और वापस छोड़ने की जिम्मेदारी भी दलालों की होती थी। आरोपियों के मोबाइल फोन से हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों की 250 से ज्यादा लड़कियों की तस्वीरें बरामद हुई हैं। गिरोह के सरगना आशुतोष वाजपेयी और महक यादव हैं, जो फिलहाल मानव तस्करी के मामले में भोपाल जेल में बंद हैं। अशोका गार्डन पुलिस ने 26 जनवरी को दोनों को गिरफ्तार किया था। इससे पहले दोनों शाहपुरा इलाके में 17 अप्रैल 2024 को होटल के स्क्वायर में कॉल गर्ल की हत्या के मामले में भी जेल जा चुके हैं। दावा किया जा रहा है कि, भोपाल में देह व्यापार का सबसे बड़ा नेटवर्क महक और आशुतोष ही संचालित कर रहे हैं। मानव तस्करी के मामले में इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद ही भोपाल में लड़कियों की सप्लाई करने वाले सबसे बड़े गिरोह का खुलासा हुआ। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी निधि अग्रवाल, कोलार निवासी मकबूल अली और अर्जुन पटेल को कोर्ट में पेश कर 18 फरवरी तक रिमांड पर लिया है। मंगलवार को पुलिस ने पूजा ठाकुर उर्फ डिंपी, कुल्दीप उर्फ कुणाल और नवेद खान को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया था। अब पुलिस सभी 6 आरोपियों का आमना सामना कराएगी और उनके नेटवर्क और सभी की भूमिका के संबंध में पूछताछ करेगी। पुलिस की अब तक की जांच में सभी आरोपियों द्वारा भोपाल और आस पास के जिलों में लड़कियां सप्लाई करने की बात सामने आ चुकी है। मोटी रकम कमाने के लिए आरोपी नाबालिग लड़कियों को भी सप्लाई करने का काम करते थे। पुलिस के मुताबिक, गिरोह के सरगना आशुतोष वाजपेयी की शहर में कई जगह संपत्ति सामने आई है।

यह करोड़ों की बताई जा रही है। इनमें अरेरा कॉलोनी स्थित घर, कोलार, शाहपुरा सहित कई जगह घर मिले हैं।

# छात्रा आकांक्षा नामदेव एवं खुशी जैन ने शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय का किया नाम रोशन

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह** - जिले वासियों खुशखबरी जिले का नाम रोशन किया है, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर द्वारा परीक्षा 2023-24 के परीक्षा परिणाम के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा प्रवीण सूची में एमए अर्थशास्त्र विषय की प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली आकांक्षा नामदेव आत्माज श्री प्रकाश नामदेव ने 76.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। साथ ही खुशी जैन आत्माज श्री राजन जैन ने बीसीए तृतीय वर्ष में विश्वविद्यालय की प्रवीण सूची में प्रथम स्थान अर्जित किया है। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक डॉ. जी. पी. चौधरी द्वारा छात्र को बधाई एवं शुभाशीष दिया और भविष्य में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विषय के विभागाध्यक्ष डॉ असलम खान, सहायक प्राध्यापक डॉक्टर अपर्णा गोस्वामी, डॉ. अवधेश जैन, सौरभ खरे, धनीराम दुबे आदि उपस्थित रहे।

# पीलीभीत में शीशम के पेड़ काटने का मामला, जिलाधिकारी से की गई शिकायत

केसरिया हिन्दुस्तान संवाददाता

वीरू गौतम

पीलीभीत जिले के ग्राम सण्डई कुवंरपुर में एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां ग्राम प्रधान मेवाराम और वैषपाल अरविन्द कुमार की मिली भगत से शीशम के हरे-भरे बारह पेड़ बिना प्रशासन की अनुमति के काटकर बेच दिए गए हैं।

इस मामले में आईजीआरएस संख्या 40015124020045 पर शिकायत दर्ज की गई थी, लेकिन क्षेत्रीय वन अधिकारी भरत कुमार डी0 के पूरनपुर ने लेखपाल अरविन्द और ग्राम प्रधान मेवाराम से मोटी रकम लेकर फर्जी रिपोट प्रेषित की है।

अब इस मामले में जितेन्द्र कुमार ने जिलाधिकारी पीलीभीत को एक पत्र लिखकर शिकायत की है और मामले की दोबारा जांच कराने की मांग की है। पत्र में उन्होंने बताया है कि ग्राम प्रधान और वन अधिकारी की मिली भगत से पेड़ काटे गए हैं और इसके लिए उन्हें मोटी रकम मिली है। जितेन्द्र कुमार ने बताया है कि उन्होंने पहले भी इस मामले में शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने जिलाधिकारी से मामले की दोबारा जांच कराने की मांग की है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# 126 साल पुरानी विरासत अब हेरिटेज होटल; लग्जरी रूम्स के साथ डिजिटल लाइब्रेरी भी



**भोपाल।** भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की साक्षी राजधानी की 126 साल पुरानी विरासत सदर मंजिल भी बनेगी। सात साल की मेहनत के बाद सदर मंजिल न सिर्फ नए रूप में तैयार हुई है, बल्कि अब यह एक हेरिटेज होटल में तब्दील हो गई है, जहां पहली बार मेहमान ठहरेंगे। इन मेहमानों के लिए 20 कमरे बुक हो चुके हैं, जिन्हें नवाबी दौर की शान-ओ-शौकत से रूबरू होने का मौका मिलेगा। इस हेरिटेज होटल में कुल 22 कमरे हैं, जिनमें से अब तक 20 की बुकिंग हो गई है। 23, 24 और 25 फरवरी को सदर मंजिल में देश की नामी कंपनियों के डायरेक्टर, सीईओ और एमडी ठहरेंगे। रेनोवेशन के बाद पहली बार इसमें मेहमान रात बिताएंगे। यह होटल आम लोगों के लिए भी खोल दिया जाएगा। सदर मंजिल में बने हेरिटेज होटल की शुरुआत से पहले ट्रायल हो चुका है। ट्रायल में स्टाफ के परिवार के लोग यहां पहुंचे थे। इस दौरान खाने का स्वाद, लाइटिंग और इंटीरियर पर खास ध्यान दिया गया। ट्रायल में होटल पास हुआ, इसलिए इसे से ही शुरू करने का फैसला लिया गया है। हालांकि, लद्वरू से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव या किसी मंत्री से इसका उद्घाटन कराया जा सकता है।

भोपाल और आसपास के क्षेत्रों के 60 से अधिक टू से फाइव स्टार होटलों में 1600 से अधिक कमरे बुक किए जा रहे हैं। 5 स्टार होटलों में देश के शीर्ष उद्योगपति ही ठहरेंगे। सदर मंजिल को भी 5 स्टार होटल की कैटेगरी में शामिल किया गया है। सदर मंजिल में ठहरने वालों में नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन मिनेश शाह, नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी, ओमेगा पावर के एमडी हरि प्रकाश समेत सुमित अग्रवाल, कुमार वेंकटसुब्रह्मण, केतल मेहता, राहुल संघवी, लवनीश छानना, सतीश संडी, प्रणव शर्मा, विनोद भंडारी, राहुल अवस्थी, हरीश गुप्ता, विपुल यादव, आलोक बिड़ला, शाबिर खान, अतुल वैद्य और राकेश मेरखेड़कर शामिल हैं। स्मार्ट सिटी के इंजीनियर रितेश शर्मा ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए सदर मंजिल हेरिटेज होटल शुरू किया जा रहा है। यह नवाबी दौर की एक ऐतिहासिक इमारत है, जिसे बिना किसी बदलाव के रेनोवेट किया गया है। यह भवन नवाबी दौर में सपनों का महल रहा है। भारत की आजादी और विलीनीकरण के बाद इस इमारत में कई सालों तक नगर निगम का दफ्तर संचालित होता रहा। 2017 से इसे पीपीपी मोड पर दिया गया था और 7 सालों में यह इमारत नए स्वरूप में दिखाई देने लगी है। टेस्टिंग भी सफल रही है। शीर्ष उद्योगपतियों के लिए 5 स्टार कैटेगरी के दो प्रमुख होटलों में बुकिंग की गई है। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम (एमपीटीडीसी) ने इन कमरों को ब्लॉक किया था, जबकि बुकिंग उद्योगपति स्वयं कर रहे हैं। यहां प्रेसिडेंशियल सुइट, लग्जरी सुइट, एक्जीक्यूटिव सुइट, डीलक्स लेक व्यू, लग्जरी रूम, डीलक्स रूम, कोर्टयार्ड सुइट, क्लब रूम, जूनियर सुइट और विंटर ग्रीन जैसे कमरे अवेलेबल हैं। इनका एक दिन का किराया 12 हजार से 1 लाख रुपए तक है। इसके अलावा 2, 3 और 4 स्टार होटलों में भी 1600 से 4000 रुपए प्रतिदिन तक के कमरे बुक किए गए हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एक जिला, एक उत्पाद एक्सपो भी लगाया जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों के उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। सभी 38 उत्पाद स्वामियों द्वारा जोन में स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसे लाइव काउंटर और प्रोसेस काउंटर में बांटा गया है। 8 प्रमुख वस्तुएं जैसे- बाघ प्रिंट, जरी जरदोजी, बाटिक प्रिंट, कालीन, चंदेरी, बांस, बलुआ पत्थर और कपड़े की जैकेट के लिए लाइव काउंटर होंगे। यहां कारीगर मैन्युअल निर्माण प्रक्रिया का प्रदर्शन करेंगे। अतिथि और प्रतिनिधि कारीगरों की सहायता से अपने हाथों से उत्पाद भी बना सकेंगे। इसके अलावा मानव संग्रहालय के कुम्हारपुरा और टेक्निकल जोन में मिट्टी के बर्तन और धातु कला के लाइव काउंटर भी लगाए गए हैं।

## तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई

**भोपाल।** भोपाल के एयरपोर्ट रोड से लाल घाटी जाने वाले ब्रिज पर तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पांच दिन तक चले इलाज के बाद शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। हादसा रविवार देर रात का बताया जा रहा है। गांधी नगर पुलिस के अनुसार, फरमान खान (16) पिता इस्माइल खान, न्यू कबाड़ खाने, एहले हदीस मस्जिद के पास का रहने वाला था। वह अपने दोस्तों के साथ परवलिया स्थित रंगला पंजाब ढाबा से खाना खाकर लौट रहा था। फरमान यामाहा आर-1 बाइक पर सवार था, जबकि उसके दो दोस्त दूसरी बाइक से साथ चल रहे थे। ब्रिज पर तेज रफ्तार के कारण उसकी बाइक डिस बैलेंस हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में जबड़ा टूट गया और सिर में गंभीर चोटें आईं। गंभीर रूप से घायल फरमान को तुरंत प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जबड़े में फैक्चर और सिर की हड्डी डैमेज होने की वजह से उसकी हालत नाजुक बनी रही। पांच दिन चले इलाज के बाद शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई।

### एमपी कैडर के 18 आईएएस अफसरों को करनी होगी ट्रेनिंग

# केंद्र में पदस्थ 11 और एमपी में काम कर रहे सात अफसरों को मिड करियर ट्रेनिंग जरूरी



**भोपाल।** एमपी कैडर के 18 अधिकारियों को केंद्र सरकार ने मिड करियर ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के इन अधिकारियों में से सात अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं, जबकि बाकी एमपी में ही पदस्थ हैं। मिड करियर ट्रेनिंग का यह प्रोग्राम 7 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चलेगा। मिड करियर ट्रेनिंग पूरी करना अनिवार्य किया गया है क्योंकि यह आईएएस अफसरों को जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड, सुपर टाइम स्केल और 28 साल की सेवा के बाद मिलने वाली वेतन वृद्धि के लिए मेंडेटरी है। डीओपीटी (केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण मंत्रालय) के सचिव पी.के. मिश्रा ने इस संबंध में एमपी के चीफ सेक्रेटरी समेत अन्य राज्यों को लिखे पत्र में कहा है कि जनवरी 2007 से शुरू हुए मिड करियर ट्रेनिंग प्रोग्राम की अनिवार्यता के बावजूद कई राज्यों में इसका पालन नहीं हो रहा है। इसके लिए हर अधिकारी को तीन अवसर दिए जाते हैं। कैडर कंट्रोल अथॉरिटी द्वारा बिना ट्रेनिंग के ही कई अधिकारियों को वेतन में वृद्धि का लाभ दिया गया है, जो आईएएस सर्विस पे रूल्स 2007 के अनुसार सही नहीं है। एमपी कैडर की अधिकारी और केंद्र में जाइंट सेक्रेटरी छवि भारद्वाज ने इस ट्रेनिंग को लेकर लिखे पत्र में कहा है कि मिड करियर ट्रेनिंग के फेज-पांच का 16वां दौर 7 अप्रैल से 25 अप्रैल 2025 तक होगा। इसके लिए 1998 बैच के अफसरों को पहला अवसर, 1997 बैच के अफसरों को दूसरा अवसर और 1993, 1994, 1995, 1996 बैच के अफसरों को तीसरा और अंतिम अवसर मिलेगा। भारद्वाज के अनुसार, जिन अधिकारियों के पास रिटायरमेंट में तीन महीने से कम का समय है, उन्हें ट्रेनिंग में शामिल नहीं किया जाएगा। इस ट्रेनिंग में दिसंबर 2028 से पहले रिटायर होने वाले अफसरों को शामिल नहीं किया जा रहा है। जिन अफसरों के नाम सिलेक्ट हुए हैं, उनके नॉमिनेशन की प्रक्रिया 15 मार्च तक पूरी करने के लिए कहा गया है। इसके बाद, 25 मार्च तक संबंधित अधिकारी को रिपोर्ट देनी होगी कि वह ट्रेनिंग के लिए 6 अप्रैल तक मसूरी पहुंच जाएगा। देश भर के कुल 245 आईएएस अफसर इस ट्रेनिंग शेड्यूल में शामिल किए गए हैं।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# सिंचाई विभाग में घटिया सामग्री से हो रहा भवन निर्माण

## निजी लाभ के चलते नजरंदाज कर रहे जिम्मेदार

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द जहां एक तरफ जनपद में हो रहे विकास कार्यो की समय समय पर समीक्षा बैठक कर वास्तविकता की जानकारी जिम्मेदारों से लिया करते है व सम्बतन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते रहते है। जिससे जनपद में हो रहे विकास कार्यो में भ्रष्टाचार न हो सके व विकास कार्य स्थाई व टिकाऊ निर्माण हो सके। जिलाधिकारी के हर प्रयास के बाद भी जनपद में नहर विभाग कैम्पस में सिंचाई विभाग द्वारा करवाये जा रहे निर्माण कार्य मानक विहीन व घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे जहां एक तरफ निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ जारी आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। जो कि क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है । क्या होते है भवनो के निर्माण के दिशा निर्देश- अधिकतर सरकारी भवनों के दिशा निर्देश में प्रथम श्रेणी ईट का इस्तेमाल, उच्चकोटि की सीमेण्ट के इस्तेमाल के साथ मसाले में सीमेण्ट मौरंग का चुनाई में इस्तेमाल साथ चुनाई के समय में यह विशेष ध्यान देना होता है कि बने हुए कालम में बेहतर मजबूती के लिये कट लगाकर चुनाई की जाये जिससे भवन भविष्य में टिकाउ व बेहतर निर्माण हो सके। चर्चाएं तो यह भी कि विभाग की लापरवाही के कारण नीवं निर्माण से ही मानक विहीन कार्य कराये जा रहे है। अब सवाल यह उठता है कि जिस भवन की शुरूआत ही कमजोर होगी वह भवन भविष्य में किसी बड़ी घटना को अंजाम नही देगा यह कैसे कहा जा सकता है?

**10 बजे से लेकर शाम तक कार्यालय मे बने रहते जिम्मेदार :-**

सिंचाई विभाग कार्यालय में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक निर्माण स्थल से चन्द्र कदम की दूरी कई बड़े जिम्मेदार बने रहते है उसके बावजूद भी निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है जो कि जिम्मेदारों की कार्यशैली पर बहुत बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है कि जब कार्यालय से चन्द्र कदम की दूरी पर हो रहे निर्माण कार्य की जिम्मेदार निगरानी नही कर सकते तो दूर दराज क्षेत्रों में हो हरे कार्य तो रामभरोसे ही होगें।



**क्या बोले जिम्मेदार अधिशासी अभियन्ता प्रमोद कुमार :-**

भवन निर्माण में हो रही घटिया सामग्री के सम्बन्ध में जब अधिशासी अभियन्ता प्रमोद कुमार से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि भवन निर्माण के निरीक्षण में सामग्री को लेकर सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिये गये उक्त समय पर ईट को लेकर शिकायत थी कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये व ईटा वापसी के लिये कहा गया था यदि निर्माण कार्य में सामग्री का मानक के अनुसार इस्तेमाल नही हो रहा तो यह गलत हो रहा है।

**क्या बोले जेई एमपी गौतम :-**

इस सम्बन्ध में जब जेई एमपी गौतम से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि निर्माण कार्य मानक के अनुसार हो रहा है जिसमें उच्च श्रेणी की ईट व मौरंग से चुनाई कराई जा रही है। कैम्पस ऐरिया में कहीं भी लोकल बालू का इस्तेमाल नही किया जा रहा है।

**तस्वीरे बयां कर रही सिंचाई विभाग की दास्तान :-**

अधिकारियों की माने तो कार्यदायी संस्था द्वारा कराया जा रहा निर्माण कार्य मानक अनुसार व टिकाऊ हो रहा है। कैम्पस क्षेत्र में कहीं सफेद बालू घटिया किस्म की ईट का ईस्तेमाल नही किया जा रहा है जेई साहब ने तो यह भी कह दिया कैम्पस ऐरिया में कही सफेद बालू का नामोनिशान नही है लेकिन अगर कैम्पस क्षेत्र की तस्वीरो व वीडियों पर नजर दौड़ाई जाये तो साफ साफ दिखाई दे रहा है कि जिम्मेदार अधिकारी व जेई निजी लाभ के चलते कार्यदाई संस्था से सांठ गांठ करके गलत सूचनाएं दे रहे है जबकि कैम्पस ऐरिया में पीला ईट व लोकल बालू के ढेर पर ढेर लगे हुए है जिससे यह स्पष्ट होता है कि तस्वीरे नहर कैम्पस सिंचाई विभाग की दास्ताने सच्चाई बयां कर रही है।

# भारतीय इतिहास का सबसे काला दिन 14 फरवरी

## आज के दिन फिरंगियों की अदालत ने सुनाई थी क्रान्किारियों को फांसी

**सिधौली -सीतापुर ।** स्थानीय तहसील अंतर्गत गांव बौनाभारी के श्री वामन माध्यमिक विद्यालय में हमराह एक्स कैडेट एन सी सी सेवा संस्थान के नेतृत्व में भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव को एवं पुलवामा में वीरगढ़ को प्राप्त हुए वीर शहीदों को श्रद्धासुमन भेंट करने के उद्देश्य से एक श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया संस्था के सचिव समाजसेवी ज्ञानेश पाल ने कहा कि आज भारत की युवा पीढ़ी अपने इतिहास को भुलाती जा रही है। वेलेंटाइन -डे की मद में डूबीं आज की पीढ़ी को शायद याद भी होगा कि 14 फरवरी 1931को लाहौर में फिरंगी अदालत द्वारा उक्त शहीदों को फांसी की सजा का फरमान सुनाया गया था और कई घटनाओं में शहीदों का जिक्र करते हुए 14फरवरी को भारत के इतिहास का काला दिन बताते हुए कहा शहीद हुए अमर




शहीदों की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। श्री वामन माध्यमिक विद्यालय बौनाभारी में श्रंद्धाजलि समारोह के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के उपरांत संस्थान के सचिव समाज सेवी ज्ञानेश पाल धनगर ने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की युवा पीढ़ी अपने इतिहास को भूलती जा रही है। वैलेंटाइन-डे की मद में डूबी आज की पीढ़ी को शायद याद भी होगा कि आज ही के दिन 14 फरवरी 1931 को लाहौर में फिरंगी अदालत द्वारा उक्त शहीदों को फांसी की सजा का फरमान सुनाया गया था। इतना ही नहीं आज ही के दिन 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में सेना के वीर जवानों पर आत्मघाती हमला हुआ था जिसमें हमारे देश के (44 )वीर सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए इस लिहाज से 14 फरवरी भारत के इतिहास का काला दिन है। श्री धनगर ने कहा कि माता-पिता और अध्यापकों को युवाओं को जागरूक करना चाहिए ताकि वे पश्चिमी अश्लीलता को छोड़ भारतीय शालीनता का दामन थामे।आजकल हम फिल्मों में हीरो देखते हैं वह हीरो नहीं है असल जिंदगी में हीरो देश का सैनिक है जो हमारी रक्षा के लिए तन मन से हमेशा लगे रहते है और देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने के लिए एक बार भी नहीं सोचते है। देश के जवान ही असल जिंदगी में एक रियल हीरो हैं। वैलेंटाइन -डे को इन देशभक्तों के नाम करना चाहिए क्योंकि यह इसके सच्चे काबिल है।उन्होंने कहा कि शहीद हुए अमर शहीदों की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीदों को हमेशा सम्मान देना चाहिए और उनके बताए गए रास्तों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ युवा पश्चिम की संस्कृति को अपना रहे हैं। वेलेंटाइन डे मनाने की बजाय अपने माता-पिता की सेवा करना चाहिए। देश के लिए मर मिटने का जज्बा होना चाहिए। युवाओं को देश को मजबूत करने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय मौर्य , अध्यापक राजाराम, आशीष मौर्य ,नीलम भारती, रामधारी दिनकर अनूप पांचाल संजय मौर्य शिव जायसवाल, दीपांशी रावत, शिवानी,रूकशाना, अतुल , अनुराग, रोशनी,नैन्सी,अंकेश, पिंकी, आदि अध्यापक-अध्यापिकाओं के साथ छात्र-छात्राओं की मौजूदगी नजर आई।

# प्रधानों को आयकर रिटर्न, विकास योजनाओं पर दी गई जानकारी



**गोंदलामऊ-सीतापुर।** ब्लॉक गोंदलामऊ क्षेत्र की ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ग्राम प्रधानों और ग्राम विकास अधिकारियों ग्राम पंचायत अधिकारियों का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अनुराग बाजपेई ने प्रोजेक्टर माध्यम से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।ग्राम पंचायत के सतत विकास के लक्ष्य को पूर्ण करने के मूल विंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने प्रधानों के कर्तव्य व अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। पंचायत राज निदेशालय की मुख्य प्रशिक्षक विदुषी ने प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से आयकर रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया, ग्राम प्रधानों के अधिकार और कर्तव्य, सतत विकास लक्ष्यों में पंचायतों की भूमिका पर चर्चा की गई। साथ ही, यदि को कोई प्रधान शासन के आदेश की अवहेलना करता है तो उसे पद से हटाए जाने की पूरी जानकारी दी गई वहीं महिला प्रधानों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य ट्रेनर विदुषी, मास्टर ट्रेनर अनुराग बाजपेई, कोऑर्डिनेटर बबित मिश्रा, अर्पित शुक्ला, विनीता, एडीओ पंचायत गोंदलामऊ संजय सिंह, सचिव रमाकांत, श्याम जी साहू, प्रदीप कुमार, हरिमोहन मौर्य, हरेंद्र कुमार, प्रधान कौशलेंद्र मौर्य, सुशील अवस्थी, धर्मेंद्र कुमार, हेमराज, 50 से अधिक प्रधानों ने शिक्षण में भाग लिया। यह प्रशिक्षण ग्रामीण विकास को नई दिशा देने और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पूर्व में जारी आदेश हुआ निरस्त, बीडीओ शैलेन्द्र सिंह यादव की याथावत तैनाती के हुए आदेश

**सीतापुर।** संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश शासन ग्राम विकास के जारी पत्रांक संख्या प्रथम/ 879852/38-1003(099)/06-2024 दिनांक 13 फरवरी 2025 शासन के कार्यालय ज्ञापन संख्या 01/ 82769238-1003(099)/दिनांक 18.12.2024 द्वारा शैलेन्द्र सिंह यादव खण्ड विकास अधिकारी जनपद सीतापुर को कार्यालय आयुक्त ग्राम विकास उत्तर प्रदेश में साहयक आयुक्त के पद पर किये गये सम्बद्धीकरण आदेश को एतदद्वारा निरस्त करते हुए सम्यक विचारोपरान्त शैलेन्द्र सिंह यादव खण्ड विकास अधिकारी जनपद सीतापुर के पद पर यथवत तैनात किया जाता है। साथ ही जारी पत्रांक संख्या प्रथम/ 879852/38-1003(099)/06-2024 दिनांक 13 फरवरी 2025 के अनुसार तत्कालीन प्रभाव से खण्ड विकास अधिकारी महमूदाबाद संदीप कुमार को कार्यालय आयुक्त ग्राम विकास में सहायक आयुक्त के पद पर एतदद्वारा सम्बद्ध किया जाता है। संदीप कुमार खण्ड विकास अधिकारी अपने नवीन पद पर कार्यभार तत्काल ग्रहण कर तत्सम्बन्धी कार्यभार प्रमाणक शासन एवं आयुक्त ग्राम विकास उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें।

# मां का कातिल बेटा सीओ सीटी के नेतृत्व में गिरफ्तार

**सीतापुर।** क्षेत्राधिकारी नगर अमन कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा अपनी मां का कत्ल करने वाले कातिल पुत्र को बन्दी बनाकर जेल भेजने की कार्यवाही की है। पुलिस प्रवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार उक्त थाना क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला पूर्णागिरी में पुत्र द्वारा अपनी माताजी पर फावड़े से प्रहार करने से मृत्यु होने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 42/2025 धारा 103 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। पंजीकृत अभियोग की विवेचना व प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर नामजद अभियुक्त कपिल अवस्थी पुत्र स्व0 जगन्नाथ अवस्थी निवासी पूर्णागिरी नगर निकट तिवारी चैराहा थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। घटनास्थल से मौके पर



आलाकत्ल (01 अदद फावडा) बरामद हुआ है। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उसकी मां एवम् परिवार उसकी उपेक्षा करते थे, उसे घर से अलग दूसरे घर में रहने को दिया गया था। अब मां के द्वारा उस घर से भी निकलने को कहा जा रहा था एवम् अभियुक्त को उसके हिस्से से विरत किया जा रहा था जिससे क्षुब्ध होकर उसके द्वारा घटना कारित की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया है।

# मृतक सिपाही के आश्रितों को मिला 75 लाख रूपये का चेक

**सीतापुर।** जिले के कमलापुर थाने पर तैनात आरक्षी दीपांशु यादव की सड़क हादसे में मौत होने पर पुलिस महकमें ने मृतक सिपाही के आश्रितों को पुलिस सैलरी पैकेज देकर दुखी परिवार को संतावना देते हुए संवेदना व्यक्त की है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीन रंजन द्वारा थाना कमलापुर में नियुक्त आरक्षी दीपांशु यादव पुत्र भोला यादव नि. ग्रा. त्रिलोकपुर नेवादा थाना कादीपुर,सुल्तानपुर की दिनांक 05.09.24 को सड़क दुर्घटना के कारण मृत्यु होने पर



आज उनके आश्रित परिजन को बैंक ऑफ बड़ौदा पुलिस सैलरी पैकेज के दावे की धनराशि के रूप में 75 लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया तथा शोक संतृप्त परिवार से मिलकर उनके प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

# कप्तान चक्रेश मिश्र ने ली परेड की सलामी और दिये निर्देश

**सीतापुर।** चक्रेश मिश्र द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी एवम् परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कप्तान द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही पुलिस कर्मियों से विभिन्न प्रकार के शस्त्रों की हैंडलिंग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परेड निरीक्षण के उपरांत महोदय द्वारा महोदय द्वारा क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, यातायात



कार्यालय, यूपी 112 पीआरवी, मेस, बैरक, यातायात कार्यालय, आवासीय परिसर आदि का निरीक्षण किया। तत्पश्चात आदेश कक्ष में अर्दली रूम के दौरान संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। गार्द कमांडरों व विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। समस्त रजिस्टर्स ध्अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा आगामी जेटीसी,आरटीसी के परिपेक्ष्य में मूलभूत सुविधाओं, व्यवस्थापन हेतु बैरकों एवम् साफ सफाई आदि निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवबालक वर्मा, जे टी सी प्रभारी उ0नि0 शंभू यादव आदि मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री ने सैम बच्चों को वितरित की पोषण किट

# समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**सीतापुर ।** जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर आये राज्यमंत्री संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना शहर और खैराबाद के सैम बच्चों को पोषण किट का वितरण की। अति कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करते हुए उन्हें कुपोषण मुक्त किए जाने के उद्देश्य से वितरित की गयी पोषण किट में प्रोटीन पाउडर, चिक्की, शहद, आदि के साथ-साथ आवश्यक दवाइयां यथा एलबेंडाजोल, मल्टीविटामिन सीरप, पेरासिटामोल सीरप, आयरन व फोलिक एसिड सीरप, बच्चों के लिए विटामिन ए सीरप, एमोक्सिलिन, फोलिक एसिड टेबलेट भी सम्मिलित किया गया है।य प्रभारी मंत्री द्वारा सैम बच्चों के माता को बच्चों के खान-पान के संबंध में बताया गया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा जो मोटे अनाजों के प्रयोग पर जोर दिया जा रहा है, इसका सेवन करें तथा फास्ट फूड खाने से बच्चों को बचाएं। प्रभारी मंत्री ने जनपद के 19 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नवनिर्मित कंगारू मदर केयर वार्ड का वर्चुअल लोकार्पण किया। इसके साथ ही जनपद के विभिन्न विकास खंडों के 52 गांवों में ग्राम पंचायत स्तर पर बनायी गयी हाईटेक लाइब्रेरी का भी वर्चुअल लोकार्पण किया। प्रभारी मंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी शासन की योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच संवाद और समन्वय बेहतर रहे, योजनाओं




का शिलान्यास, लोकार्पण मा. जनप्रतिनिधियों से कराएं, योजनाओं के प्रस्ताव भी जनप्रतिनिधियों से प्राप्त किया जाए तथा प्राप्त प्रस्तावों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत करायी गयी जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये तथा उन्हें संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध करायी जाये। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि जनपद में संचालित निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सालयों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत नियमों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करते हुये आवास आवंटन हेतु सर्वे कराये जाने के निर्देश भी दिये। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत पूर्ण पारदर्शिता के साथ इलाज कराया जाये। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कन्ट्रोल रूम का नम्बर एवं उपलब्ध सेवाओं की सूची सभी केन्द्रों पर प्रदर्शित की जाये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बैठक में दिये गये निर्देशों का संबंधित अधिकारी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें एवं जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी लोग भी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें। बैठक के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधिगणों द्वारा अपने अपने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों को माननीय प्रभारी मंत्री को संज्ञानित कराया गया, जिस पर माननीय प्रभारी मंत्री ने प्रभावी कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से संबंधित जनप्रतिनिधि को अवगत कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों से पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण हेतु की गई कार्यवाहियों के विषय में अवगत कराते हुए बताया कि अपराधियों के विरुद्ध निरंतर कड़ी कार्यवाही की जा रही है।उन्होनें आगामी चैरासीकोसीय परिक्रमा के संबंध में की गयी तैयारियों के विषय में भी जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति के विषय एवं जनपद में संचालित विभिन्न विकास कार्यक्रमों के विषय में माननीय प्रभारी मंत्री जी को अवगत कराया।

# बिजुवामऊ में सचिव व प्रधान ने किया घोटाला




**सीतापुर( मछरेहटा )।** विकास खण्ड मछरेहटा में तैनात प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत संदीप कुमार की ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार थमने का नाम नही ले रहा है, लगातार संदीप कुमार की ग्राम पंचायतों में वित्त धनराशि को मनमाने तरीके से भुगतान कर सरकारी धन को चुना लगाया जा रहा है, संदीप कुमार की तैनाती वाली राजेपारा, मछरेहटा आदि ग्राम पंचायतों में पहले भी भ्रष्टाचार उजागर हो चुका है लेकिन जिम्मेदार उच्चाधिकारियों की उदासीनता के चलते संदीप कुमार भ्रष्टाचार की इबारत लिख रहे है, संदीप कुमार की तैनाती वाली ग्राम पंचायत बिजुवामऊ में भी भ्रष्टाचार उजागर हुआ है जिसका प्रमाण के ग्राम स्वराज पर उपलब्ध है, बताते चले कि ग्राम पंचायत बिजुवामऊ में प्रधान व सचिव ने मिलकर सरकारी धन पर डांका डालने का काम किया है, सचिव में प्रधान से मिलीभगत कर जारी आदेशो की धाज्जिया उड़ाते हुए प्रधान के भतीजे सौरभ राठौर के नाम पर 15वे व पंचम वित्त की धनराशि का भुगतान कर दिया है, चालू वित्तीय में सौरभ के नाम पर लगभग 26 हजार का भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबाँट किया गया है। प्रधान परिजन के नाम हुए भुगतान के सम्बंध में संदीप कुमार से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा फ़ोन नही उठाया गया।

# उत्तर प्रदेश में एग्री टूरिज्म को मिले बढ़ावा : आनंदीबेन पटेल

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या एक जनपद ही नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की श्रद्धा का स्थल है। शहरों में रहने वाले ऐसे पर्यटक जो ग्रामीण जीवन के बारे में नहीं जानते वे गांव की परंपराओं संस्कृति और रीति रिवाज में भाग लेकर ग्रामीण जीवन के बारे में जान सकते हैं। महाराष्ट्र कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने वाला पहला राज्य है जहां सतारा, पुणे, नागपुर और नासिक में कई सफल एग्री टूरिज्म केंद्र विकसित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में कृषि का एक मजबूत आधार है और यहां एग्री टूरिज्म को बढ़ावा देकर पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य प्रदान किया जा सकता है। विश्वविद्यालय शोध प्रशिक्षण, जागरूकता नीति निर्माण और तकनीकी सहायता प्रदान कर किसानों को सशक्त बना सकते हैं। कृषि विश्वविद्यालयों को एग्रो टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित कर सकते हैं जहां छात्र किसान और आम जनता ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और वेबसाइटों के माध्यम से किसानों को उनके एग्रो टूरिज्म व्यवसाय के प्रचार प्रसार में मदद कर सकते हैं। भारत में जीडीपी को बढ़ाने में सबसे बड़ा योगदान माताओं और किसानों का है। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों को ईमानदारी से कार्य कर अपने संकल्पों को पूरा करना चाहिए। अयोध्या का आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि पहली बार में ही नैक में ++ हासिल किया जो सराहना के योग्य है। यह बातें प्रदेश की राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में कही। वह भारत में कृषि पर्यटन के माध्यम से कृषि शिक्षा एवं ग्रामीण विकास विषय पर भारतीय कृषि विश्वविद्यालयों के 48वें कुलपति सम्मेलन को संबोधित कर रहीं थीं। राज्यपाल ने कहा कि भारत के सभी कृषि विश्वविद्यालय भारत में कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाने पर कार्य करें। कहा कि आचार्य कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय परियोजना की मदद से कृषि पर्यटन केंद्र स्थापित कर रहा है। ग्रामीण युवाओं को कृषि आधारित पर्यटन में कौशल प्रदान करने और आय के अवसरों को बढ़ाने के लिए कृषि पर्यटन पर डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने की भी सराहना की।

उन्होंने कहा कि कृषि बजट अच्छे विश्वविद्यालयों को मिलना चाहिए जो कार्य करें। जो काम नहीं करें उन विश्वविद्यालयों में बजट का पैसा छात्र-छात्राओं को दे देना चाहिए जिससे वे शोध एवं शिक्षा के कार्यों को कर सकें। विदेशों के साथ एमओयू करने की जरूरत है और उनके यहां हो रहे कार्यों को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोग छुट्टियां मनाने विदेशों में जाते हैं लेकिन उन्हें अपने देश के पर्यटन स्थलों पर ही जाना चाहिए जिससे व्यवस्थाओं में और सुधार किया जा सके। छात्र-छात्राओं में जो भी प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएं उनमें चार से पांच विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को शामिल करना चाहिए जिससे कि उनकी सही प्रतिभा की पहचान हो सके। आईएयूए के उपाध्यक्ष व केयू. गांधीनगर के कुलपति डा. एन.एच. केलावाला ने सम्मेलन के बारे में सभी को अवगत कराया तो वहीं दूसरी तरफ आईएयूए के अध्यक्ष व भरसार के कुलपति डा. परविंदर कौशल ने भारतीय कृषि विवि संघ नई दिल्ली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर एग्री टूरिज्म पर सोमनियर, प्राकृतिक खेती, नवाचार सहित अन्य पुस्तकों का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं जल भरो के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने विवि कुलगीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। कुलपति ने राज्यपाल व समस्त अतिथियों को पौधा व मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। जीपीबी विभागाध्यक्ष डा. संजीत कुमार के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। 48वां कुलपति सम्मेलन इस बार आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि व भारतीय कृषि विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। स्वागत संबोधन आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह एवं कुलसचिव डा. पी.एस प्रमाणिक ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डा. सुप्रिया ने किया।

# महिला सशक्तिकरण की उड़ रही धज्जियां, पुलिस ने नहीं दर्ज किया मुकदमा

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लाख कोशिश कर ले लेकिन महिलाओं के मंसूबो पर पानी फेरने का काम उनके अधिकारी कर्मचारी द्वारा किया जा रहा है। अपनी आवाज बुलंद करने के बाद भी उसे पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है बल्कि उन्हें दबाया जा रहा है। ऐसे में महिला सशक्तिकरण की धज्जियां उड़ती दिखाई पड़ रही है। पीड़ित महिला पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगा चुकी है। उधर हल्का दरोगा




अपनी ही राग अलाप रहे हैं मुकदमा दर्ज करने से कतरा रहे हैं। फिर हाल दरोगा प्रमोद खरवार जनपद के थानों पर तैनाती के दौरान अपने कारनामे से सुर्खियों में रह चुके हैं। लगातार पीड़िता पर दबाव बना रहे हैं ताकि मुकदमा न दर्ज करना पड़े। घटनास्थल का जांच करने के बाद भी पीड़िता को न्याय नहीं मिल पा रहा है मामला जहगीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव का है जहां बाजार जा रही महिला के साथ रास्ते में उसका हाथ पकड़ कर उसके साथ अश्लील हरकत करने का आरोप महिला ने लगाया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार की शाम समय लगभग 05.30 बजे पीड़िता अपने गाँव से नरियॉव बाजार जा रही थी। जब गुलरहां गाँव के पास पहुँची तो उसके गाँव के ही रामचन्दर पुत्र फेरई गौतम उसका हाथ जबरदस्ती पकड़कर अश्लील हरकत करने लगे। पीड़िता के हल्ला-गुहार पर तमाम लोग जुटे बीच-बचाव किये तो विपक्षी उपरोक्त पीड़िता को मां बहन की भद्दी-भद्दी गाली देते हुए तथा जान से मारने की धमकी देते हुए कहे कि अगर किसी से कहोगी तो अबकी बार छेड़खानी कर रहे हैं अगली बार घर में घुसकर रेप कर देंगे। विपक्षी द्वारा पूर्व में पीड़िता को फोन पर गाली व अश्लील बाते दिया गया है जिसकी रिकार्डिंग उसके पास उपलब्ध है, विपक्षी गाँव के ही पप्पू पुत्र रामधनी व प्रेम प्रकाश पुत्र हरगुन के कहने पर ऐसी हरकत कर रहे हैं, पीड़िता द्वारा उसी समय डायल 112 नम्बर पर सूचना दिया गया। जब तक पुलिस आयी तब तक विपक्षी उपरोक्त भाग गया, तब पीड़िता द्वारा उक्त घटना की सूचना शाम को ही थाना स्थानीय पर दिया गया। रात करीब 10 बजे तक बैठाया रहा गया फिर भी विपक्षी के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की गई।

# जलालपुर नगर में जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक सम्पन्न

## व्यापारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान जलालपुर**
**तहसील संतोष कुमार**

**अम्बेडकर नगर।** जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का व्यापारियों के साथ गुरुवार रात्रि को एक बैठक आयोजित किया गया। मीटिंग में व्यापारियों ने बताया कि खाद्य विभाग, जीएसटी आदि तमाम विभाग जब चाहे तब व्यापारी के दुकान पर छापा मारने पहुंच जाते हैं और उनका उत्पीड़न करते हैं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल ने कहा कि हमारा व्यापार मंडल इस बात का विरोध करता है कि जिस तरह से अभी तक सर्वे किए गए हैं विभाग द्वारा वह ठीक तरीके से नहीं किए गए



कहीं ना कहीं उससे व्यापारियों का शोषण हो रहा है और व्यापारियों में भय की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जब तक व्यापारी एकजुट नहीं होगा तब तक उसका उत्पीड़न होता रहेगा। बैठक की शुरुवात से पहले व्यापारी वीरेंद्र जायसवाल के निधन पर व्यापारियों ने दो मिनट का मौन धारण करते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया। बैठक में सोमवार बंदी को लेकर भी चर्चा की गई। एक अप्रैल से सोमवार बंदी में सहयोग करने के लिए व्यापारियों ने अपनी सहमति दी।

# अम्बेडकर नगर महोत्सव की भव्यता के गुणगान

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** महोत्सव की भव्यता के गुणगान महोत्सव शुरू होने से पहले ही किए जाने लगे। कौन कौन राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय कलाकार आयेंगे कौन नाचेगा कौन गाएगा इसका तो बहुत वर्णन हो रहा है। लेकिन इसके आयोजन का खर्च कौन उठा रहा है कहां से पैसा आएगा यह किसी अखबार या सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नहीं बताया जा रहा है। अंबेडकरनगर महोत्सव के नाम पर ग्राम पंचायतों से एक मोटी रकम निर्धारित कर चंदा वसूलने का आदेश किस अधिकारी ने दिया यह कहीं नहीं छप रहा है। जबकि मुख्य खबर तो यही होनी चाहिए थी।आखिर ग्राम प्रधान और सचिव चंदे की रकम देते कहां से है। सचिव अपने 40 हजार के वेतन से देता है या प्रधान अपने पांच हजार मानदेय से देता है। अधिकारियों को सब पता है अधिकारी जान बूझ कर नीचे वाले कर्मचारियों से भ्रष्टाचार कराते हैं। ग्राम पंचायत के विकास का रुपया महोत्सव में चंदा लेकर उडाया जायेगा फिर उसी महोत्सव में जिला अधिकारी मुख्य अतिथि बन कर आगे की लाइन में सोफा पर बैठ कर कुछ पत्रकारों से फोटो खिंचवाकर अखबारों में छपवाकर अपनी छवि चमकाएंगे।जबकि महोत्सव का सच बहुत ही काला और बदसूरत होगा। समस्या यह है कि सच सामने लाए कौन? जानते तो सब है पर बोलता कोई नहीं। महोत्सव के पूरे कार्यक्रम पर मेरी और मेरी टीम की नजर रहेगी एक एक सच्चाई लोगों के बयान खबर और वीडियो के माध्यम से जिले के निवासियों के सामने लाते रहेंगे।

# चोरी के समान के साथ महिला गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के अकबरपुर कोतवाली पुलिस में चोरी के मुकदमे वांछित चल रही एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक महिला के निशानदेही पर एक पीली धातु नगदी समेत चोरी के कागजात बरामद हुए हैं। मामला अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत श्रवण क्षेत्र चौकी का है। श्रवण क्षेत्र चौकी अंतर्गत बाबा भागीरथी दास मंदिर के पुजारी हैं। जिनके द्वारा स्थानीय कोतवाली अकबरपुर में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसके क्रम में चौकी प्रभारी राहुल कुमार पांडे अपने हमराही उप निरीक्षक वर्षा यादव, हेड कांस्टेबल श्याम बहादुर यादव, महिला कांस्टेबल बिंदु जायसवाल के साथ



श्रवनक्षेत्र मेला में मौजूद थे।इसी समय मुखबिर ने सूचना दिया कि चोरी के दर्ज मुकदमे में वांछित महिला श्रावण क्षेत्र मंदिर के पास मौजूद है फिर चोरी करने के फिराक में आई है। मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक राहुल कुमार पांडेय अपने हमराही के साथ पहुंचकर महिला को पकड़ लिया तथा नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम किरन पत्नी विनोद बारी निवासी गौरा पलवारी थाना जैतपुर बताया। महिला आरक्षी के तलाशी लेने पर उसके पास से एक पीली धातु व 40 रुपये बरामद आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, बैंक पासबुक, धार्मिक किताबें बरामद हुई। वहीं महिला के खिलाफ विभिन्न मामले के कई मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें अंबेडकर नगर में चार मुकदमे जौनपुर में दो व आजमगढ़ में एक मुकदमा पंजीकृत है।

# सीएचसी अधीक्षक डॉ. सतीश चंद्रा पर भ्रष्टाचार के आरोप, तबादला

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** जिले के रूदौली तहसील क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सुनवा में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सीएचसी के अधीक्षक डॉ. सतीश चंद्रा का तबादला कर दिया है। अस्पताल में



चल रही अनियमितताओं में डॉक्टरों की अनुपस्थिति, मामूली बीमारियों वाले मरीजों को भी गंभीर बताकर अन्य अस्पतालों में रेफर करना प्रमुख था। मीडिया में इन खबरों के प्रकाशित होने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने तत्काल कार्रवाई की। डॉ. सतीश चंद्रा के स्थान पर अब डॉ. शिवकुमार शर्मा को सीएचसी सुनवा का नया अधीक्षक नियुक्त किया गया है।इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद जगी है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि नए अधीक्षक की नियुक्ति से अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता आएगी।

# एक दशक बाद जलालपुर सीएचसी में होंगे ऑपरेशन, सर्जन तैनात

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**जलालपुर तहसील संतोष कुमार**

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के जलालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्जन डॉ. मोहम्मद दानिश की तैनाती कर दी गई है। जल्द ही वह सीएचसी में कार्यभार संभाल लेंगे। उनके आने से मरीजों को सर्जरी के लिए जिला मुख्यालय तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोज औसतन 350 मरीज उपचार कराने आते हैं। इसमें जिन मरीजों को ऑपरेशन कराना होता है, उन्हें जिला अस्पताल या फिर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जाता है। करीब 10 साल पहले यहां सर्जन तैनात थे, जिनके तबादले के बाद से यह पद रिक्त चल रहा था। सर्जन की तैनाती होने से अब मरीजों को सीएचसी में ही बेहतर उपचार मिल सकेगा। डॉ. दानिश ने कानपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। मास्टर ऑफ सर्जरी की डिग्री सैफई से ली है। अभी वह विभागीय प्रशिक्षण के सिलसिले में बाहर हैं। सीएमओ डॉ. राजकुमार ने बताया कि सर्जन प्रशिक्षण से लौटने के बाद अपना काम शुरू कर देंगे। सीएचसी में ऑपरेशन थियेटर है। सभी जरूरी संसाधन भी हैं। अब यहीं ऑपरेशन किए जाएंगे।

# महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा पहुंचा 50 करोड़ के पार, इतिहास का सबसे बड़ा समागम

**प्रयागराज।** गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का तट विश्व के सबसे बड़े मानव समागम का साक्षी बन गया है। त्रिवेणी में पर 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं के आने का क्रम लगातार जारी है। तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम महाकुंभ अब इतिहास रच चुका है। यहां अबतक 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। 50 करोड़ से अधिक की



यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अबतक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। इस विराट समागम का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया में केवल भारत और चीन की जनसंख्या ही यहां आने वाले लोगों की संख्या से अधिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मुग्ध कर दिया है।

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुम्भ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी।

# ऋणी पत्रावली को रिजेक्ट करने में बताना होगा समुचित कारण: एलडीएम

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** खंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक जहांगीरगंज एवं रामनगर विकास खण्ड में हुई। अग्रणी जिला प्रबंधक कमलेश भास्कर की अध्यक्षता में हुई बैठक में एनआरएलएम डीएमएम अतुल समेत विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक और ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे। अग्रणी जिला प्रबंधक ने वार्षिक ऋण योजना 2025-2026, वित्तीय समावेशन समेत शासकीय योजनाओं की प्रगति, बैंकों में एनपीए, सीसीएल पेंडिंग फाइलों की समीक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत सीएम युवा, एमवाईएसवाई, ओडीओपी, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग योजना (पीएमएफएमई) में लंबित आवेदनों के जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सरकारी योजनाओं की पत्रावलियों को लंबित न रखने एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी ऋण की पत्रावली को यदि रिजेक्ट किया जाता है तो उसका वैध कारण इंगित करना होगा। शाखा में सभी उपभोक्ताओं से सम्मानजनक एवं तत्परता पूर्वक व्यवहार करना आवश्यक बताया। बैठक में वित्तीय साक्षरता केंद्र के संचालकों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया जिन्होंने विकास खंडों में चल रहे वित्तीय साक्षरता अभियान के बारे में जानकारी प्रदान की।

# राम मंदिर से बढ़ी आर्थिक वृद्धि, अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर में हो रहा ऐतिहासिक निवेश : राजनाथ सिंह

**लखनऊ।** राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ, विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ इन्वेस्ट हब के रूप विकसित हो रहा है। कहा कि अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर में ऐतिहासिक निवेश हो रहा है। लखनऊ में रेलवे और हवाई यातायात को भी बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे। यहां उन्होंने 1028 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ को विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ साथ इन्वेस्ट हब के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हाल ही में अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में लखनऊ को सबसे तेज विकास कर रहे शहरों में शामिल किया गया है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यों का भी स्मरण किया। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की मंशानुरूप यूपी में शहरी और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि 2004 से 2014 तक देश में अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर केवल 1.78 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, जबकि 2014 से 2024 के बीच इस



क्षेत्र में 28.52 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। लखनऊ मेट्रो के विस्तार पर भी जोर दिया गया। इसमें चारबाग से वसंत कुंज तक की परियोजना को जल्द स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ में यातायात सुगमता के लिए कई फ्लाईओवर और हाईवे बनाए जा रहे हैं। पॉलिटेक्निक चौराहे से मुंशी पुलिया तक 170 करोड़ रुपये की लागत से बने चार लेन फ्लाईओवर और इंदिरा नगर से खुर्रमनगर तक 270 करोड़ रुपये की लागत से बने फ्लाईओवर का लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त, अमर शहीद पथ के पास सर्विस रोड के निर्माण हेतु 45 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ के रेलवे नेटवर्क को और अधिक उन्नत किया जा रहा है। गोमतीनगर रेलवे टर्मिनस, आलमनगर सैटेलाइट स्टेशन, ऐशबाग और बादशाहनगर रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। ट्रांसपोर्ट नगर और उत्तरेठिया स्टेशन का उच्चीकरण भी किया जा रहा है। हवाई सेवाओं को भी विस्तार देने के लिए लखनऊ एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है। ताकि, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की सुविधा और बेहतर हो सके।

# आईपीएस 2025 ने सतत ऊर्जा उत्पादन के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को मजबूत किया

## एनटीपीसी विंध्याचल ने स्वर्ण शक्ति और व्यावसायिक उत्कृष्टता पुरस्कारों में ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता

**विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**दिबियापुर (औरैया)।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत् उपयोगिता कंपनी, एनटीपीसी लिमिटेड ने रायपुर में 13 से 15 फ़रवरी 2025 तक अपने प्रमुख कार्यक्रम, भारतीय पावर स्टेशन संचालन एवं रखरखाव सम्मेलन (आईपीएस 2025) का शुभारंभ किया। यह तीन दिवसीय सम्मेलन, एनटीपीसी सिंगरौली की पहले यूनिट के सिंक्रोनाइज़ेशन के उपलक्ष्य में, 卐विश्वसनीय और सतत उत्पादन, परिसंपत्ति प्रबंधन और ऊर्जा परिवर्तन की थीम पर विचार-विमर्श करने के लिए आयोजित किया गया।

उद्घाटन समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए, सचिव (विद्युत) श्री पंकज अग्रवाल ने कहा, एनटीपीसी ने देश भर में थर्मल पावर स्टेशनों के संचालकों के लिए एक मानक स्थापित किया है। इतिहास में पहली बार, 50 मिलियन टन कोयले का भंडार बनाए रखा है जिसमे एनटीपीसी का भी अहम योगदान रहा। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, बढ़ती चुनौतियों के लिए हमें रखरखाव प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल की कठोरता से समीक्षा करने और परिचालन डेटा का गहराई से विश्लेषण करने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे सभी उपयोगिताओं को पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता देने और उनके पर्यावरण प्रबंधन प्रणालियों के प्रदर्शन की बारीकी से निगरानी करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के अध्यक्ष श्री घनश्याम प्रसाद ने एनटीपीसी की 50वीं वर्षगांठ पर बधाई दी। उन्होंने कहा, ऊर्जा परिवर्तन के लिए एनटीपीसी का व्यापक दृष्टिकोण स्पष्ट है, जिसमें सीसीयूएस जैसे पहलों के माध्यम से थर्मल पावर को स्वच्छ बनाने के प्रयास शामिल हैं। उन्होंने विक्रेता विकास को बढ़ावा देने पर एनटीपीसी के फोकस की सराहना की, जो आपूर्ति श्रृंखला में बाधा को दूर करने में मदद करेगा। इस समारोह के दौरान, एनटीपीसी के सीएमडी श्री गुरदीप सिंह ने कहा, जैसा कि हम भारतीय पावर स्टेशन 2025 के लिए एकत्रित हुए हैं, हमारा ध्यान सभी पावर स्टेशनों में अनुसंधान एवं रखरखाव के लिए समयबद्ध कार्यक्रमों को लागू करने पर होना चाहिए। नवीन हस्तक्षेपों के माध्यम से हमारे मौजूदा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से हमारी दक्षता और विश्वसनीयता बढ़ेगी। बदलते पावर ग्रिड और ऊर्जा क्षेत्र की गतिशील प्रकृति के साथ, यह अनिवार्य है कि हम अपने दृष्टिकोण में अनुकूलन करें और प्रयोगात्मक बनें।

एनटीपीसी संचालन निदेशक श्री रवींद्र कुमार ने इस कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और विशिष्ट सभा के प्रति एनटीपीसी परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम के दौरान वित्त निदेशक श्री जयकुमार श्रीनिवासन, ईंधन निदेशक श्री शिवम श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक श्री के एस सुंदरम, मानव संसाधन निदेशक श्री ए के जादली, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्रीमती रश्मिता झा और विद्युत मंत्रालय, सीईए, सीईआरसी, एनटीपीसी, जेनकोस और अन्य कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# दहेज के लालची ने छोटे भाई की पत्नी की अस्मत लूटकर नहर के किनारे फेंका रिपोर्ट दर्ज

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत**

**पीलीभीत।** थाना क्षेत्र गजरौला के एक गाँव की एक निवासी महिला ने बरखेड़ा थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया हैं कि क्षेत्र के गाँव नगरा ताल्लुके मूसेपुर निवासी हरिओम ने तीन वर्ष पूर्व मुझे अपने प्रेमजाल में फांसकर शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बंध बनाता रहा ,शादी की बात करते ही टालमटोल कर जाता था जिसकी शिकायत थाना बरखेड़ा में करने के बाद दिनाँक 2 नबम्बर 23 को मंदिर में शादी करने के बाद 24 अगस्त 2024 की विवाह का पंजीकरण कराने के बाद घर ले गया ,जहां पर हरिओम ब परिवार बाले जेठ दिनेश कुमार, ससुर महेन्द्रपाल, वेदपाल,सोहन लालएवं बाबूराम एक राय होकर दहेज न लाने को कह कर प्रताड़ित करते हुये 5 लाख रुपये की मांग करने लगे जिसे मेरे पिताजी ने खेती बेंचकर 3 लाख रुपये दे दिये ।जिसके बाद मेरा पति रुद्रपुर ले गया और 4 महीने बाद छोड़ कर भाग आया। सूचना पर दिनांक 22 जनवरी 2025 को अपनी ससुराल पहुची तो मुझे घर मे घुसने नही दिया ,डायल 112 की मदद से मैं घर मे पहुच गई तो उसी रात मेरे जेठ दिनेशकुमार ने मेरे साथ जबरन दुष्कर्म कर डाला मैंने चीखना चिल्लाना चाह तो परिवार व अन्य सदस्यों ने मेरे मुंह को बन्द करके लाठी डंडो से पीट पीट कर चोटिल अवस्था मे नहर मे फेक दियाऔर शिक़ायत करने पर जान से मार देने की धमकी देकर वहा से फरार हो गये वही थानाप्रभारी ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर शिकायत पर 6 लोगो के खिलाफ गम्भीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। और मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह की सुरक्षा को लेकर की त्रैमासिक समीक्षा बैठक

## समीक्षा बैठक : एडीजी सुरक्षा, एडीजी आगरा जोन, डीआईजी ने नए प्रस्तावों पर किया विचार विर्मश

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**



मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह परिसर की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर होने वाली त्रैमासिक समीक्षा बैठक शुक्रवार दोपहर पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा रघुवीर लाल ने श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की इसके साथ सुरक्षा में लगे अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किये।

मथुरा पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली मीटिंग करने पहुंचे एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल और एडीजी आगरा जॉन अनुपमा कुलश्रेष्ठ को मथुरा पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया इसके बाद सभागार में अधिकारी पहुंचे, वहां एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल ने उपस्थित अधिकारियों से परिचय लिया।

मीटिंग में एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल ने श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह की सुरक्षा के विषय में जानकारी ली, जिस पर डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह की सुरक्षा 3 जोन में बांटी गई है, जिसमें रैड जोन में श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह है, इसके अलावा यलो जोन में बाहरी इलाका है अन्य क्षेत्र को ग्रीन जोन में बांटा गया है।

करीब डेढ घंटे चली बैठक में एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए, मीटिंग के बाद बाहर आए डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि स्टैंडिंग कमेटी की बैठक हुई है, बैठक में पूर्व के एजेंडे पर वार्ता की गई थी कुछ नए प्रस्ताव रखे गए उन पर भी विचार किया गया, श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह की सुरक्षा व्यवस्था को और कैसे सुदृढ़ किया जाए, भीड़ को नियंत्रण किस प्रकार किया जाय और आने वाले श्रद्धालुओं को और बेहतर अनुभव लेकर यहां से जाय, इन सब मुद्दों पर चर्चा आधारित रही। बैठक में एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल के साथ एडीजी जोन आगरा अनुपमा कुलश्रेष्ठ, एडीजी आईवी, पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार, डीआईजी सीआरपीएफ, जिलाधिकारी सी पी सिंह, डीआईजी शैलेश कुमार पांडे, एसपी सुरक्षा बजरंग बलि, एसपी सिटी डॉ अरविंद कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# बंद मकानों में हाथ साफ करने वाले शातिर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**



**मथुरा।** बंद मकानों, घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यवाही में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। इनसे चोरी का सामान भी बरामद हुआ है।

महावन थाना प्रभारी निरीक्षक डेजी पवार ने बताया कि गत रात को पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में चोरी करने वाले घूम रहे हैं। सूचना पर वह अपनी टीम के साथ ग्राम मनोहरपुर के पास बरेली हाईवे अंडरपास के नजदीक पहुंच गई और चेकिंग शुरू कर दी। थोड़ी देर में एक ऑटो आता दिखाई दिया। पुलिस को देख चालक ने ऑटो भगा दिया। पीछा करने पर ऑटो सवार चोरों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड के दौरान मनोज जोगी पुत्र ओमप्रकाश (गैंगस्टर) निवासी ग्राम बसेरा अलीगढ हाल निवासी दामोदरपुरा सदर बाजार मथुरा और श्याम पुत्र पप्पू निवासी नारायणपुरी धौलीप्याऊ को गिरफ्तार किया है। मनोज के पैर में गोली लगी है जिसके जिला अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया है। इनके पास से अवैध असलाह, कारतूस, अलग अलग स्थानो से चोरी किये गये माल व घटना में प्रयुक्त ऑटो बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार दोनों शातिर अपराधी हैं जिनके विरुद्ध जनपद के अलग अलग थानो में चोरी, नकबजनी जैसे कई मुकदमें दर्ज हैं। ये ऑटो से अलग अलग स्थानो पर घूम फिर कर बन्द घरों और दुकानो की रैकी करते हैं फिर मौका पाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

चोरी के बाद ऑटो में ले जाते सामान = सीओ महावन : सीओ महावन ने बताया पकड़े गए बदमाश पहले बंद पड़े मकानों के बारे में जानकारी करते हैं। रेकी के बाद जब उन्हें यकीन हो जाता कि मकान कई दिन से बंद है तो रात में उसका ताला तोड़कर चोरी कर लेते हैं। चोरी का सामान ले जाने के लिए वह अपने साथ ऑटो लेकर आते हैं। चोरी का सामान इसी में लादकर ले जाते हैं और बाजार में सस्ते दामों में बेच देते हैं। गत 8-9 फरवरी की रात को न्यू गोकुल सिटी में एक घर में चोरी की वारदात को इन लोगों ने अंजाम दिया था। बंद मकान में चोरी करने के बाद ये ऑटो में सामान लादकर ले गए। वारदात के बाद से पुलिस इनकी तलाश में लगी हुयी थी। दोनों बदमाशों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# पुलवामा शहीदों की याद में निकाला कैंडल मार्च :श्रीचंद वर्मा

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी**



**बनीकोडर बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश जनपद बाराबंकी के तहसील रामसनेही घाट अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटवा सड़क के गांव पूरे चुराई में शुक्रवार को ग्रीन गैंग के जिला प्रभारी आशीष सिंह के निर्देशन में ब्लैक कैंडल मार्च निकाला गया। ग्रीन गैंग के ब्लॉक प्रभारी श्रीचंद्र वर्मा के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं सहित युवा व बच्चों ने कैंडल मार्च में हिस्सा बन पुलवामा कांड में शहीद हुए भारतीय जवानों को नमन किया। श्रीचंद्र वर्मा ने गद्दार पाकिस्तान देश के खिलाफ विरोध जताते हुए बताया कि देश के कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में 14 फरवरी सत्र 2019 को देश के 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गये थे।जिन शहीदों की छठवीं बरसी याद कर आज देश के लोगों की आंखें नम हो गई है।वही इस ब्लैक डे अवसर पर ग्रामीण महिलाओं सहित युवाओं व बच्चों ने शहीदों की छठवीं बरसी पर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।साथ ही साथ इस दु:ख की घड़ी में पूर्व में हुए देश के शहीद जवानों को याद करते हुए श्रीचंद्र ने बताया कि 14 फरवरी सत्र-2019 को देश के जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने के क्रम में सीआरपीएफ जवान वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला कर सभी 40 जवानों को जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले के अवन्तिपोरा समीप लेथपोरा इलाके में गद्दार देश पाकिस्तान का इस्लामिक आतंकवादी समूह जैश ए मोहम्मद ने हत्या कर दी थी।

जिसे देश कभी भी भूल नही सकता। लेकिन वीर सपूतों को देश आज भी शत-शत नमन करता है।ग्रीन गैंग के जिला प्रभारी आशीष सिंह(रक्तमित्र)के निर्देशन में जिले के विभिन्न स्थानों पर ब्लैक डे पर पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कार्यक्रम किए जा रहे है।इस दौरान पर्यावरण सैनिक अंकित कुमार,महिला प्रमुख सुनीता, पूनम, अनन्या वर्मा, अन्वी पटेल,विमलेश वर्मा, सामर्थ,हरीश कुमार व नीतीश कुमार मौजूद रहे।

# चुनाव प्रक्रिया के दृष्टिगत लाइसेंसी हथियार व असलहा तुरंत जमा करवाने के आदेश : जिलाधीश विश्राम कुमार मीणा

**नूंह,** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। जिलाधीश विश्राम कुमार मीणा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए हथियार अधिनियम 1959 के तहत लाइसेंस धारकों को हथियार लेकर चलने पर पाबंदी लगाने की हिदायतें जारी की है तथा उन्हें तुरंत संबंधित पुलिस थाना/हथियार डीलर के पास हथियार जमा करवाने के निर्देश दिए गए है।

जिलाधीश विश्राम कुमार मीणा द्वारा जारी आदेश में विभिन्न बैंकों/निजी बैंकों में तैनात अधिकृत सुरक्षा गार्डों के नाम जिनके हथियार बैंक के नाम पर दर्ज है/ विभिन्न एटीएम की सुरक्षा में तैनात अधिकृत सुरक्षा गार्डों/ कैश ले जाने वाली वैन में तैनात सुरक्षा गार्डों को छूट प्रदान की गई है। जारी आदेश के तहत उपरोक्त के अलावा अन्य सभी हथियार धारक तुरंत संबंधित पुलिस थाना/अधिकृत हथियार डीलर के पास हथियार व असलहा जमा करवाकर रसीद प्राप्त कर ले।

जारी आदेश के तहत संबंधित एसएचओ/हथियार डीलर जमा करवाए गए हथियारों व असला को सुरक्षित रखने के लिए पाबंद होगा। लाइसेंस धारक चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत रसीद दिखाकर संबंधित एसएचओ या हथियार डीलर से अपने हथियार व असलहा वापिस ले सकेंगे। हालांकि यह आदेश पुलिस तथा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू होकर चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक लागू रहेंगे।

नूंह के पुलिस अधीक्षक, उपमंडलाधीश तावडू, तावडू के पुलिस उपाधीक्षक तथा तावडू पुलिस थाना के एसएचओ इन आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस अधिकारियों को हिदायतें दी गई है कि वे बिना लाइसेंस के हथियारों को खोजने के लिए प्रभावी कदम उठाए तथा नियमानुसार इन हथियारों को जब्त करें।

# वैलेंटाइन डे पर पीलीभीत में चाक चौबंद

**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**




### पार्क से लेकर मॉल तक पुलिस तैनात, सादे कपड़ों में

### महीला पुलिसकर्मी भी मौजूद

**पीलीभीत ,** वैलेंटाइन डे को लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की हिंदू संगठनों द्वारा विरोध की घोषणा के शहर के सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया एसीपी विक्रम दहिया के अनुसार सार्वजनिक स्थलों पर अश्लीलता और किसी भी प्रकार की अभद्रता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, पार्क ,शॉपिंग मॉल, और होटलो का रेस्टोरेंट जैसे सार्वजनिक स्थानो पर विशेष निगरानी रखी गई महिलाओं की सुरक्षा प्राथमिकता देते हुए सादे कपड़ों में महिला पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया गया अभद्रता करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी पुलिस ने स्पष्ट किया है कोई भी व्यक्ति या संगठन कानून को अपने हाथ में नहीं ले सकता है यदि किसी को कोई आपत्तीजनिक गतिविधि दिखे तो वहां तुरंत पुलिस को सूचित करें पुलिस की मोबाइल टीमें में लगातार गस्त कर रही है और किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं साथी किसी के साथ अभद्रता करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई

# अमृतसर जिले में परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू - अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब**



अमृतसर। अमृतसर जिले में 19 फरवरी से 4 अप्रैल 2025 तक ओपन स्कूल सहित 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए जिले में स्थापित 455 केंद्रों की परिधि के आसपास धारा 144 के साथ-साथ पुलिस सुरक्षा प्रदान करने के लिए पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष की मांग को ध्यान में रखते हुए, मैं, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अमृतसर, श्रीमती ज्योति बाला, ने भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 2023 की धारा 163 के तहत एक अधिसूचना जारी की है। अपने में निहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए अमृतसर जिले में खुले स्कूलों सहित 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की 19 फरवरी से 4 अप्रैल 2025 तक सुबह 11:00 बजे से दोपहर 02:15 बजे तक होने वाली वार्षिक परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 बीएनएसएस जारी की गई है। यह धारा स्थापित किए गए 455 परीक्षा केंद्रों के आसपास लागू रहेगी। ये आदेश 18 फरवरी, 2025 से 4 अप्रैल, 2025 तक, परीक्षा पूरी होने तक प्रभावी रहेंगे।

# पात्र परिवार मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लें लाभ : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

## - आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना योजना का उद्देश्य

नूंह, 14 फरवरी – नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और खुशहाल बनाएं।

उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिसमें अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति / टपरीवास जाति के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71,000/– अनुदान राशि प्रदान की जाती है और पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के व्यक्तियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 41,000/– अनुदान राशि दी जाती है।

उन्होंने बताया कि सभी वर्गों की विधवा, अनाथ, तलाकशुदा, बेसहारा महिलाओं और उनके बच्चों की बेटियों की शादी के लिए 51,000/– अनुदान राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ी महिलाओं (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की शादी के लिए भी 41,000/– की सहायता राशि दी जाती है। इसके साथ-साथ इस योजना के तहत यदि विवाह में दोनों वर-वधू दिव्यांग हैं, तो उन्हें 51,000/– अनुदान राशि दी जाएगी। अगर केवल एक वर या वधू दिव्यांग है, तो 41,000/– की अनुदान राशि दी जाएगी।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक को अपनी बेटी के विवाह के बाद 6 माह के भीतर विवाह पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया गया है। आवेदक shadi.edisha.gov.i ठ्ठ पोर्टल पर जाकर विवाह पंजीकरण और मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है

# पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

## छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक गीत पर किए रंगारंग कार्यक्रम

गणेश वर्मा - ब्यूरो चीफ
कौशाम्बी- केसरिया हिंदुस्तान



**कौशाम्बी** ।सदर ब्लाक के पारा हसनपुर गांव स्थित पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव था।इस दौरान विद्यालय परिसर में उपस्थित सभी लोगों ने पुलवामा हमले में शहीद हुए 44 वीर जवानों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। सरस्वती वंदना के साथ छात्र - छात्राओं ने सांस्कृतिक गीत पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।मुख्य अतिथि सदर खंड शिक्षा अधिकारी और भाजपा के जिला महामंत्री रहे।

2024 में भारत सरकार के नई शिक्षा नीति के तहत प्रदेश सरकार के चौथे चरण में 440 विद्यालय का चयन किया गया था।इस दौरान सदर ब्लाक के पारा हसनपुर गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय भी चयनित हुआ था।शुक्रवार को प्रधानाध्यापक गिरजेश कुमार वर्मा ने विद्यालय के प्रथम पर वार्षिकोत्सव का आयोजन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंझनपुर ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता और भाजपा के जिला महामंत्री संजय जायसवाल रहे।सर्व प्रथम अध्यापकों के साथ दोनो अतिथियों ने पुलवामा हमले में शहीद हुए 44 वीर जवानों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके बाद मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया।साथ ही सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार ने परिसर में बैठे हुए सभी छात्र - छात्राओं, अभिभावकों और अध्यापकों को पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव की बधाई दिया।उन्होंने छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि विभिन्न प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग कर रहे छात्र - छात्रा, अटल आवासीय विद्यालय में होने वाली परीक्षा में अवश्य शामिल हों,जिसके लिए पांच दिवसीय सड़यूल निर्धारित किया गया है।इसमें अभ्यास होगा। 17 फरवरी से निपुण एसएसमेंट टेस्ट होगा।इसमें कक्षा 1 और 2 के बच्चों टेस्ट होगा।सभी बच्चे विद्यालय में अवश्य शामिल हों।इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय समिति का आभार व्यक्त किया।

इसके बाद विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपने हुनर का प्रयोग करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और नाटक के माध्यम से जागरूक किया।संजना ,रुचि,तनु और मनीषा ने वंदना गीत गाया, मंजीत शनि,सत्यम,सत्येंद्र और क्षविनाथ ने हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई के गीत पर अभिनय प्रस्तुत किया। शुभांशी,कृष्णा,पूर्णिमा,सोनम, करिश्मा और आंचल ने मेरे प्यारे वतन पर नृत्य के माध्यम से दर्शकों का मन मोहा।नंदनी,साक्षी और,कुमुद और चाहत ने मेरे प्यारे इस तिरंगे पर नृत्य किया। मोनिशा बानो,सलोनी,अंशिका,शाहीन, रागिनी, नम्रता आयत ने हम बच्चे हिंदुस्तान के गीत पर अभिनय प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम समापन के बाद प्रधानाध्यापक गिरजेश कुमार और भाजपा महामंत्री संजय जायसवाल ने कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार देते हुए हौसला बढ़ाया साथ ही उज्वल भविष्य की कामना किए।इस मौके पर मायापति त्रिपाठी,कृष्णकांत तिवारी, ओम दत्त त्रिपाठी,रेखा विश्वकर्मा, राजभान सिंह,सरोज प्रजापति, अनूप वर्मा,वंदना जायसवाल, सुधीर कुमार,सुनील केशवानी, सौरभ सिंह,नोखे लाल,डॉ0 सलीम उद्दीन,संजय शुक्ला,शंकर चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्रा,संभ्रांत नागरिकों के अलावा अभिभावक उपस्थित रहे।

# अपार आईडी को लेकर सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य में आक्रोश

केसरिया हिंदुस्तान सत्य
नारायण गुप्ता

राम सनेही घाट ।बाराबंकी छात्रों की अपार आईडी को लेकर माध्यमिक शिक्षा विभाग के नोडल व उच्च शिक्षा अधिकारी बेसिक विभाग के खंड शिक्षा अधिकारी वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य व बेसिक विभाग के निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों आईडी न बनने के कारण मान्यता प्रत्याहारन की धमकी देते हैं। जिससे सभी प्रधानाचार्य में आक्रोश व्याप्त है वित्तविहीन शिक्षक महासभा भी छात्रों की अपार आईडी बनने के पक्षधर है लेकिन छात्रों के विद्यालय अभिलेख अनुसार एवं आधार कार्ड में भिन्नता के कारण कुछ छात्रों की अपार आईडी नहीं बन पा रही यह जानकारी वित्तविहीन शिक्षक महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तेज कुमार उपाध्याय ने विज्ञप्ति जारी कर दी है उन्होंने कहा यदि शिक्षा विभाग की अधिकारी प्रधानाध्यापक को और प्रधानाचार्य को नाजायज उत्पीड़न करेंगे तो शिक्षक महासभा इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मर्यादा का उल्लंघन न करें अन्यथा की स्थिति वित्तविहीन शिक्षक महासभा भी मर्यादा का उल्लंघन करने के लिए बाध्य होगी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नहीं मालूम की नेटवर्किंग व्यवस्था फेल होने के कारण छात्रों का आधार कार्ड मैं माता-पिता का नाम तथा छात्र की जन्मतिथि और पता गलत होने के कारण आधार में सुधार करवाने के लिए बैंकों जनसेवा केंद्रों पर भीड़ हो रही है छात्र और अभिभावक दोनों परेशान होने के कारण तथा तकनीकी गड़बड़ी होने के कारण छात्रों की अपार आईडी नहीं बन पा रही अधिकारियों को यथार्थ की भी जानकारी होनी चाहिए ।

# मेडिकल लाइसेंस निरस्त होने के बावजूद धड़ल्ले से हो रहा दवाइयों का क्रय-विक्रय




रायबरेली सलोंन तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक सामने मुख्य मार्ग पर बिना फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर संचालित हो रहा है ग्रामीण द्वारा शिकायत करने के बावजूद जांचकर्ता छ्ह्न की भूमिका संदिग्ध है शिकायतकर्ता का कहना है की मेडिकल स्टोर संचालक और ड्रग इंस्पेक्टर की मिली भगत से अवैध कारोबार फलफूल रहा है राज्य औषधि नियंत्रक ,एंटी करप्शन ब्यूरो ए0 बी 0सी, लोकायुक्त उत्तर प्रदेश का ध्यान शिकायत कर्ता एक गंभीर मामले की ओर आकर्षित कर रहा है सलोन क्षेत्र में आस्तिक मेडिकल स्टोर बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के संचालित हो रहा है और संबंधित ड्रग इंस्पेक्टर की जांच भूमिका इस मामले में संदिग्ध प्रतीत हो रहा है आस्तिक मेडिकल स्टोर संचालक नयन प्रताप मौर्य के स्टोर को बिना फार्मासिस्ट के दवाइयों की बिक्री करते हुए पकड़ा गया था ड्रग इंस्पेक्टर ने आस्तिक मेडिकल स्टोर बंद करवा दिया

ड्रग इंस्पेक्टर की जाने के बाद मेडिकल संचालक पुनः मेडिकल स्टोर खोलकर बेच रहा है दवाईयां : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन के अधीक्षक एवं डॉक्टर द्वारा आस्तिक मेडिकल स्टोर के लिए मरीज का पर्चा भी लिखा जाता है बाहर से लिखी गई मेडिकल स्टोर की दवाईयो का कमीशन शाम तक डॉक्टर के पास आस्तिक मेडिकल स्टोर संचालक देता है पहुंचा दिया जाता है ऐसा मैं नहीं वहां के स्थानीय लोगों का कहना है स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों ने अवैध संचालित हो रहे मेडिकल स्टरों से मोटी कमीशन के चक्कर में आंख में बांध रखी है पट्टी

# साहब! दामाद पक्ष- दहेज में बुलेट और एक लाख रुपए मांग रहा है, न देने पर रिश्ता तोड़ दिया

## सगाई होने के बाद लड़के पक्ष ने रखी बड़ी शर्त,फरवरी में होना था विवाह - केस दर्ज

गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ
कौशाम्बी- केसरिया हिंदुस्तान



**कौशाम्बी**। जनपद में दहेज लोभियों ने एक बार फिर से रिश्ता शर्मशार कर दिया है। सगाई होने के बाद लड़की के पिता की मजबूरियों का फायदा उठाकर लड़के पक्ष ने बड़ी शर्त रखते हुए फुल जेवरात,बुलेट,एक लाख रुपए की मांग कर बैठा।यह शर्त सुनते हुए लकड़ी के पिता के पैरों तले जमीन खिसक गई। लड़की के पिता ने लड़के पक्ष से मिन्नते करता रहा लेकिन उसका दिल नहीं पसीजा।काफी प्रयास और पंचायत के बाद भी बात नहीं बनी तो पीड़ित पक्ष ने करारी कोतवाल से न्याय की गुहार लगाई। करारी पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

करारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति अपनी 20 वर्षीय बेटी का रिश्ता चरवा क्षेत्र के समदा गांव के रहने वाले गामा सरोज के लडके सुखलाल से तय किया था। कुछ माह पहले दोनों की सगाई बड़े धूमधाम से हुई। लड़की के पिता ने सगाई में लकड़े पक्ष को 25 हजार रुपए नगद, बर्तन ,जेवरात,महंगे कपड़े बगैर दिया। फरवरी माह में दोनो की शादी होनी थी।लड़की पक्ष ने शादी की तारीख रखने के लिए लड़के पक्ष से बात किया तो वह आसमान की बुलंदियों को छूते हुए सभी सीमाएं लांघ दिया और लंबी - चौड़ी शर्त रख दिया।लड़के पक्ष ने सोने चांदी के कीमती फुल जेवरात,दो पहिया वाहन में बुलेट ,एक लाख रुपए की मांग कर बैठा। इतना सुनते ही लड़की के पिता के आंखों से आंसू गिरने लगा।वह इतना महंगा दहेज नहीं देने की बात की तो लड़के पक्ष ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया।दोनो पक्षों के मध्य कई दिनों तक पंचायत चली और रिश्तेदारों के माध्यम से बात रखी गई फिर भी बात नहीं बनी तो शुक्रवार को पीड़ित पिता बेटी के संग करारी कोतवाली पहुंचा और थाना प्रभारी विनीत सिंह को तहरीर देते हुए इंसाफ मांगने लगा। इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने मामले को गंभीरता को लेते हुए तत्काल केस दर्ज कर लिया। इसके साथ ही आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं।

# उपयोग की गई प्लास्टिक की बोतलों को कलेक्ट कर जल कलश में किया जा रहा एकत्र

## नदी को प्लास्टिक के बोतलों के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए अनूठी पहल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
प्रयागराज शनि कुमार यादव



**14 फरवरी**, महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ के आयोजन में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर कई अनूठे प्रयोग किए गए हैं। इसी कड़ी में जल कलश पहल महाकुम्भ में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जिसकी स्थापना अरैल घाट सेक्टर 24 निषाद राज मार्ग में की गई है। जल कलश में कुम्भ क्षेत्र में प्रयोग की गई पानी की बोतलों को इकठ्ठा किया गया है और इन बोतलों को रिसाइकिल करके उपयोग में लाया जायेगा, जिससे प्रकृति में इन प्लास्टिक की बोतलों का दुष्प्रभाव न पड़ सके।अभियान के दौरान 20,000 से अधिक प्लास्टिक की बोतलें एकत्र की गई हैं। नमामि गंगे मिशन के पूर्व महानिदेशक जी अशोक कुमार के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के सहयोग से जल कलश पहल को शुरू किया गया है। जल कलश पहल 1 फरवरी से 20 फरवरी, 2025 तक एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स द्वारा आयोजित 20-दिवसीय अभियान है। स्थानीय स्तर पर आदर्श सेवा समिति व मंगल भूमि फाउंडेशन इस पहल में सहयोग कर रही हैं।

जी अशोक कुमार कहते हैं कि महाकुम्भ को हरित महाकुम्भ बनाने की दृष्टि से कुंभ क्षेत्र में उपयोग की गई प्लास्टिक की बोतलों को कलेक्ट करके हमने छोटा सा प्रयास हरित कुम्भ की ओर किया है। इस कुंभ क्षेत्र में जल कलश की स्थापना कर यह संदेश दिया गया है कि मां गंगा की अविरलता और निर्मलता में यह प्लास्टिक बाधा है। इन प्लास्टिक की बोतलों को एक कलश में रखकर यह दर्शाने की कोशिश की गई है कि प्लास्टिक को गंगा और गंगा के क्षेत्र में नहीं जाने देना है, जिससे हमारी गंगा अविरल और निर्मल रहे।

पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ता रामबाबू तिवारी बताते हैं कि मां गंगा की अविरलता और निर्मलता के लिए समाज को अलग-अलग तरीके से प्रयास करने होंगे। जिस प्रकार से इस बार कुम्भ में एक थाली एक थैला अभियान के माध्यम से गंगा में प्रदूषण होने से बचाया गया, इस प्रकार से जल कलश के माध्यम से भी गंगा को प्रदूषण होने से रोका गया है। अलग-अलग प्रकार की संस्थाएं अलग-अलग तरीके से अपनी हरित कुम्भ की ओर अग्रसर हैं, उसमें डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स और

# नकली बीज बेच रहे दुकानदार के यहां से पकड़ा गया बीज,एफआईआए हुई दर्ज

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव



एटा जनपद के जलेसर थाना क्षेत्र के कैलाश पति टॉकीज के पास पुलिस ने बीज भंडार दुकान से नकली बीज बरामद किया है।पुलिस ने मक्का का बीच नकली बरामद कर बीज भंडार संचालक के विरुद्ध कार्यवाही की है ।पुलिस ने कंपनी के कर्मचारियों की लिखित तहरीर के आधार पर कार्यवाही करते हुए बीज भंडार संचालक के विरुद्ध कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए मुकद्दमा पंजीकृत किया है।जलेसर थाना पुलिस को true buddy counsulttung प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि प्रेम शर्मा ने जलेसर कोतवाली थाना पुलिस को लिखित तहरी दी थी जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आदर्श बीज भंडार जलेसर के यहां से 12 पैकेट नकली बीज के बरामद किए हैं। कंपनी के अधिकारी ने आरोप लगाया है की बीज भंडार संचालक हमारी कंपनी ब्रायर क्रॉप साइंस लिमिटेड 9108 मक्के का बीच डिकाब्ट का ट्रेडमार्क चोरी कर बेच रहा था जिसकी लंबे समय से जानकारी प्राप्त हो रही थी। कंपनी के सीनियर मयंक जोशी के साथ जलेसर कोतवाली में शिकायत की पुलिस ने 12 पैकेट मक्के के बीज के पैकेट बरामद कर आरोपी बीज भंडार संचालक साहिल के विरुद्ध कार्यवाही की है । कंपनी के अधिकारियों ने पकड़े गए बीज के पैकेट पर अंकित क्यू आर कोड को स्कैन किया जिससे मामले का खुलासा हुआ । कंपनी के अधिकारियों ने आरोपी बीज भंडार संचालक साहिल के विरुद्ध जलेसर कोतवाली में तहरी दी है पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर लिया है।

# वैलेंटाइन डे पर मौत से पहले पति ने पत्नी से कहा में तुम्हारा दिल नही जीत पाया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव ब्यूरो चीफ मुरादाबाद

पति-पत्नी के विवाद के बाद सुसाइड के मामले दिन व दिन बढ़ते चले जा रहे हैं। मुरादाबाद में वैलेंटाइन डे पर एक युवक ने अपनी पत्नी को मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो बनाया और कहां मैं तुम्हारा दिल नहीं जीत पाया और आत्महत्या कर ली। वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।



मुरादाबाद के कटघर थाना इलाके के रहने वाले एक युवक ने सुसाइड से पूर्व एक वीडियो बनाकर अपनी आत्महत्या का कारण अपनी पत्नी ससुराल वाले और रिश्तेदारों को बताया है। दरअसल, संदीप कटघर थाना इलाके का रहने वाला है। काफी दिनों से उसकी पत्नी नीलम से उसका विवाद चल रहा था। विवाद के चलते संदीप से शुक्रवार को अपने घर में फांसी लगा ली। आत्महत्या से पूर्व संदीप ने एक वीडियो भी बनाई जिसमें उसने आत्महत्या का कारण अपनी पत्नी सहित ससुराल वालों और रिश्तेदारों को बताया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद काफी चर्चाओं में है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस इस पूरे मामले पर जांच कर रही है।

# गिरफ्तार आरोपी बड़े पैमाने पर हेरोइन तस्करी में शामिल था: डीजीपी गौरव यादव

## इस तस्करी अभियान में शामिल स्रोत और वितरण नेटवर्क की पहचान के लिए जांच जारी है- एसएसपी एएसआर ग्रामीण चरणजीत सिंह

**अमृतसर**। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर नशों के विरुद्ध जारी जंग के दौरान इस वर्ष की सबसे बड़ी हेरोइन बरामदगी में से एक में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार करके सीमा पार तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है और उसके कब्जे से 30 किलो हेरोइन बरामद की है। यह जानकारी शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमृतसर के घरिंडा स्थित बसेरके गिलां निवासी गुरसिमरनजीत सिंह उर्फ सिमरन के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने हेरोइन की खेप बरामद करने के अलावा उसकी फोर्ड फिएस्टा कार भी जब्त कर ली है, जिसमें वह हेरोइन की खेप पहुंचाने जा रहा था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गुरसिमरनजीत सिंह बड़े पैमाने पर हेरोइन तस्करी में संलिप्त है और सूचना मिली थी कि हाल ही में उसे सीमा पार से तस्करी कर लाई गई हेरोइन की बड़ी खेप मिली थी। उन्होंने बताया कि जांच से यह भी पता चला है कि पाकिस्तान स्थित तस्करों ने मादक पदार्थ की खेप को ले जाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया है। डीजीपी ने कहा कि इसमें शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने तथा तस्करी नेटवर्क के मूल का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।




ऑपरेशन का विवरण साझा करते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अमृतसर ग्रामीण चरणजीत सिंह ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी में आरोपी गुरसिमरनजीत सिंह की संलिप्तता के बारे में एक खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए, एसएचओ घरिंडा के नेतृत्व में अमृतसर ग्रामीण पुलिस की पुलिस टीमों ने नियमित जांच के लिए संदिग्ध फोर्ड फिएस्टा कार को रोका। उन्होंने बताया कि गहन तलाशी लेने पर एक काले रंग के बैग में हेरोइन के चार पैकेट बरामद हुए, जिनमें से प्रत्येक का वजन 7.5 किलोग्राम था। बैग को वाहन में छिपाकर रखा गया था। एसएसपी ने बताया कि इस तस्करी में शामिल स्रोत और वितरण नेटवर्क के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के लिए आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि और गिरफ्तारियां होने की संभावना है।

# ब्लैक डे पर एस बी विद्या मंदिर के बच्चो व स्टाफ ने पैदल यात्रा निकाल शहीदों को दी श्रद्धांजलि

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

औरैया। नगर में अग्रवाल सेवा समाज औरैया द्वारा संचालित एस बी विद्या मंदिर के छात्रों व स्टाफ द्वारा विद्यालय से शहीद पार्क तक पैदल यात्रा निकालकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मालूम हो कि आज के ही दिन फ़रवरी 2019क़ो जम्मू कश्मीर के पुलगांवा मै हुए आंतकी हमले क़ो देश कभी नही भूल सकता है 7 इस दिन हमारे देश के 40 जवानो नें अपनी शहादत दी थी 7आज के दिन क़ो ब्लैक डे के नाम से मनाया जाता है।आज विद्यालय से शहीद पार्क तक पैदल केंडिल मार्च निकाल कर, शहीद पार्क मै शहीदों क़ो श्रृंधाजली अर्पित की गई। इस दौरान प्रबंधक अमित मित्तल ,प्रधानाचार्य निधि सक्सेना विद्यालय की टीचर अंकिता, नेहा, आकांक्षा,कोमल, अंजली, प्रतीक्षा, नीलम, आकांक्षा, सरिता व स्कूल के प्रबन्धक अमित मित्तल,समाज के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल,सौरभ, वागीश, डॉ शिवम, शिवम,मनीष, नितिन, आलोक, अविरल अंकुर,नीलेश शुभम,हर्षवर्धन,, इच्छीत, अमित,आशीष आदि भी मौजूद रहे।

